RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 22
नई दिल्ली, रविवार, 26 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

सूर्यकुमार यादव पर हावी होना बेहद मुश्किल
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

मोदी ने तेजस से नापी नभ की ऊंचाइयां

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित फाइटर जेट में उड़ान भरने वाले देश के पहले सेवारत पीएम हैं

● कहा, तेजस पर सफलतापूर्वक उड़ान पूरी की, यह अनुभव अविश्वसनीय रूप से समृद्ध था, जिससे हमारे देश की स्वदेशी क्षमताओं में मेरा विश्वास काफी बढ़ गया और मुझे हमारी राष्ट्रीय क्षमता के बारे में गर्व और आशावाद की एक नई भावना मिली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/बेंगलुरु

बेंगलुरु में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एचएएल द्वारा निर्मित लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरते हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बेंगलुरु में हल्के लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी और कहा कि इससे भारत की स्वदेशी क्षमताओं में उनका विश्वास बढ़ा है। वह सार्वजनिक क्षेत्र के एयरोस्पेस समूह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित तेजस फाइटर जेट में उड़ान भरने वाले पहले सेवारत प्रधान मंत्री हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मोदी ने कहा कि तेजस पर सफलतापूर्वक उड़ान पूरी की। यह अनुभव अविश्वसनीय रूप से समृद्ध था, जिससे हमारे देश की स्वदेशी क्षमताओं में मेरा विश्वास काफी बढ़ गया और मुझे हमारी राष्ट्रीय क्षमता के बारे में गर्व और आशावाद की एक नई भावना मिली। आज तेजस में उड़ान भरते हुए मैं बेहद गर्व के साथ कह सकता हूं कि अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में हम दुनिया में किसी से कम नहीं हैं। भारतीय वायुसेना, डीआरडीओ और एचएएल के साथ-साथ सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई। अधिकारियों ने बताया कि मोदी शुक्रवार को बेंगलुरु पहुंचे और विनिर्माण सुविधाओं में चल रहे काम की समीक्षा के की।

प्रधानमंत्री रक्षा उत्पादों के स्वदेशी उत्पादन पर जोर दे रहे हैं और इस बात पर प्रकाश डाल रहे हैं कि कैसे उनकी सरकार ने भारत में उनके विनिर्माण और उनके निर्यात को बढ़ावा दिया है। कई देशों ने तेजस को खरीदने में रुचि दिखाई है, और अमेरिकी रक्षा दिग्गज जीई एयरोस्पेस ने प्रधानमंत्री की हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान एमके-द्वितीय-तेजस के लिए संयुक्त रूप से इंजन बनाने के लिए एचएएल के साथ एक समझौता किया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस साल अप्रैल में कहा था कि 2022-2023 में भारत का रक्षा निर्यात 15,920 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा था कि यह देश के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। तेजस का पहला संस्करण 2016 में आईएएफ में शामिल किया गया था। वर्तमान में आईएएफ के दो स्क्वाड्रन, 45 स्क्वाड्रन और 18 स्क्वाड्रन, एलसीए तेजस के साथ पूरी तरह से चालू हैं। एचएएल ने 2021 में भारतीय वायुसेना को 83 तेजस जेट की आपूर्ति के लिए 47,000 करोड़ रुपये का सौदा किया और आने वाले दिनों में 55,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 97 तेजस जेट के लिए मंजूरी मिलने की संभावना है।

एचएएल ने 2021 में भारतीय वायुसेना को 83 तेजस जेट की आपूर्ति के लिए 47,000 करोड़ रुपये का सौदा किया और आने वाले दिनों में 55,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 97 तेजस जेट के लिए मंजूरी मिलने की संभावना है। अक्टूबर में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा था कि भारतीय वायु सेना 84 सुखोई-30 एमकेआई जेट को 60,000 करोड़ रुपये की लागत से अपग्रेड करने के अलावा 97 तेजस मार्क-1ए विमानों के अतिरिक्त बैच की खरीद के लिए 1.15 लाख करोड़ के सौदे को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। अतिरिक्त 97 तेजस मार्क-1ए जेट के साथ, भारतीय वायुसेना द्वारा खरीदे जाने वाले स्वदेशी रूप से विकसित विमानों की कुल संख्या 180 हो जाएगी। रक्षा (शेष पेज 9)

टीएमसी सांसद महुआ की बढ़ी मुश्किलें

● सीबीआई ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ प्रारंभिक जांच दर्ज की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महुआ मित्रा की फाइल फोटो

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार निरोधक लोकपाल के निर्देश पर तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा के खिलाफ प्रारंभिक जांच दर्ज की है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद निशिकांत दुबे ने पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों को लेकर मोइत्रा के खिलाफ एक शिकायत के साथ लोकपाल का रुख किया था।

दुबे ने मोइत्रा पर मौद्रिक लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का भी आरोप लगाया है। लोकसभा की आचार समिति भी मोइत्रा पर लगे आरोपों की जांच कर रही है। सीबीआई ने एक प्रारंभिक जांच दर्ज की है जो यह पता लगाने की दिशा में पहला कदम है कि क्या आरोप पूर्ण स्तरीय जांच के योग्य हैं। प्रारंभिक जांच के दौरान यदि पर्याप्त प्रथम दृष्टया सामग्री मिलती है, तो सीबीआई इसे प्राथमिकी में बदल सकती है। दुबे ने मोइत्रा पर उपहार के बदले व्यवसाई दर्शन हीरानंदानी के इशारे पर अडाणी समूह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाने के लिए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। मोइत्रा ने कोई भी गलत काम करने से इनकार किया है और दावा किया है कि उन्हें निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि उन्होंने अडाणी समूह के सौदों पर सवाल उठाए थे।

मोइत्रा अपने खिलाफ लगे आरोपों पर मौखिक साक्ष्य दर्ज कराने के लिए 2 नवंबर को संसद के आचार समिति के सामने पेश हुईं थीं। हालाँकि बाद में वह बैठक से बाहर चली गईं और दावा किया कि चेयरपर्सन और भाजपा सांसद विनोद सोनकर ने उनसे 'अनैतिक' और व्यक्तिगत सवाल पूछे। सोनकर ने मोइत्रा पर उनके और पैनल के अन्य सदस्यों के खिलाफ असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। पांच विपक्षी सदस्य सोनकर पर मोइत्रा से अभद्र सवाल पूछने का आरोप लगाते हुए दो नवंबर को भी बैठक से बाहर चले गए थे। हाल ही में आईटी मंत्रालय की जांच के बाद सूत्रों ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस सांसद की संसद लॉगिन आईडी को न केवल दुबई से, बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका सहित दो अन्य स्थानों से एक्सेस किया गया था। मोइत्रा ने लोकसभा में पूछे जाने वाले प्रश्नों में रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी हीरानंदानी समूह के सीईओ हीरानंदानी के साथ अपने आधिकारिक लॉगिन विवरण साझा करने की बात स्वीकार की थी।

टीएमसी अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस मुद्दे पर मोइत्रा का समर्थन किया है और कहा है कि उन्हें (मोइत्रा) संसद से बाहर निकालने की योजना पर काम चल रहा है, लेकिन ऐसी किसी भी कार्रवाई से 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कृष्णानगर से विधायक को मदद मिलेगी। ममता के भतीजे और पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल नौकरियों घोटाले की जांच के संबंध में पूछताछ के लिए पहले ही ईडी के सामने पेश हो चुके हैं।

सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड: चार को उम्रकैद, पांचवें को तीन साल की सजा

● अदालत ने कहा- यह अपराध दुर्लभतम मामलों की श्रेणी में नहीं आता है, लिहाजा मौत की सजा का अनुरोध अस्वीकार किया जाता है

● अंग्रेजी समाचार चैनल में पत्रकार विश्वनाथन की 30 सितंबर, 2008 की देर रात दक्षिणी दिल्ली में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की 2008 में हुई हत्या के मामले में शनिवार को चार दोषियों को आजीवन कारावास, जबकि पांचवें दोषी को तीन साल जेल की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडेय ने सजा सुनाते हुए कहा कि यह अपराध दुर्लभतम मामलों की श्रेणी में नहीं आता है, इसलिए मौत की सजा का अनुरोध अस्वीकार किया जाता है।

अदालत ने मामले में दोषी करार दिए गए रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को आजीवन कारावास, जबकि पांचवें दोषी अजय सेठी को तीन साल साधारण कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने कपूर, शुक्ला, मलिक और कुमार पर 1.25-1.25 लाख रुपए का जबकि सेठी पर 7.25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने कहा कि सेठी पहले ही 14 साल से अधिक समय जेल में गुजार चुका है। इसने कहा कि दोषियों पर लगाई गई कुल जुर्माना राशि पीड़िता के परिवार को दी जाएगी। सुनवाई के दौरान पीड़िता की मां माधवी विश्वनाथन ने अदालत से कहा कि वह पिछले 15 साल से न्याय मिलने का इंतजार कर रही हैं। एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार चैनल में पत्रकार के रूप में कार्यरत विश्वनाथन की 30 सितंबर, 2008 की देर रात दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह कार्य स्थल से घर लौट रही थीं।

पुलिस ने दावा किया था कि हत्या का मकसद लूटपाट करना था। अदालत ने 18 अक्टूबर को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के प्रावधानों के तहत दोषी करार दिया था। अजय सेठी को आईपीसी की धारा 411 (चोरी की संपत्ति बेईमानी से प्राप्त करने) तथा संगठित अपराध को बढ़ावा देने, जानबूझकर मदद करने और संगठित अपराध की आय प्राप्त करने की साजिश रचने के लिए मकोका के (शेष पेज 9)

ईडी ने सुपरटेक जांच मामले में डीएलएफ के परिसरों को खंगाला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/गुरुग्राम

● धनशोधन मामले में दो दिन तक चली कार्रवाई के दौरान केंद्रीय एजेंसी ने कुछ दस्तावेज भी जब्त किए

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रियल एस्टेट फर्म सुपरटेक और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ धनशोधन मामले में जांच के तहत गुरुग्राम में प्रमुख रियल्टी कंपनी डीएलएफ के परिसरों की तलाशी ली है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय एजेंसी ने दो दिन तक हुई कार्रवाई के दौरान कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं। डीएलएफ ने बाद में शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के एक दल ने सुपरटेक के मामले में की जा रही जांच के संबंध में जानकारी मांगने के लिए हमारे परिसर का दौरा किया।

उसने बताया कि अधिकारियों ने उक्त जांच से संबंधित लेनदेन का विवरण मांगा और कंपनी ने उन्हें इस संबंध में सभी संबंधित दस्तावेज देकर पूरा सहयोग दिया। सूत्रों ने कहा कि यह कार्रवाई सुपरटेक के खिलाफ ईडी की जांच से जुड़ी है। ईडी ने इस मामले में सुपरटेक के प्रवर्तक राम किशोर (आर के) अरोड़ा को जून में गिरफ्तार किया था। फिलहाल वे न्यायिक हिरासत में हैं। तब यह आरोप लगाया गया था कि अरोड़ा समूह का मुख्य नियंत्रक व्यक्ति था जिसने निवेशकों और घर खरीदारों के करोड़ों रुपयों को विभिन्न मुखौटा कंपनियों में भेजने करने का फैसला किया था।

धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज किया गया मामला दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के पुलिस विभागों द्वारा सुपरटेक लिमिटेड और उसके समूह की कंपनियों के खिलाफ 670 घर खरीदारों से 164 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में दर्ज की गई 26 एफआईआर से जुड़ा है। ईडी ने कहा था कि सुपरटेक समूह के माध्यम से सैकड़ों करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई और वे ग्राहकों को समय पर फ्लैटों का कब्जा देने के लिए अपने सहमत दायित्वों का पालन करने में विफल रहे।

इसमें दावा किया गया है कि सुपरटेक समूह ने 2013-14 में गुरुग्राम में जमीन खरीदने के लिए ग्राहकों और घर खरीदारों से प्राप्त 440 करोड़ रुपए अत्यधिक ऊंची कीमतों पर निकाल लिए, जबकि नोएडा में उनकी पहले से वादा की गई परियोजनाएं पूरी नहीं हुईं। आरोप है कि इस नई अधिग्रहीत भूमि पर एक नई परियोजना शुरू की गई और सैकड़ों घर खरीदारों से अग्रिम राशि एकत्र की गई और बैंको/एनबीएफसी से ऋण लिया गया, जो एनपीए बन गया और बैंकों द्वारा इसे धोखाधड़ी घोषित कर दिया गया। सुपरटेक लिमिटेड की स्थापना 1988 में हुई थी। इसने अब तक लगभग 80,000 अपार्टमेंट मुख्य रूप से दिल्ली-एनसीआर में (शेष पेज 9)

राजस्थान में प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हुई

अजमेर में शनिवार को वोट डालने के लिए कतार में खड़ी महिला मतदाता।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/जयपुर

● 69 फीसदी मतदान, भाजपा-कांग्रेस ने किया जीत का दावा, हिंसा की छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा

राजस्थान में शनिवार को विधानसभा चुनाव में शाम पांच बजे तक 68 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। वैसे अधिकारियों का मानना है कि कुल मिलाकर यह आंकड़ा 69 प्रतिशत से अधिक रहेगा। राज्य में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच है। दोनों ही दलों के नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टी को जनादेश मिलने की उम्मीद जताई है। अधिकारियों के अनुसार, हिंसा की छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा।

साल 2018 के विधानसभा चुनाव में राज्य में कुल मतदान प्रतिशत लगभग 74.06 प्रतिशत रहा था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने यहां बताया कि पांच बजे तक 68.24 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला। उनका कहना था कि हालांकि अनेक जगह मतदाता मतदान केंद्रों पर कतारों में खड़े थे जिनके द्वारा वोट डाले जाने के बाद ही मत प्रतिशत का अंतिम आंकड़ा सामने आएगा। उन्होंने बताया कि शाम छह बजे तक 68.24 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला तथा अभी मतदान चल रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें अगर डाक मत पत्रों का प्रतिशत मिला लिया जाए तो मतदान प्रतिशत 69 प्रतिशत से अधिक हो जाता है। आयोग के अनुसार शाम पांच बजे तक सबसे अधिक मतदान जैसलमेर जिले में हुआ।

हनुमानगढ़ और धौलपुर जिले दूसरे नंबर पर रहे। गुप्ता ने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर झड़प की घटनाएं हुई हैं वहां पुनर्मतदान के बारे में फैसला पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के बाद लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कहीं भी मतदान प्रक्रिया रुकने की सूचना नहीं है। कुछ बूथों पर ईवीएम की खराबी पर उन्होंने कहा कि गड़बड़ी की संख्या राष्ट्रीय औसत से कम है। सत्तारूढ़ कांग्रेस एवं मुख्य विपक्षी दल भाजपा के नेताओं ने दिन में मीडिया से बातचीत में विश्वास जताया कि उनकी पार्टी को जनादेश मिलेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर में कहा कि कांग्रेस के खिलाफ कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं है और पार्टी राज्य में फिर से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि कोई अंडरकरंट है। ऐसा लगता है कि (कांग्रेस) सरकार दोबारा बनेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने झालावाड़ में पत्रकारों से बातचीत में गहलोत के अंडरकरंट वाले बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा, मैं उनसे सहमत हूं। वास्तव में एक अंडरकरंट है लेकिन यह भाजपा के पक्ष में है। तीन दिसंबर को कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) खिलेगा। जोधपुर में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा, भाजपा भारी बहुमत के साथ सत्ता में आ रही है। इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कई अन्य नेताओं ने राजस्थान के लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की। मतदान के दौरान राज्यपाल कलराज (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

कोचीन विवि में मची भगदड़ चार विद्यार्थियों की मौत

कोच्चि। केरल के कोच्चि में शनिवार रात एक विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव के दौरान मची भगदड़ में चार विद्यार्थियों की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यहां कोचीन विश्वविद्यालय परिसर के अंदर छात्र गायिका निकिता गांधी का संगीत कार्यक्रम देखने पहुंचे थे, जो अचानक बारिश के कारण बाधित हो गया और लोग आश्रय के लिए इधर-उधर भागने लगे। भारी बारिश के दौरान जब छात्र सुरक्षित हिस्से की ओर भाग रहे थे तब मची भगदड़ में कई छात्र घायल हो गए। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के अनुसार, दो छात्र और दो छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 60 से अधिक लोगों का क्लामसेरी मेडिकल कॉलेज अस्पताल और कुछ अन्य अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। जॉर्ज ने बताया कि चार और छात्रों की हालत गंभीर है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने मीडिया को बताया, कार्यक्रम में केवल टिकट धारकों को प्रवेश की अनुमति थी। हालांकि, संगीत कार्यक्रम के दौरान कई स्थानीय निवासी भी सभागार के बाहर थे। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि जब अचानक बारिश शुरू हुई तो सभी दर्शक मंच की ओर दौड़ पड़े, जहां छत वाली जगह थी।

रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों की संख्या

राजेश कुमार। नई दिल्ली

● कोविड महामारी के बाद सबसे ज्यादा, भारत का घरेलू हवाई यातायात पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 10.78 प्रतिशत बढ़ा

प्रतीकात्मक फोटो

भारतीय विमानन क्षेत्र के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हुए भारत के हवाई अड्डों पर आने वाले अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों (भारतीय और विदेशी दोनों) ने अंततः एक नई ऊंचाई हासिल की क्योंकि शुक्रवार को उनकी संख्या 1,06827 तक पहुंच गई, जो कि कोविड-19 महामारी के बाद उच्चतम स्तर है। यह ऐसे समय में आया है जब देश का घरेलू हवाई यात्री यातायात बृहस्पतिवार को 4,63,417 के नए शिखर पर पहुंच गया।

घरेलू हवाई यात्री यातायात ने कम से कम चार बार 23, 20, 19 और 20 नवंबर को नई ऊंचाई को छुआ है। व्यवसाय, पर्यटन, चिकित्सा और आतिथ्य, व्यक्तिगत जैसे यात्रियों का विवरण अभी तक सुनिश्चित नहीं किया गया है, हालांकि अधिकारियों का मानना है कि व्यवसाय और पर्यटन क्षेत्र में अब तक वृद्धि बढ़ सकती है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आंकड़ों से पता चलता है कि अक्टूबर 2023 में भारत का घरेलू हवाई यातायात पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 10.78 प्रतिशत बढ़ गया। घरेलू एयरलाइनों ने अक्टूबर में 126.36 लाख यात्रियों को ढोया, जबकि अक्टूबर 2022 में एयरलाइनों ने 114.07 लाख यात्रियों को ढोया था। एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि 24 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात 1,06,827 था और यह 'कोविड के बाद सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात' है।

उन्होंने कहा कि भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन! 4.63 लाख दैनिक घरेलू यात्रियों को ले जाने के मील के पत्थर तक पहुंचने के बाद सेक्टर ने 1 लाख से अधिक दैनिक अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को ले जाने की एक और उपलब्धि हासिल की है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कोविड के बाद भारत के घरेलू विमानन की कायापलट की कहानी न केवल जबरदस्त है, बल्कि प्रेरणादायक भी है। सकारात्मक रवैया, प्रगतिशील नीतियां और यात्रियों के बीच गहरा विश्वास इसे हर दिन, हर उड़ान के साथ नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 23 नवंबर को घरेलू यात्रियों की कुल संख्या 4,63,417 थी और उड़ान आंदोलनों की संख्या 5,998 थी। 22 नवंबर को 4,52,925 घरेलू यात्रियों ने यात्रा की और कुल उड़ान आवाजाही 5918 थी।

इसी तरह, 21 नवंबर को 3,88537 घरेलू यात्री थे और कुल उड़ान आवाजाही 5502 थी। 20 नवंबर को 4,59,526 थी। यात्रियों की संख्या और कुल उड़ान आवाजाही 5,958 थी। उभरते मध्यम वर्ग की उड़ान की लालसा से उत्साहित होकर, भारत का विमानन उद्योग आश्चर्यजनक रूप से बढ़ रहा है। महामारी के कारण उद्योग पर संकट आने से पहले भी अस्तित्व की लड़ाई तीव्र थी। पिछले 12 महीनों में चार नए हवाई अड्डे और चार नए टर्मिनल खोले गए हैं। वर्तमान में, भारत में 131 परिचालन हवाई अड्डे हैं, जिनमें 29 अंतरराष्ट्रीय, 92 घरेलू और 10 कस्टम हवाई अड्डे शामिल हैं। नौ (शेष पेज 9)

मुआवजा वितरण मामले में एसआईटी करेगी जांच

12 हजार किसानों को बांटे गए 15 अरब रुपए, टीम को 28 दिन में देनी है रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण में मुआवजा वितरण में हुए कथित फर्जीवाड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट के एक निर्देश से प्राधिकरण अधिकारियों में अफरातफरी मच गई। कोर्ट ने 15 साल के मुआवजा वितरण और जमीन अधिग्रहण की जांच करने को कहा है।

ये जांच प्रदेश सरकार की ओर से गठित स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम करेगी। उसे अपनी रिपोर्ट चार सप्ताह में कोर्ट में देनी है। दरअसल, कोर्ट ने अतिरिक्त मुआवजे को लेकर चल रहे मामले में शुक्रवार को सुनवाई की थी। ये जांच विस्तार से होती है तो इसमें प्राधिकरण के भू लेख, वित्त से लेकर आला अधिकारियों के फंसने की नौबत आ सकती है। जांच के लिए एसआईटी को मुआवजा और जमीन अधिग्रहण से जुड़े करीब 12 हजार से ज्यादा फाइलों की जांच करनी होगी। 2002 से अब तक किसानों से खरीदी और अधिग्रहीत जमीन के बदले दिया गया मुआवजा प्राधिकरण ने 30 मार्च 2002 से अब तक 32 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया। ये जमीन 10 हजार 73 किसानों की है। इसके एवज में प्राधिकरण ने किसानों को 11 अरब 78 करोड़ 63 लाख से ज्यादा का मुआवजा बांटा।

इसी तरह प्राधिकरण ने समझौते के आधार पर करीब 39 गांवों के 2480 किसानों से जमीन खरीदी गई इसके लिए 3 अरब 12 करोड़ 55 लाख से ज्यादा मुआवजा 64.7 की दर से वितरित किया। इन सभी किसानों की फाइलों की जांच की जाएगी। इन 15 सालों और 2002 तक बादौल बांगर के 169, बादौली खादर के 344, सुथियाना के 469, कोंडली बांगर के 353, छजारसी के 417, रोहिल्लापुर के 455, सुल्तानपुर के 230, याकूबपुर के 193, बेगमपुर के 344, छपरौली बांगर के 278, सदरपुर के 981, लखनावली के 58, बहलोलपुर के 300, चोटरपुर के 187, नगलीनगला के 41, सलारपुर के 322, हल्दोनी के 118, झट्टा के 103, शाहपुर गोवर्धन खादर के 371, बसी बहाउद्दीनगर के 241, वाजिपुर के 373, शाहपुर गोवर्धन बांगर के 290, गुलावली के 327, रायपुर के खादर के 130, छलैरा बांगर के 13, गेझा तिलपताबाद के 3, गढ़ी चौखंडी के 59, पर्थला खंजरपुर के 327, नलगढ़ा के 6, शहदरा के 795, सोरखा जाहिदाबाद के 1371, अगरपुर जागीर के 405 किसान शामिल है। जिनको फाइलों को एसआईटी खंगालेगी। इस घोटाले की नींव 2015 में रखी गई। 2015 व 2016 की अलग-अलग तारीखों में किसानों को अतिरिक्त मुआवजा दिया गया, जिसके वह हकदार नहीं थे।

इस मामले में एक याचिका पहले उच्च न्यायालय में दयार की गई। सुनवाई के दौरान दो अलग.अलग मामलों जिसमें 15 अक्टूबर 2020 और दूसरा 15 दिसंबर 2020 को आए आदेश में स्पष्ट कहा कि प्राधिकरण अधिकृत अधिकारियों ने साठगांठ व गलत उद्देश्य से किसानों को अतिरिक्त मुआवजा दिया है। जिसमें बड़ी अनियमितता बरती गई।

इन्हीं आदेश के बाद प्राधिकरण गेझा तिलपताबाद गांव के वर्ष 2015 मुआवजा की फाइलों को खंगालने का काम किया, जिसमें गेझा तिलपताबाद के 15 प्रकरणों में करीब 100 करोड़ 16 लाख 81 हजार 334 रुपए के घोटाले की बात सामने आई। जिन 15 प्रकरणों को सूचीबद्ध किया गया। उसमें पहले दो प्रकरण भुल्ल्ड़ व फुंदन जिनको क्रमशः पांच नवंबर 2015 को नौ करोड़ 17 लाख 12 हजार 426 रुपए और सात जनवरी 2016 को 7 करोड़ 26 लाख 80 हजार 427 अतिरिक्त प्रतिकर मुआवजा दिया गया।

15 बार बांटा गया किसानों को अतिरिक्त मुआवजा

5 नवंबर 2015	91,07,12,426
7 जनवरी 2016	7,26,80,427
3 नवंबर 2015	2,15,82,527
10 अगस्त 2015	4,16,39,607
10 अगस्त 2015	1,53,50,397
4 सितंबर 2015	2,38,99,744
9 सितंबर 2015	19,40,26,437
2 नवंबर 2015	33,42,825
9 अक्टूबर 2015	1,07,61,110
11 जनवरी 2016	1,99,66,711
7 जनवरी 2016	3,80,66,690
19 अक्टूबर 2016	96,41,365
10 अगस्त 2015	70,33,662
24 अप्रैल 2015	31,07,86,836
24 अप्रैल 2015	8,11,90,568

संक्षिप्त समाचार

सांसद महेश शर्मा ने मतदाता सूची में संशोधन तथा नए मतदाता पहचान पत्रों के बनाए जाने संबंधी विभिन्न कार्यों का बूथ अध्यक्ष शिवम मावी तथा पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के साथ निरीक्षण किया।

नोएडा में रविवार को मेगा हेल्थ कैंप

नोएडा। नोएडा डायबिटीक फोरम, नोएडा एंट्रप्रिन्योर्स एसोसिएशन और भारत विकास परिषद संयुक्त रूप से मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन करने जा रहा है। ये हेल्थ कैंप सेक्टर.12 के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया जाएगा। इस कैंप का आयोजन हर साल कराया जाता है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग अपना चैकअप कराते है। कैंप में रजिस्ट्रेशन सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन कराने वाले लोग डॉक्टर परामर्श के बाद यहां मौजूद जांच करवा सकेंगे। यहां शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर से आप निशुल्क परामर्श ले सकते है। इसके अलावा यहां ईसीजी, ब्लड शुगर, लंग टेस्ट, ईएनटी, आई अर्थो, डेंटल, न्यूरोपैथी, गायनाकोलॉजिस्ट और बोन डेंसटी की जांच की जाएगी। इसके अलावा सभी विभागों के परामर्श दाता यहां मौजूद रहेंगे। जरूरत पड़ने पर यहां मरीजों को दवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

कुसुम मर्डर केस में एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

गाजियाबाद। कविनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सैक्टर नौ चिरंजीव विहार में रहने वाली कुसुम नामक महिला के मर्डर के मामले में पुलिस ने जहां उसके दामाद को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया वहीं उसका साथी अभी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाया। इस संदर्भ में एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि पुलिस ने जिस हत्याभियुक्त को गिरफ्तार किया है उसका नाम प्रमोहन उर्फ टीटू निवासी रोकरी कंपिल फरूखाबाद है। उसने अपनी सास की हत्या इसलिये की क्यों कि उसे शक था कि उसका जीवन कुसुम की कारगुजारी की वजह से बर्बाद हुआ है।

भारतीय नमो संघ ने किया छात्रों को सम्मानित

गाजियाबाद। डॉ भीमराव अम्बेडकर स्कूल में संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय नमो संघ द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। व उसके उपरांत करीब सौ बच्चों को शील्ड प्रदानकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरपाल सिंह, हिमांशु पुनिया, नवनीत चौधरी, कार्यक्रम आयोजक संजय सिंह खुटैल, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल आदि मौजूद रहे।

कवि कुंवर बेचैन की स्मृति में आज होगा कवि सम्मेलन

गाजियाबाद। महाकवि डाक्टर कुंवर बेचैन फाउंडेशन की तरफ से रविवार 26 नवंबर को दोपहर 2:30 बजे से हिंदी भवन, लोहिया नगर में कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। ये जानकारी देते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष शरद रायजादा ने बताया कि कवि सम्मेलन में शिव ओम अंबर, प्रवीण शुक्ल, बलराम श्रीवास्तव, अर्जुन सिसोदिया, गोविंद गुलशन, राज कौशिक, अंजू जैन, वंदना कुंअर रायजादा, अल्पना सुहासिनी और दुर्गेश अवस्थी काव्यपाठ करेंगे। सुप्रसिद्ध अभिनेता फिल्म अखिलेंद्र मिश्रा मुख्य अतिथि और सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। डॉ. बेचैन और उनकी पत्नी स्व संतोष की पुस्तकों का विमोचन भी समारोह में होगा।

युवक की मौत परिजनों ने किया हंगामा

नोएडा। अपर पुलिस उपायुक्त जोन तृतीय अशोक कुमार सिंह ने बताया कि थाना जेवर क्षेत्र के चिरौली गांव में रहने वाले साहिब सिंह के साथ उनके गांव के राकेश, संजीव, कुलदीप, प्रिंस, राहुल, कपिल, आदि ने मारपीट कर हत्या का प्रयास किया था। यह घटना 25 जून वर्ष 2023 की है। उन्होंने बताया कि उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उपचार के बाद ठीक होने पर उन्हें घर भेज दिया गया लेकिन 24 नवंबर को उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई, तथा उन्हें उपचार के लिए जिम्स अस्पताल में दोबारा से भर्ती करवाया गया, जहां पर उनका निधन हो गया।

दारोगा और कांस्टेबल पर रिश्वत लेने का आरोप, जांच के आदेश

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा में ट्रैफिक पुलिस में तैनात एक दारोगा और कांस्टेबल के कथित तौर पर रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद इस मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

वीडियो में दिख रहा है कि सड़क पर जूस का ठेला लगाने वाले युवक को पुलिसकर्मियों ने खजांची बनाया है और ट्रैफिक पुलिस कर्मी ठेले वाले के पास पैसा जमा करवाते हैं।

वीडियो में यह भी दिख रहा है कि एक युवक ने जूस वाले को 500 रुपए पेटीएम के माध्यम से दिए। पुलिस उपायुक्त (यातायात) अनिल कुमार यादव ने बताया कि इस मामले की जांच सहायक पुलिस आयुक्त यातायात-दो को सौंपी गई है और रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मामले की जांच शु कर दी है। ज्ञात हो इस तरह की शिकायत को लेकर पुलिस आयुक्त काफी सख्त है।

सोसाइटी में टहल रही महिला डॉक्टर के चेहरे पर कुत्ते ने काटा, मालिक पर एफआईआर दर्ज

● आरोपी ने अपने कुत्ते पर नहीं लगाया था मास्क

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-46 की एक महिला चिकित्सक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उसी की सोसाइटी में रहने वाले एक व्यक्ति के कुत्ते ने उसे काट लिया है।

थाना सेक्टर -39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर 46 की सोसाइटी में रहने वाली डॉक्टर अन्विता विनीत ने बीती रात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 20 नवंबर को वह अपनी सोसाइटी में पैदल जा रही थी, उसी सोसाइटी में रहने वाले ऋषभ चौधरी अपने कुत्ते को लेकर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि शिकायत के अनुसार चौधरी के कुत्ते ने महिला के ऊपर हमला कर दिया और उसके मुंह पर काट लिया। उन्होंने बताया कि पीड़िता के अनुसार इस घटना में उन्हें गंभीर जख्म हुआ और उसे अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता के अनुसार आरोपी ने अपने कुत्ते के मुंह पर मास्क नहीं लगाया था और नियमों का उल्लंघन किया है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खड़ी गाड़ी में आग लगने से दो इंजीनियर की जलकर मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतम बुद्ध नगर जिले के नोएडा में शनिवार सुबह एक खड़ी गाड़ी में आग लगने से उसमें सवार दो इंजीनियर की जलकर मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि घटना सुबह करीब छह बजकर 11 मिनट पर सेक्टर-119 स्थित आम्रपाली प्लैटिनम सोसाइटी के पास की है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान सोसाइटी के विजय चौधरी (27) और सेक्टर-53 निवासी अनस (27) के रूप में हुई है। दोनों पेशे से इंजीनियर हैं। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखने से पता चला कि एक सफेद रंग की स्विफ्ट गाड़ी सुबह छह आठ मिनट पर सोसाइटी के बाहर आकर रुकी और तीन मिनट बाद अचानक उसमें लग गई है। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर स्थानीय पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि गाड़ी की तलाशी के दौरान उसमें दो पुरुषों के शव मिले। मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया और विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि कार कहां से आई और मृतक कहां से लौटे थे, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।

शासकीय पत्र वायरल होने पर आपूर्ति कर्मी की सेवा समाप्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

लगातार दूसरे दिन नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने बड़ा एक्शन लेते हुए एक आपूर्ति कर्मी की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।

आपूर्ति कर्मी मुकुल तिवारी पर आरोप है उन्होंने शासकीय पत्र सोशल मीडिया में लीक किया। जिसे अधिकतर समाचार पत्र और सोशल मीडिया प्लेटफार्म प्रसारित किया गया। ये गोपनीय पत्र 20 नवंबर को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ था। उपरोक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उक्त शासकीय पत्र किन परिस्थितियों में किस स्तर से सोशल मीडिया पर लीक हुआ के संबंध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा तीन दिन के अन्दर आख्या प्रस्तुत करने के लिए कहा था। विशेष कार्याधिकारी देवेंद्र प्रताप और उप महाप्रबनधक सिविल ने मामले की जांच की। इसके बाद रिपोर्ट सौंपी गई। आख्या के आधार पर प्रथम दृष्ट्या यह पाया गया कि उप महाप्रबनधक, सिविल कार्यालय में तैनात आपूर्ति कर्मी मुकुल तिवारी द्वारा उक्त शासकीय पत्र सोशल मीडिया पर लीक किया गया। सीईओ ने स्पष्ट कहा कि पत्र को वायरल करके कार्यालय की गोपनीयता को भंग किया गया। ये अत्यन्त आपत्तिजनक है।

ट्रैफिक पुलिस द्वारा प्रचार वाहन पर लगी एलईडी के माध्यम से यातायात नियमों, संकेतों के प्रति जागरूक किया गया।

थाने में बनाई रील, हवालात में हुए बंद

गाजियाबाद। गाजियाबाद में युवा शोहरत पाने के लिए और अपनी स्टोरी और रील पर अधिक लाइक पाने के लिए कानून से खिलवाड़ करने में भी नहीं चूक रहे हैं। नया मामला गाजियाबाद के थाना नंदग्राम इलाके का है। जहां दो युवक थाने के अंदर वीडियो शूट करते हैं। उसके बाद उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करते हैं। अपना भोकाल जमाए रखने के लिए वॉइस ओवर में कोतवाली और कचहरी का नाम लेते हैं। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। गाजियाबाद के थाना नंदग्राम के अंदर शूट हुआ एक वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहा है। इसमें दो युवक थाना नंदग्राम में ऐसे घूम रहे हैं जैसे वह उनके घर का आंगन हो। इतना ही नहीं वीडियो के पीछे जो गाना लगाया है उसमें शब्द है कि कोतवाली से इनका पुराना रिश्ता है और कचहरी इनका ठिकाना है। वीडियो सोशल मीडिया पर पेस्ट होते ही विवादों में आ गया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह के मुताबिक वीडियो बनाने वाले दोनों युवक शोएब और आदिल सैफी हैं।

पुलिस मुठभेड़ में चार बदमाशों के पैर में लगी गोली, घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सीमेंट से लोडेड हुआ ट्रैक्टर-ट्राली लूटने वाले बदमाशों से दादरी थाना पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान चार बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटा हुआ सीमेंट, एक गाड़ी, तमंचा कारतूस अन्य सामान बरामद किया है।

बदमाशों ने ड्राइवर को धोखा देकर ट्रैक्टर-ट्राली लूट ली थी। ट्रैक्टर में 320 बोरियां सीमेंट लोड थी। बदमाश सीमेंट के बिल व ट्रैक्टर ट्रॉली छीनकर भाग गये थे। इस मुठभेड़ में चार बदमाशों विजय, विष्णु, पिन्टू और विनोद के पैर में गोली लगी है। एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि यह लोग बड़े ही शातिर किस्म के लुटेरे है।

इनके द्वारा जीटी रोड से निकलने वाले सीमेन्ट से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली के ड्राइवर को चकमा देकर लूटपाट की गई। सम्पूर्ण प्रकरण में मास्टर माइंड विजय है, जिसके द्वारा इस पूरी घटना की योजना बनाकर अपने साथियों को घटना में शामिल कर उस घटना को अंजाम दिया गया था। मास्टर माइंड विजय कुमार का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। घटना में प्रयुक्त होन्डा सिटी कार भी विजय कुमार की है।

नशेड़ी युवक ने पत्नी को कैंची घोपी, मौत

● घर में शराब लाने पर हुआ था विवाद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्र के प्रेम नगर में एक पति ने पत्नी की कैंची घोप कर हत्या कर दी। जिस समय हत्या की गई उस समय बच्चे भी घर पर मौजूद थे।

आरोपी पति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। परिजनों के मुताबिक महिला और बच्चे घर चलते थे। आरोपी नशा करता था, जिसको लेकर घर में विवाद होता था। एसीपी लोनी सिद्धार्थ ने बताया कि थाना लोनी पुलिस को शुक्रवार रात को सूचना मिली की प्रेम नगर के रहने वाले शाहिद हुसैन ने अपनी पत्नी नूर बानो 46 की गर्दन में कैंची घोप दी है। सूचना पर नूर बानो को दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शाहिद हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शाहिद हुसैन के छोटे बेटे असलान ने बताया कि हत्या के वक्त वह मौके पर मौजूद था। उसके पिता शराब के नशे में आए थे। जिसको लेकर हमेशा घर में विवाद होता था। असलान के मुताबिक जब उसकी मां ने शाहिद के शराब पीने पर आपत्ति जाहिर की तो शाहिद कैंची लेकर उसकी तरफ बढ़ा। यह देखकर असलान ने उन्हें रोकना चाहा तो शाहिद ने असलान को धक्का देकर दिया और नूर बानो की गर्दन में कैंची घोप कर सीढ़ियों पर धक्का दे दिया।

वहीं आरोपी शाहिद के बड़े बेटे शाहनवाज ने बताया कि उसके पिता कोई काम नहीं करते थे। उसकी मां नूर बानो सब्जी बेचती थी। शाहनवाज के मुताबिक जब भी उसके पिता ने नशा करके आते थे तो घर में शराब को लेकर विवाद होता था।

ब्वॉयफ्रेंड से मिलने के बाद मेडिकल छात्रा 23वीं मंजिल से कूदी, मौत

गाजियाबाद। एटीएस एडवांटेज सोसाइटी के 23वें फ्लोर से कूदकर मेडिकल की स्टूडेंट ने खुदकुशी कर ली। उसकी लाश ग्राउंड फ्लोर में एक बिजनेसमैन के फाउंटेन में पड़ी थी।

सोसाइटी 11वें टॉवर में ग्राउंड फ्लोर पर बिजनेसमैन अमित जैन का फ्लैट है। शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे इसी फाउंटेन में युवती का शव पड़ा मिला। शिनाख्त आस्था शर्मा पुत्री अजय शर्मा के रूप में हुई, जो मूलरूप से दिल्ली के मंडी इलाके की रहने वाली है। वह गाजियाबाद में एक प्राइवेट मेडिकल संस्थान में पढ़ती थी। सोसाइटी में युवती का मित्र रहता है, इसलिए उसका यहां आना-जाना था। घटना के बारे में सोसाइटी में जानकारी की गई, तो पता चला कि युवती ऊपर से कूद गई थी। युवती के परिजनों से बात करने पर पता चला कि वह डिप्रेशन में रहती थी।

समाधान दिवसः सीईओ ने सुनी जनसमस्या

● एक्सप्रेस पर एफओबी बनाए जाने की मांग को लेकर सर्वे करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-135 बारात घर में आयोजित समाधान दिवस पर सीईओ एम लोकेश।

नोएडा के सेक्टर और ग्रामीणों की समस्याओं के निपटारे के लिए शनिवार को प्राधिकरण ने पंचम समाधान दिवस का आयोजन सेक्टर-135 बारात घर में किया।

समाधान दिवस में सर्किल-9 और 10 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न शिकायतों को सुना गया। इस दौरान नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, नियोजन जल, विद्युत यांत्रिकी और सर्किल अधिकारी मौजूद रहे। समाधान दिवस कार्यक्रम में सेक्टर-128, 129, 130, 131, 132, 134, 135, 168, 145 और सेक्टर-151 के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याओं से सीईओ को अवगत कराया। इस दौरान ने एक्सप्रेस पर एफओबी बनाए जाने की मांग की। सीईओ ने इसका सर्वे करने का निर्देश दिया गया। कुछ सेक्टरों में बच्चों के खेलने के लिए मैदान, झूले लगाने और बुजुर्ग व्यक्तियों के बेंच व टिन शेड लगाने की मांग की गई। इसमें अधिकारियों ने कहा कि संबंधित आरडब्ल्यूए के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाए।

सेक्टर-129 पुलिस चौकी के लिए 2 कमरे बनवाने की मांग की गई। इसके लिए संबंधित सर्किल अधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अलावा सेक्टर में सीवर ओवर फ्लो, सेक्टरों में सुगम परिवहन व्यवस्था सेक्टरों में आवारा कुत्ते घूमने, बंदरों को पकड़ने से संबंधित शिकायत की गई। जिसे पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इसके अलावा श्मशान घाट पर व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था कराने, एक्सप्रेस वे पर साइन बोर्ड, सेक्टरों में खाली भूखंड का सर्वे कराकर आवश्यकता अनुसार उन भूखंड पर मदर डेयरी, मेडिकल शॉप आदि खुलवाने के लिए कहा गया।

सेक्टर-126 और सेक्टर-151 तक के बीच में बच्चों के लिए खेल के मैदान जिसमें क्रिकेट, फुटबाल, बालीवॉल आदि खेलने की जगह उपलब्ध कराने के लिए कहा गया, जिन ग्राम वासियों और सेक्टर के बीच चार दीवार बनाने का काम रुका हुआ है, वहां दोनों से बातचीत करके चारदीवारी का काम पूरा करने के लिए कहा गया।

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given that **Sahil Randev & Savar Randev** claims to be owner and in possession of Prop. No. **169, Block B, in Sushant Lok Phase-III,Gurugram, Haryana** (hereinafter called the said property) by virtue of Award passed in Suit for Declaration Doc No. 13007 R/w Transfer Deed Dated 03.08.2021 Doc. No. 5314 & Conveyance Deed Dated 20.09.2004 Doc No. 13121. As per Current Owners Original Conveyance Deed in respect of the said property is misplaced and FIR is Lodged on 20.07.2022 in respect of loss of document and Said that **Sahil Randev and Savar Randev** has agreed to sell the said Property to Harpreet Singh Sabarwal And Said Harpreet Singh Sabarwal has agreed to create a mortgage in favour of our clients **Axis Bank Ltd., Janak Puri Branch**, any person/s in possession of lost document or having claim against the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby intimated to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **10 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

Vishal Diwan (Advocate)
For Diwan and Company LLP
H. No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi-19
Mobile No. 9818399999

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) TATAMOTORS LPT1109FBP REG. NO.HR38AC7927-YOM- 2021
2) TATAMOTORS T_INTRAV20 REG. NO.DL1LAJ9191-YOM -2023
3) TATAMOTORS T_LPT1109 REG. NO. UP16JT9530-YOM -2022
4) MAH MMJEETO REG. NO. UP14KT0718-YOM -2021
5) MAH BOLCAMPER REG. NO.DL1LAD5220-YOM -2019
6) ASHOK_LEY ALGC2620 REG. NO.HR55AN8768-YOM- 2022
7) TATAMOTORS TATA1512 REG. NO.HR61E5196-YOM- 2022
8) TATAMOTORS LPT1412 REG. NO. DL1GC8963-YOM- 2021

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7,
SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL-raman.ahuja@kotak.com

Public Notice

This is to inform the general public that **Mr. Surjeet Singh** is the GPA Holder of Upper Ground floor, LHS, Plot no. 243, area measuring 200 sq. yds., in block no. N, out of Khasra no. 34/6/1, situated in the area of village Nilothi, Delhi abadi known as Uday Vihar, Part-III, Nilothi extn. New Delhi-110041.He acquired the above Floor through GPA, ATS, Will Deed dated 09.04.2008, executed by Mrs. Indu Pal Kaur.**Mr. Surjeet Singh** is now selling the above said Floor to **Mr. S Charandeep Singh** and further **Mr. S Charandeep Singh** is currently in the process of mortgaging the aforementioned Floor with **SMFG India Home Finance Co, Our Client**. Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 07 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 07-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client. If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 07-day period by contacting **Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s):+910120-3101683 / 4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in**

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Atiqur Rehman S/o Jamilu Rehman R/o 35/309, Trilok Puri Delhi-110091 I have corrected my father name from Jamilur Rehman to Jamilu Rehman for all future purposes.

PD(204)C

Lost & Found

I, Mr. Himanshu Tyagi S/o Late Karamveer Tyagi R/o A-404, Rajpur Road, GRD College, Dhak Patti, Dehradun, Uttarakhand inform that my mother Mrs. Madhu Tyagi is the owner of FLAT No. C-340, EASTEND APARTMENTS, MAYUR VIHAR PHASE -I, EXTENSION, DELHI-110096. Original documents such as Original Allotment Letter and Share Certificate issued by Eastend Apartments CGHS Ltd. in respect of the above said flat has been lost/stolen on 21.11.2023 and not traceable by my best efforts. I have already lodged a Lost Report, Vide LR No. Phase - I, 1156200/2023 Dated 21.11.2023 for the loss of above said original documents of the flat.

Himanshu Tyagi

PUBLIC NOTICE

This is to inform to the General public at large that my customer THE STATE BANK OF INDIA, SBI RACPC SEC-55, has granted a loan to DR VIRENDRA SINGH SAHLOTRA S/o SH. GURDEV SINGH SAHLOTRA for purchase of a FLAT NO. A-32, BLOCK-A, ROOPVILLA COOPERATIVE GROUP HOUSING SOCIETY LTD, PLOT NO. 2, SECTOR- 19 B. PHASE -II, DWARKA, NEW DELHI ON 10.07.2008

That the following Original documents of the aforesaid property have been misplaced-1. SHARE CERTIFICATE of 125 shares, membership No. 278, favouring DrVirendra Singh Sahlotra dated 16.04.200 issued by ROOPVILLA COOPERATIVE GROUP HOUSING SOCIETY LTD, PLOT NO. 2, SECTOR-19 B, PHASE-II, DWARKA, NEW DELHI. (SOCIETY) 2.CERTIFICATE OF OCCUPANCY favouring Dr Virendra Singh Sahlotra dated 07.04.2013 issued by the soxiety 3. PHYSICAL POSSESSION LETTER favouring Dr.Virendra Singh Sahlotra dated 07.04.2013, issued by the society. 4.CERTIFICATE OF ALLOTMENT NO. 75/278/A-32 dated 17.03.2013, favouring Dr. Virendra Singh Sahlotra, issued by the society

If anybody/person/entity misuses the aforesaid property documents, my client will hold the first exclusive right. The said property will not be accepted against the mortgage (except my client's claim) in any such cases. And no claim shall be accepted on the basis of the aforesaid documents **Navneet Tripathi, Advocate**
Office At-sc-53, Jaipuriya Sunrise Plaza, Indirapuram, Ghaziabad, UP, Mob: 9689066717

उपराज्यपाल ने सिख विरोधी दंगों के मामले में अपील को दी मंजूरी

● हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कर सकेंगे विशेष अनुमति याचिका दायर

● उपराज्यपाल ने देरी के लिए दिल्ली सरकार के अभियोजन विभाग की आलोचना की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में छह आरोपियों को बरी करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के 10 जुलाई के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर करने को अपनी मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उपराज्यपाल कार्यालय के अधिकारियों ने कहा कि सक्सेना ने मामले में कथित संवेदनहीन देरी के लिए दिल्ली सरकार के अभियोजन विभाग की आलोचना की। उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल ने गृह विभाग को देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान करने और उनकी जवाबदेही तय करने का निर्देश दिया और सात दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी।

यह मामला उत्तर पश्चिमी दिल्ली के सरस्वती विहार थाना (अब सुभाष प्लेस) क्षेत्र में सिख विरोधी दंगों के दौरान लूटपाट और दंगे से संबंधित है, जिसमें छह आरोपी- हरिलाल, मंगल, धर्मपाल, आज़ाद, ओमप्रकाश और अब्दुल हबीब शामिल थे। अधिकारियों ने कहा, उपराज्यपाल ने उच्च न्यायालय के 10 जुलाई 2023 के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत में विशेष अनुमति याचिका दायर करने के गृह विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत द्वारा सभी आरोपियों को बरी करने के खिलाफ सरकार की अपील खारिज कर दी थी।

अधिकारियों के मुताबिक, उच्च न्यायालय ने कहा था कि निचली अदालत के 28 मार्च 1995 फैसले के खिलाफ अपील दायर करने में 28 साल की अत्यधिक देरी के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं था और राज्य सरकार की ओर से बताए गए आधार उचित नहीं थे।

सक्सेना ने इससे पहले नांगलोई थाने में दर्ज सिख विरोधी दंगों से जुड़े अन्य मामले में 12 लोगों को बरी करने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर करने को मंजूरी दे दी थी। अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल ने मौजूदा मामले के घटनाक्रम को देखने के बाद रेखांकित किया कि दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील दायर करने के लिए मंजूरी दिसंबर 2020 में दी गई थी, लेकिन इसे दो साल से ज्यादा वक्त की देरी के बाद 2023 में दायर किया गया।

अधिकारियों के मुताबिक, सक्सेना ने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है कि मानवता के खिलाफ अपराध के ऐसे मामलों से बहुत ही लापरवाही और साधारण तरीके से निपटा जाता है जिससे अपील दायर करने में अत्यधिक देरी होती है।

उपराज्यपाल ने कहा कि ऐसे मामलों में अत्यधिक देरी को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और आरोपी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

अधिकारियों ने कहा कि 11 जनवरी 2018 को अपने आदेश में उच्चतम न्यायालय ने 1984 के दंगों से संबंधित 186 मामलों के संबंध में आगे की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया और मौजूदा मुकदमा इन मामलों का एक हिस्सा था।

नौ फरवरी 2018 को एक अधिसूचना के माध्यम से दंगों से संबंधित मामलों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था जिसमें न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एसएन ढींगरा और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी अभिषेक शामिल थे। एसआईटी ने 15 अप्रैल 2019 को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि वर्तमान मामले में अभियोजन पक्ष को फैसले के तुरंत बाद अपील दायर करनी चाहिए थी। अधिकारियों ने कहा कि एसआईटी ने यह भी सिफारिश की थी कि देरी के लिए माफी के आवेदन के साथ अपील दायर की जा सकती है।

फैसले पर मां ने कहा, संतुष्ट हूं, लेकिन खुश नहीं

सौम्या हत्याकांड

● कहा- चाहती हूं कि मैंने जो कष्ट सहे, हत्यारें जीवन भर सहें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

समाचार चैनल की पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की 15 साल पहले गोली मारकर हुई हत्या के मामले में फैसला आने के बाद उनकी मां माधवी विश्वनाथन ने शनिवार को कहा कि वह अदालत के निर्णय से संतुष्ट हैं, लेकिन खुश नहीं हैं। दिल्ली की एक अदालत ने सौम्या की 2008 में हुई हत्या के मामले में शनिवार को चार दोषियों को आजीवन कारावास, जबकि पांचवें दोषी को तीन साल जेल की सजा सुनाई।

माधवी ने कहा, मैं यही चाहती थी। मैं जो कष्ट सह रही हूं, मैं चाहती हूं कि वे जीवन भर कष्ट सहें। मैं (फैसले से) संतुष्ट हूं, लेकिन मैं यह नहीं कहूंगी कि मैं खुश हूं। मेरे पति आईसीयू में हैं। उनकी बाईपास सर्जरी हुई है।

अदालत की कार्यवाही के दौरान, न्यायाधीश ने पीड़िता की मां से पूछा कि क्या आप कुछ कहना चाहती हैं, जिस पर माधवी ने कहा, न्याय होना चाहिए। अदालत ने मामले में दोषी करार दिए गए रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को आजीवन कारावास, जबकि पांचवें दोषी अजय सेठी को तीन साल साधारण कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने कपूर, शुक्ला, मलिक और कुमार, प्रत्येक पर सवा लाख रुपये का जबकि सेठी पर 7.25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार

घटनाक्रम

- *30 सितंबर, 2008* — *घर लौटते समय विश्वनाथन की गोली मारकर हत्या।*
- *28 मार्च, 2009* — *रवि, अमित, बलजीत, अजय और अजय गिरफ्तार*
- *22 जून 2009* — *पांचों आरोपियों के खिलाफ पहला आरोपपत्र दाखिल किया गया।*
- *6 फरवरी, 2010* — *आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए।*
- *9 मई, 2011* — *आरोपियों के खिलाफ मकोका के तहत आरोप तय किए गए।*
- *23 अप्रैल, 2010* — *अभियोजन पक्ष ने सबूत प्रस्तुत करना शुरू किया।*
- *6 फरवरी, 2019* — *त्वरित सुनवाई के लिए मुख्यमंत्री से संपर्क किया।*
- *मार्च 2022* — *अभियोजन पक्ष ने साक्ष्य प्रस्तुत करना पूरा किया।*
- *13 अक्टूबर, 2023* — *अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखा।*
- *24 नवंबर, 2023* — *अदालत ने सजा सुनाने पर अपना आदेश सुरक्षित रखा।*
- *25 नवंबर, 2023* — *चार को उम्र कैद और सेठी को तीन साल जेल की सजा*

चैनल में पत्रकार विश्वनाथन की 30 सितंबर, 2008 की देर रात दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गइ थी, जब वह कार्य स्थल से घर लौट रही थीं। पुलिस ने दावा किया था कि इस अपराध का मकसद लूटपाट करना था।

मामूली सुधार के बाद भी हवा बेहद खराब

● सोमवार को कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी होने की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में हवा के रुख में बदलाव से प्रदूषण स्तर में मामूली सुधार के बाद भी आबोहवा बेहद खराब श्रेणी रही। दिल्ली का प्रदूषण सूचकांक शनिवार को 389 दर्ज किया गया जो शुक्रवार के मुकाबले 26 अंक कम है। वर्तमान में दिल्ली में प्रदूषण के लिए स्थानीय कारक सर्वाधिक जिम्मेदार हैं। वहीं सोमवार को कुछ स्थानों पर बहुत हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में हवा चार किमी प्रति घंटे की गति पूर्वोत्तर-पूर्व दिशाओं से चली। सुबह के समय हल्के बादल छाए रहे व धुएं के कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ गया। वहीं दिन में हल्की धूप व हवा के रुख में आए बदलाव के कारण प्रदूषक तत्वों से थोड़ी राहत मिली जिस कारण शुक्रवार के मुकाबले प्रदूषण स्तर में मामूली सुधार हुआ। इसके बावजूद शनिवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रही। रविवार से वायु गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद है। हालांकि 28 नवंबर तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में ही रह सकता है। अगले छह दिनों की बात करें तो सुधार की कोई खास उम्मीद नहीं है और वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रहने की आशंका है।

संस्थान के मुताबिक रविवार को हवा की दिशाओं में बदलाव होगा। सुबह के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है। सोमवार को कुछ स्थानों पर बहुत हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है। बारिश के बाद प्रदूषण स्तर में सुधार की उम्मीद है। शनिवार को अनुमानित अधिकतम मिक्सिंग हाइट 1150 मीटर रही। दिल्ली-एनसीआर में शनिवार को फरीदाबाद सबसे ज्यादा प्रदूषित रहा।

एनडीएमसी ने तैनात की एंटी-स्मॉग गन

नई दिल्ली। नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने शनिवार को कहा कि उसने लुटियंस दिल्ली में अपने प्रदूषण रोधी प्रयासों के तहत सबसे बड़ी टैंक क्षमता वाली एंटी-स्मॉग गन की मदद ली है। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए नई एंटी-स्मॉग गन को 17,000 लीटर की क्षमता वाले पानी के टैंक के साथ सीएनजी ट्रक पर लगाया गया है।

अस्पताल हादसा: परिजनों ने शव सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन

● पुलिस और अस्पताल प्रशासन पर लगाया मिलीभगत का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रनहौला स्थित कमांडर अस्पताल में करंट लगने से मौत मामले में परिवार वालों ने शवों को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। परिवार ने पुलिस पर अस्पताल वालों से मिलीभगत का आरोप लगाकर मामले में समझौता करने का आरोप लगाया। परिवार की मांग है कि उनको मुआवजा और रमन के छोटे भाई को सरकारी नौकरी दी जाए।

मृतक कंवरपाल की पत्नी राजकुमारी ने बताया कि 24 घंटे बाद भी उनको नहीं पता कि उनके पति और बेटे की करंट से मौत हुई है या फिर डूबने से या फिर उनको साजिश के तहत मार डाला है। कोई कुछ बताने को राजी रही हैं। हम गरीब इंसान इंसाफ के लिये कहां पर जाए। इंसाफ करने वाले ही अस्पताल अधिकारियों से ही बातचीत कर रहे हैं। घर के कमाने वाले चले गए। अब तो कटोरा लेकर भीख ही मांगनी पड़ेगी। कंवरपाल की बेटी अर्चना ने बताया कि शाम को मां ने फोन कर हादसे की जानकारी दी थी। जब आए तो पता चला कि दोनों खत्म हो गए हैं। सुबह तो मैने बात भी की थी। उस वक्त नाश्ता कर रहे थे। वह पिता से शाम को जरूर फोन पर हाल चाल पूछती थी। जब शाम को फोन आया। उसको लगा कि पापा बात करेगें। लेकिन मां ने हादसे की जानकारी दी। जिसके बाद वह अस्पताल आई। सुबह मां को उत्तम नगर बाइक से छोडक़र पापा और भाई अस्पताल काम करने चले गए थे। पिता करीब चार साल से अस्पताल में काम कर रहे थे। लेकिन अस्पताल मालिक पूरे पैसे नहीं दिया करता था। मालिक से कितने रुपये लेने हैं उसको नहीं पता, ये सब पिता को ही पता था। लेकिन कई हजार रुपये लेने थे।

मेले में आयुर्वेदिक सौंदर्य उत्पाद लोकप्रिय

● धुंध भरी जहरीली हवा के दुष्प्रभावों को घटाने वाला चारकोल फेसवॉश की मांग

शनिवार को व्यापार मेले में उमड़ी दर्शकों की भीड़।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आयुर्वेदिक सूत्रों पर आधारित सौंदर्य प्रसाधन भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आगंतुकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, जिससे स्वदेशी वैकल्पिक प्रकृति-आधारित उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है।

प्रगति मैदान में प्रदर्शनी हॉल संख्या 12 में सौंदर्य उत्पादों की नई किस्म को प्रदर्शित करने के लिए एक विशेष आयोजन किया गया। यह किस्म प्राकृतिक उपचारक के रूप में भी काम करती है। प्रदर्शनी में आने वालों के बीच चारकोल वाले फेसवॉश की काफी अधिक मांग है। यह दिल्ली की धुंध भरी जहरीली हवा के दुष्प्रभावों के खिलाफ प्रभावी है। पपीता से बने फेसवॉश, मुल्तानी मिट्टी, कड़िया, औषधीय पौधों से बने साबुन और आयुर्वेदिक सामग्री से बने टूथपेस्ट खरीदारों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। एआईएमआईएल अयूथवेदा ने व्यक्तिगत देखभाल के ऐसे उत्पादों की बड़ी श्रृंखला पेश की है, जो पैराबेंस, सिलिकोन, सल्फेट्स और पेट्रोलियम उत्पादों जैसे कठोर रसायनों से मुक्त हैं। अयूथवेदा के संस्थापक और निदेशक संचित शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद आधारित सौंदर्य उत्पाद सेहत से समझौता किए बिना सुंदरता बढ़ाते हैं।

कर्जदाताओं को फंसाने के लिए खुद पर चलवाई गोली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली में कर्ज देने वाले लोगों को झूठे मामले में फंसाने के लिए युवक ने देसी तमंचे से कथित रूप से खुद पर गोली चलवाई।

पुलिस ने बताया कि व्यक्ति के कथित रूप से कहने पर उसके 19 वर्षीय भतीजे ने उसे गोली मारकर घायल कर दिया और फिर तमंचे को एक तालाब में फेंक दिया जिसे बाद में बरामद कर लिया गया। उत्तरपूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जॉय तिर्की ने कहा, शुक्रवार सुबह करीब छह बजे हमें कॉल आई की नंदनगरी में ताहिरपुर के कोड़ी कॉलोनी में खेत के पास एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है। एक टीम को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने कहा कि पता चला कि न्यू सीमापुरी इलाके के निवासी सुंदर के दाहिने बांह के ऊपरी हिस्से में गोली लगी।

.315 बोर का एक खोखा मौके से मिला। उसका भतीजा हिमांशु उर्फ अंशु भी उसके साथ था। डीसीपी के मुताबिक, उन्होंने पुलिस को बताया कि तालाब में वे मछलियों को खाना खिला रहे थे तभी एक व्यक्ति आया और सुंदर को गाली देने के बाद उसे पीछे से गोली मार दी।

संजय की जमानत पर 28 को हो सकती है सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर 28 नवंबर को सुनवाई कर सकती है।

मामले पर शनिवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई स्थगित कर दी गई। प्रवर्तन निदेशालय ने चार अक्टूबर को सिंह को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि सिंह ने रद्द की जा चुकी आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आरोप है कि इस नीति से कुछ शराब निर्माताओं, थोक व खुदरा विक्रेताओं को वित्तीय लाभ हुआ।

लूट का विरोध करने पर युवक को मार डाला

● चार नाबालिग समेत सात को पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पश्चिम विहार वेस्ट इलाके में बीते सोमवार रात संजय पासवान नामक युवक की चाकू गोदकर हत्या हुई थी। पश्चिम विहार,स्पेशल स्टॉफ और एएटीएस पुलिस की सांझा टीम ने तीन आरोपियों को उनके चार नाबालिग साथियों के साथ पकड़ा है।

तीन आरोपियों की पहचान मंगोलपुरी इलाके के रहने वाले आशु कुमार,सलीम और सनी के रूप में हुई है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू आदी सामान जब्त कर लिया है। आरोपियों ने नशे में ओर नशा करने के लिये युवक से लूटपाट की थी,जिसका विरोध करने पर दो चाकू से कई वार कर उसी हत्या कर दी थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते सोमवार छह बजकर 47 मिनट पर उद्योग नगर, पीरागढ़ी के पीछे रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति को चाकू मारने की पीसीआर कॉल पश्चिम विहार पश्चिम पुलिस को मिली थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। जहां पर कोई नहीं मिला। इसी बीच संजय गांधी अस्पताल से सूचना मिली कि मंजय पासवान नामक युवक को चाकू मारे थे,जिसको डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है।

परिवार के साथ एक्स ब्लॉक नांगलोई कैंप इलके में रहता था। उसके पेट में चाकू मार रखे थे। संजय के दोस्त जितेंद्र ने बताया कि वह मंजय के साथ ही एक ऑफिस में नौकरी करता है। डयूटी के बाद दोनों घर जाने के लिए ट्रेन पकडऩे के लिए मंगोलपुरी रेलवे स्टेशन जा रहे थे। उसी वक्त कुछ लडक़ों ने उनको जबरन पकड़ लिया।

संक्षिप्त समाचार

एमओयू पर हस्ताक्षर के दौरान सैन्य अधिकारी व आचार्य बालकृष्ण।

पतंजलि और भारतीय सेना के बीच एमओयू

नई दिल्ली। पतंजलि योगपीठ और भारतीय सेना के बीच विभिन्न विषयों को लेकर एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। भारतीय सेना के उत्तर भारत क्षेत्र, बरेली मुख्यालय में हुए इस समझौते के अवसर पर पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण और भारतीय सेना से लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रामणी, (जीओसी इन सी सेंट्रल कमांड), लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी, (जीओसी उत्तर भारत क्षेत्र), ब्रिगेडियर अमन आनंद, (कमांडर मुख्यालय 9 स्वतंत्र माउंटेन ब्रिगेड ग्रुप), मेजर विवेक जैकोब (सी लॉ गलोबल) मौजूद थे। इस समझौते के अंतर्गत आयुर्वेद चिकित्सा एवं वेलनेस के क्षेत्र में, हमारे सैनिक भाइयों की स्वास्थ्य रक्षा हेतु आवश्यक आयुर्वेदिक दवाइयों के अनुसंधान के क्षेत्र में, जैव विविधता के अनुरूप उच्च हिमालयी क्षेत्रों में जीवन रक्षक पेड़ पौधों पर अनुसंधान के क्षेत्र में सेना में सूचना एवं प्रौद्योगिकी से लेकर ऑटोमेशन के विभिन्न प्रयोगों का मिलकर काम किया जाएगा। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि हमें इस समझौते पर गर्व है।

मनीष पोद्दार गैंग का शूटर हथियार के साथ पकड़ा

नई दिल्ली। मनीष पोद्दार गिरोह के करीबी शार्पशूटर को बाहरी उत्तरी जिला की स्पेशल स्टॉफ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बवाना के रहने वाले मोहम्मद रहीस अहमद उर्फ राशिद के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से पिस्टल,दो कारतूस,तीन फोन और चोरी की बाइक बरामद की है। आरोपी सात वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी यशपाल सिंह के निर्देशन में इंस्पेक्टर उमेश शर्मा की देखरेख में पुलिस टीम बाहर आए गैंगस्टरों और उनके गुर्गो के बारे में पता लगाने के लिये हयूमैन सॉर्से की सहायता ले रही है। इसी बीच आरोपी के डीडीए पार्क, सेक्टर 28, रोहिणी इलाके में आने की जानकारी मिली। एसआई नवीन, एएसआई नरेंद्र, एएसआई संदीप, हेड कांस्टेबल नेतराम और कांस्टेबल सचिन को आरोपी को पकडऩे का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी करके आरोपी को कुछ हरकत करने से पहले ही दबोच लिया।

संपत्ति कर के बड़े बकायेदारों पर एमसीडी करेगी मुकदमा

नगर निगम की अपील, वेबसाइट पर डाटा जांच कर 31 दिसंबर तक बनवा लें यूपीआईसी आईडी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के कर निर्धारण एवं समाहरण विभाग ने 25 लाख रुपए से संपत्ति कर के बकायादारों की पहचान कर ली है। निगम जल्द इन बकायेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा करेगा।

निगम एक्ट के अनुसार सही संपत्ति कर भरने की जिम्मेदारी भूस्वामी की है। निगम एक्ट के अनुसार 25 लाख से अधिक राशि के बकाया संपति कर का भुगतान न करने की सूरत में 3 माह से 7 साल के सश्रम कारावास एवं बकाया संपत्ति कर के 50 प्रतिशत तक जुर्माने का प्रावधान है। दिल्ली नगर निगम की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार संपत्ति कर विभाग ने संपत्ति कर से संबंधित डाटा निगम की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। अपलोड डाटा में संपत्ति करदाताओं की निजी जानकारी नहीं दी गई है। निगम की वेबसाइट पर अपलोड डाटा में अधिकृत कॉलोनी,अनधिकृत-नियमित कॉलोनी,ग्रामीण गांवों में 100 वर्ग मीटर से अधिक वाली रिहायशी संपत्तियों एवं अधिकृत कॉलोनियों की संपत्ति कर का डाटा उपलब्ध है। निगम के कर निर्धारण एवं समाहरण विभाग ने अपील की है कि अगर किसी संपत्ति की एक से अधिक यूपीआइसी आईडी हैं तो संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से इस त्रुटि का निवारण करवा लें।

दिल्ली नगर निगम दिल्ली के सभी नागरिकों से अपील करता है कि वो निगम की वेबसाइट पर अपलोड संपत्ति कर के डाटा की जांच कर लें एवं जिन संपत्तियों का डाटा निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है तो इसका तात्पर्य है कि वो संपत्ति कर का भुगतान नहीं कर रहे हैं।

दिल्ली नगर निगम उन सभी भूस्वामियों को जिनका डाटा निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है को अपना यूपीआईसी आईडी निगम के पोर्टल से बनवा सकते है। यूपीआईसी आईडी बनवाने के लिए 31 दिसंबर, 2023 अंतिम तिथि है। अपना सही संपत्ति कर न भरने की सूरत में नगर निगम एक्ट के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एमसीडी ने विज्ञप्ति ने में कहा है कि थर्ड पार्टी डाटा जैसे भवनों की रजिस्ट्री, बिजली बिल, जीएसटी रजिस्ट्रेशन लाइसेंसिंग रजिस्ट्रेशन डाटा से तैयार डेटाबेस से निगम के पास मौजूद संपत्ति कर डाटा बेस का मिलान कर बचे हुए सभी संपत्ति कर बकायेदारों से अपील करता है की वो जल्द से जल्द अपना यूपीआईसी आईडी बनवा कर संपति कर का भुगतान कर दें अन्यथा उनके विरुद्ध भी न्यायालयों में अभियोजन दायर किया जाएगा।

सांसद बृजभूषण सिंह के खिलाफ पॉक्सो मामले में आदेश 11 जनवरी को

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक नाबालिग पहलवान द्वारा दायर यौन उत्पीड़न की शिकायत के मामले में पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार करना है या नहीं, 11 जनवरी को अपना आदेश सुनाएगी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छवि कपूर आदेश सुनाने वाली थीं, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए मामले को स्थगित कर दिया कि आदेश तैयार नहीं है। लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने कहा था कि एक अगस्त को बंद कमरे में हुई सुनवाई में नाबालिग पहलवान ने अदालत को बताया था कि वह मामले में दिल्ली पुलिस की जांच से संतुष्ट है और जो क्लोजर रिपोर्ट पेश की है, उसका वह विरोध नहीं करती है।

रक्तदान का नहीं कोई विकल्प, हर स्वस्थ व्यक्ति करे रक्तदान: नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा के प्राचार्य सुशील कुमार कणवा ने अपने जन्मदिन पर रक्त दान शिविर आयोजित किया। इस शिविर का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी हरियाणा के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने किया। इस शिविर के संयोजक मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ रहे। शिविर में स्टाफ सदस्यों, आसपास के लोगों के सहयोग से 37 यूनिट रक्त दान हुआ।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा में लगाया गया रक्तदान शिविर

इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री, दहेज सलाहकार बोर्ड भारत सरकार के सदस्य विपिन नागर, डा. ओमवीर यादव, नवीन भारद्वाज, समाजसेवी मुकेश शर्मा, सुनील भारद्वाज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी स्नेह, साक्षी, ओमप्रकाश, रामकिशन वत्स, जोगेंद्र भारद्वाज, योगेश यादव, गौतम यादव, हर्ष शर्मा, सागर शर्मा भोंडसी, स्टाफ सदस्य व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्राचार्य सुशील कुमार कणवा ने बताया कि इस शिविर में स्कूल स्टाफ के अलावा आसपास के लोगों ने रक्तदान किया। विद्यालय की सरोज कुमारी, सविता यादव, पुष्पा यादव समेत 15 शिक्षिकाओं ने रक्त दान किया। रक्तदान शिविर में रेड क्रास सोसायटी की ओर से कैम्प संचालक अतुल कुमार पराशर, कविता सरकार के अलावा नागरिक अस्पताल की ब्लड टीम से सुलक्षणा आदि का विशेष योगदान रहा। अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्त दान करके रक्त की कमी को पूरा करना चाहिए।

उन्होंने प्राचार्य सुशील कुमार कणवा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उनके अच्छे प्रयास हैं कि वे पिछले 20 साल से निरंतर रक्त दान शिविरों का आयोजन कर रहे हैं। अपने जन्मदिन के अलावा वे थैलेसीमिया के रोगियों के लिए भी शिविर लगवाते हैं।

गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रक्तदाताओं को सम्मानित करते नवीन गोयल।

कंक्लेव एंक्लेव में नवीन गोयल ने किया सीवरेज लाइन के कार्य का शुभारंभ

क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से हो रही समस्या होगी दूर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

कंक्लेव एंक्लेव क्षेत्र में सीवरेज की समस्या को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी हरियाणा के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने पहले तो टैंकरों के माध्यम से हर सप्ताह सफाई करवाने का काम किया। अब उन्होंने अथक प्रयास करके वहां नई सीवरेज लाइन डलवाने की कार्यवाही सिरे चढ़ाई। शनिवार को उन्होंने सीवरेज लाइन डालने के कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया।

कंक्लेव एंक्लेव क्षेत्र में सीवरेज लाइन कार्य का शुभारंभ करते नवीन गोयल।

इस अवसर पर आरडब्ल्यूए प्रधान राजकुमार रोहिल्ला के अलावा उपाध्यक्ष विपिन चौधरी, सचिव राकेश मेहता, अभिनय भूषण सहसचिव, महावीर कौशिक, किशोर, संदीप शर्मा, सुभाष वर्मा, देवराज सिंह राघव, अरुण चड्ढा, संकेत बंसल, इंद्रेश कुमार शर्मा, सुरेंद्र पंवार, विद्यानंद नूणीवाल, रामकिशोर, मुकेश वर्मा, विक्रम शर्मा, इंद्रजीत नंदा, अमन आहुजा, अर्पण सैनी, प्रभुदयाल, गरीबा, गौरव शर्मा, राकेश दुआ,सुरेंद्र गोयत, अशोक, लोकेश भटेजा, राजीव सिंह, ज्ञान सिंह ग्रोवर, सुनील माहेश्वरी, निदेश आर्य समेत क्षेत्र के अनेक लोग मौजूद रहे।

सेक्टर-4 स्थित कन्क्लेव एन्क्लेव आरडब्ल्यूए के प्रधान राजकुमार सोलंकी के मुताबिक उनके क्षेत्र में सीवरेज लाइन काफी पुरानी हो चुकी थी। बार-बार ब्लॉक होती थी। वे इस समस्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता नवीन गोयल के पास गए। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस काम को पूरा कराने के प्रयास करेंगे। क्षेत्र के लोगों की समस्या को देखते हुए उन्होंने सप्ताह में एक बार यहां टैंकरों के माध्यम से सीवरेज की सफाई भी करवानी शुरू की। अब उन्हीं के प्रयासों से नई सीवरेज लाइन डलने का काम सिरे चढ़ा है। उन्होंने समाजसेवी प्रशांत भारद्वाज का भी आभार जताया, जिन्होंने क्षेत्र के लोगों की नवीन गोयल से मुलाकात कराई थी।

नवीन गोयल ने क्षेत्र के लोगों की पूरी मदद की है। नवीन गोयल ने क्षेत्र के लोगों को इस कार्य की बधाई देते हुए ठेकेदार को गुणवत्ता का काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ऐतिहासिक कार्य कर रही है।

हरियाणा की महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों ने लिखी सफलता की नई इबारत

गुरुग्राम। गुरुग्राम जिला के एक छोटे से गांव ढाणी चित्रसेन की नीलम यादव आज कई असहाय महिलाओं के लिए मिसाल बन गई हैं। गुरुग्राम जिले के इस गांव में कभी गुरबत की जिंदगी जीने के लिए मजबूर नीलम यादव आज अपने पांव पर खड़ी हैं। स्वयं के साथ-साथ समूह की अन्य महिलाओं का भाग्य उदय किया।

दिल्ली में चल रहे भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में लगाए गए हरियाणा मंडप में स्टॉल लगाकर अब नीलम अपने समूह के उत्पादों को आम जनता में और लोकप्रिय बना रही हैं, ताकि उनके समूह की आय में वृद्धि हो और समूह की महिलाएं अपने परिवार को और ज्यादा समृद्ध बना सकें। नीलम ने अपनी सफलता की हकीकत करते हुए बताया कि कैसे उनका महिलाओं का समूह-देव वीमेन सेल्फ हेल्प ग्रुप खड़ा हुआ। इस समूह की महिलाओं ने समाज में असहाय खड़ी महिलाओं के उस भ्रम को तोड़ दिया है, जिसमें वो आर्थिक रूप से कमजोर जिंदगी को जीने के लिए मजबूर दिखाई देती हैं।

अपनी स्टॉल पर नीलम।

ट्रेड फेयर अथॉरिटी ऑफ हरियाणा (टीएफएएच) की प्रशासक सोफिया दाहिया ने बताया कि इस ग्रुप ने कदम दर कदम हरियाणा सरकार की विभिन्न योजनाओ का लाभ उठा कर अपनी आय के स्रोत पैदा किये और अन्य महिलाओं को भी इस सफलता के कारवां में शामिल किया। नीलम यादव ने अपनी शुरुआत हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एचएसआरएलएम) से लाभ उठाकर की।

भारतीय सेना एवं सुरक्षा बलों के अधिकारियों व जवानों के लिए हुआ नेशनल डायलॉग कार्यक्रम

बोहड़ाकलां स्थित ओआरसी में भारतीय सेना के पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल ओम प्रकाश, कमोडोर अरविन्द शुक्ला, पूर्व स्क्वाड्रन लीडर अशोक गाबा व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

वर्तमान समय मन को शांत और स्थिर बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है। वैश्विक स्तर पर हो रहे युद्ध यही दर्शाते हैं कि मानव अशांति के भंवर में फंसा हुआ है। यह बात उत्तर प्रदेश अग्निशमन के महानिदेशक अविनाश चंद्र ने ब्रह्माकुमारीज के बोहड़ाकलां स्थित ओम शान्ति रिट्रीट सेंटर में कही। उन्होंने प्रेरणादाई नेतृत्व एवं स्व-सशक्तिकरण विषय पर भारतीय सेना एवं सुरक्षा बलों के अधिकारियों तथा जवानों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि मानव चाहे कितना भी धन कमा ले, मान-शान और प्रतिष्ठा प्राप्त कर लें, लेकिन शान्ति के बगैर सब बेकार है। मन की शान्ति के लिए आध्यात्मिकता ही मात्र एक उपाय है। ब्रह्माकुमारीज विश्व शान्ति के लिए अद्भुत कार्य कर रही है। इस अवसर पर ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने कहा कि आज शारीरिक सुरक्षा से पहले मानसिक सुरक्षा जरूरी है।

भारतीय सेना के पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल ओम प्रकाश ने अपना अनुभव सांझा किया। उन्होंने कहा कि वो काफी समय से राजयोग का अभ्यास कर रहे हैं। राजयोग से उनके दृष्टिकोण में एक महान परिवर्तन आया। उन्होंने कहा कि सेना में धर्म के प्रति बड़ी आस्था है। लेकिन आध्यात्मिकता के द्वारा ही हमें स्वयं की सही पहचान मिल सकती है। कमोडोर अरविंद शुक्ला ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज विश्व में एकमात्र संस्था है, जो सुरक्षा बलों के सशक्तिकरण का कार्य कर रही है। जिसके लिए सुरक्षा प्रभाग का गठन किया गया है। राजयोगिनी शुक्ला दीदी ने कहा कि ओम वास्तव में भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है। ओम हमें स्वयं से परिचित कराता है। ओम के उच्चारण मात्र से ही मन शांति की अनुभूति करता है।

भारतीय नौसेना के पूर्व वाइस एडमिरल एसएन घोरमड़े ने कहा कि वो वर्ष 2011 से राजयोग का नियमित अभ्यास कर रहे हैं। संस्थान के मुख्यालय माउंट आबू से पधारे पूर्व स्क्वाड्रन लीडर एवं सुरक्षा प्रभाग के अध्यक्ष अशोक गाबा ने भी कार्यक्रम के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सेना और सुरक्षा बलों के मनोबल बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम जरूरी हैं।

ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में हुआ आयोजन

गुरुग्राम में गुरु गोरखनाथ के नाम से सड़क, जोगी समाज की धर्मशाला बनाने की मांग

गुरु गोरखनाथ के नाम से सड़क, जोगी समाज की धर्मशाला बनाने के लिए सीएम के पूर्व ओएसडी जवाहर यादव को नवीन गोयल के नेतृत्व में मांग पत्र सौंपते समाज के लोग।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी हरियाणा के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व ओएसडी जवाहर यादव से जोगी समाज के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की। उनकी मांगों का एक पत्र जवाहर यादव को सौंपा।

जवाहर यादव को सौंपे गए पत्र में जोगी समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनकी दो अहम मांगें हैं। पहली तो यह कि गुरुग्राम में किसी चौक-चौराहे या सड़क का नाम श्री गुरु गोरखनाथ जी के नाम पर हो। दूरी मांग जोगी समाज की गुरुग्राम में कोई भी धर्मशाला नहीं है। इसके लिए जगह उपलब्ध कराई जाए। नवीन गोयल से जोगी समाज से मिलने वाले गणमान्य व्यक्तियों में प्रधान बलराज योगी, समाज के प्रधान नफे सिंह योगी, रविंद्र योगी, बीजेपी ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह योगी, बीजेपी ओबीसी मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष सतपाल योगी शामिल रहे।

नवीन गोयल ने सीएम मनोहर लाल के पूर्व ओएसडी से जोगी समाज की इन दोनों मांगों का समर्थन करते हुए इन्हें पूरा करवाने का आग्रह किया। जवाहर यादव ने उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। नवीन गोयल ने कहा कि प्रदेश में एक समान विकास, सर्व समाज के हित के कार्य करने में मनोहर सरकार अव्वल रही है। यहां हर किसी को साथ लेकर काम करने को महत्व दिया गया।

जोगी समाज की दोनों मांगों की नवीन गोयल ने की पैरवी

समाज के प्रतिनिधिमंडल के साथ सीएम के पूर्व ओएसडी जवाहर यादव से मिले

बंधवाड़ी में लीचेट की समस्या की जांच आईआईटी जैसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए: इंद्रजीत सिंह

केंद्रीय राज्य मंत्री ने स्वच्छता से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

राव इंद्रजीत ने हड़ताली सफाई कर्मियों से किया आव्हान, नैतिक जिम्मेदारी समझें

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

केंद्रीय योजना, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने शनिवार को गुरुग्राम में जिला प्रशासन व नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर बंधवाड़ी लैंडफिल साइट, गुरुग्राम शहर में स्वच्छता व्यवस्था, सफाई कर्मियों की हड़ताल सहित सीएंडडी वेस्ट आदि विषयों पर व्यापक चर्चा कर इसके निवारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित इस बैठक में डीसी निशांत कुमार यादव सहित नगर निगम गुरुग्राम के अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

गुरुग्राम में अधिकारियों के साथ बैठक करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बंधवाड़ी लैंडफिल साइट के आसपास स्थानीय निवासियों से निरंतर लीचेट की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्थानीय लोगों की शिकायतों के मद्देनजर इसकी जांच आईआईटी जैसी स्वतंत्र एजेंसी से करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वे अगले माह स्वयं भी बंधवाड़ी लैंडफिल साइट का निरीक्षण करेंगे साथ ही स्थानीय लोगों से मुलाकात कर लैंडफिल साइट के संबंध में उनकी शिकायतें भी सुनेंगे। केंद्रीय मंत्री ने सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते शहर में प्रभावित हो रही सफाई व्यवस्था पर निगम अधिकारियों से जवाब तलबी करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर गुरुग्राम शहर की एक महत्वपूर्ण छवि है।

ऐसे में आमजन के उत्तम स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शहर में बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। बैठक में डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते नगर निगम गुरुग्राम द्वारा जनहित में स्वच्छता प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए तैयार की गई किसी भी वैकल्पिक व्यवस्था/तंत्र में बाधा डालने के सबंध में उनके स्तर पर आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 लागू करने के आदेश पारित किए गए हैं।

उक्त आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत निर्धारित कार्रवाई की जा रही है। राव इंद्रजीत सिंह ने बैठक के माध्यम सफाई कर्मियों से आव्हान किया कि गुरुग्राम आपका अपना शहर है। ऐसे में शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। केंद्रीय मंत्री ने शहर में सफाई व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ निर्धारित कानूनी कार्रवाई कर सख्ती से निपटने के निर्देश दिए।

नप ने शहर के बाजार में रात्रि सफाई अभियान शुरू करेगी

सोहना। नगर परिषद शहर के बाजारों में अब रात के समय में भी सफाई कराएगी। सुपरवाइजर समेत 8 कर्मचारियों को रात के समय में सफाई करने की जिम्मेदारी सौंपी। नगर परिषद प्रशासन ने स्थानीय बाजारों को गंदगी मुक्त बनाने की नई पहल शुरू कर दी है। अब नगर के वार्ड 14, 15, 18 और 19 वार्ड में बनें बाजारों में रात के समय में विशेष रुप से सफाई कराई जाएगी। सायं 7 बजे नगर परिषद की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी सभी बाजारों में एक चक्कर लगाकर दुकानदारों से कूड़ा इक्कठा करेगी। उसके बाद सुपरवाइजर 8 कर्मचारियों की टीम को लेकर राजीव गांधी पार्क से झाड़ू लगाने वाली टीम को लेकर चलेगा। रात्रि समय में सफाई कर्मी मुख्य गुरुद्वारा से लेकर शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक अस्पताल मार्ग पर अनाज मंडी तक, पुरानी सब्जी मंडी मार्ग, बड़ा बाजार, नेहरु बाजार, शिव कुंड चौक, खेल चौक, नोहट्टा बाजार, नगर परिषद कार्यालय मार्ग, पुराना अलवर मार्ग, पुराना लेबर चौक, बस स्टैंड मार्ग और अग्रसेन से तिकोना पार्क तक सफाई होगी।

इकोजेन अपने 4जी सक्षम स्मार्ट इकोट्रॉन सौर पंप नियंत्रकों के साथ किसानों को पूर्ण नियंत्रण प्रदान कर सक्षम बनाता है

पायनियर समाचार सेवा। हरियाणा

क्लीनटेक में एक प्रमुख कंपनी, इकोजेन क्लाइमेट-स्मार्ट टेक्नोलॉजी समाधान विकसित करती है, जो किसानों को पैदावार बढ़ाने, बर्बादी में कमी लाने और कृषि आय बढ़ाने में मदद करते हैं। भारत में सोलर पंप सेट्स में अग्रणी ब्रांड, इकोजेन अपने आधुनिक इकोट्रॉन स्मार्ट सोलर पंप कंट्रोलर्स द्वारा 1,60,000 से ज्यादा भारतीय किसानों को लाभ पहुंचा चुका है। अब हरियाणा के किसानों को पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत इकोज़ेन सॉल्यूशंस भारत का पहला 4जी-इनेबल्ड स्मार्ट सोलर-पॉवर्ड पंप कंट्रोलर, इकोट्रॉन 75 प्रतिशत सब्सिडी के साथ उपलब्ध करा रहा है।

पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत पंपों को तेजी से इंस्टॉल करने के लिए इकोजेन ने महिंद्रा सोलराइज के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी द्वारा हरियाणा के किसानों को इकोजेन की आधुनिक टेक्नोलॉजी महिंद्रा टीम के विस्तृत और प्रभावशाली इंस्टॉलेशन नेटवर्क की मदद से मिल सकेगी। सोलर पंप कंट्रोलर टेक्नोलॉजी के विकास में अग्रणी, इकोजेन के कंट्रोलर में आधुनिक फंक्शंस हैं, जो किसानों को अपने पंपों का पूर्ण नियंत्रण देते हैं। 4जी कनेक्टिविटी वाले ये पहले कंट्रोलर्स किसानों को खेत में जाए बिना इकोट्रॉन मोबाइल एप की मदद से पंप का संचालन करने, सिस्टम को चालू और बंद करने तथा छोड़े गए पानी की मात्रा एवं उसके बहाव दर की निगरानी करने में मदद करते हैं। इसके अलावा यह कंट्रोलर IoT इनेबल्ड डिवाइसेज द्वारा इकोजेन के एआई प्लेटफ़ॉर्म (ecozen.ai) पर 150 से ज्यादा डेटा पॉइंट भी भेजता है, जिससे इकोजेन के इंजीनियर डिप्लॉयड यूनिट्स का प्रेडिक्टिव और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस करने और निगरानी करने में भी समर्थ बनते हैं। इससे सेवा में लगने वाला समय काफी कम हो जाता है क्योंकि इकोजेन के सर्विस इंजीनियर सोलर पंप सिस्टम को ठीक करने के लिए सभी आवश्यक स्पेयर पार्ट्स और उपकरणों के साथ आते हैं। साथ ही, इकोट्रॉन कंट्रोलर्स के पास सबसे तेज़ और सबसे स्थिर एएमआर डेटा इंटीग्रेशन होता है। इसलिए सरकारी संस्थाओं के पास सदैव सटीक डेटा उपलब्ध होता है। इस बारे में इकोजेन के सीईओ, देवेन्द्र गुप्ता ने कहा, ''हमारा उद्देश्य सदैव से यूज़र के लिए आसान और सस्टेनेबल उत्पाद बनाना रहा है, इसलिए 4जी सोलर पंप कंट्रोलर का निर्माण हमारे इसी उद्देश्य के अनुरूप है।

हम अपने उत्पादों द्वारा किसानों को जोड़ना और उनका काम आसान बनाना चाहते हैं। इकोट्रॉन भारत का पहला 4जी इनेबल्ड सोलर पंप कंट्रोलर है। इसका डिजाइन और निर्माण भारत में इकोजेन द्वारा किया गया है। यह किसानों को सस्टेनेबल, किफायती और आधुनिक सिंचाई टेक्नोलॉजी समाधान प्रदान करता है। इकोजेन की स्मार्ट और सस्टेनेबल कृषि टेक्नोलॉजी का लक्ष्य किसानों को ज्यादा प्रभावशाली और उत्पादक कृषि विधियों के निर्माण में समर्थ बनाना और क्लीनटेक, डेटा, एआई एवं आईओटी की मदद से भारत की एग्रोनॉमी के विकास में सरकार की सहायता करना है।

संक्षिप्त समाचार

आरबीएसएम स्कूल में तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

शनिवार को भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल में शुरू हुई तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में खेलते हुए खिलाड़ी।

सोहना। भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल में शनिवार से तीन दिवसीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता शुरु हुई। इस प्रतियोगिता में अंडर 14, 17 और 17 से अधिक उम्र वाले 105 खिलाड़ी भाग ले रहे है। शनिवार को भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल में शुरु हुई तीन दिवसीय बैंडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन सूरजपाल अम्मू (डायरेक्टर हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन) ने किया। इस अवसर पर संधू बाला जी जिला खेल अधिकारी, स्कूल निर्देश भागीरथ राघव व बिमला राघव समेत अन्य क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सूरजपाल अम्मू ने कहा कि खेलों से शरीर की ताकत और जोश बना रहता है। खेल खेलने से मानसिक तनाव कम होता है। शरीर निरोग बनता है। सोचने और समझने की ताकत बढ़ती है। खेलो में युवाओं को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेल खेलना भी बहुत जरुरी हैं। जिला खेल अधिकारी संधू बाला ने कहा कि स्कूलों में खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यही कारण है आज प्रदेश सरकार सहयोग से स्कूल स्तर पर खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर के खेलों में भाग ले रहा है। स्कूल स्तर पर आज का विद्यार्थी कॉलेज स्तर तक पहुचते-पहुचते देश का नाम रोशन करने में कामयाब हो जाएंगे। यह सब प्रदेश में भाजपा सरकार की दूरगामी सोच का परिणाम है।

बीएलओ ने घर-घर जाकर बनाए नई वोट

सोहना। शनिवार को खंड के 244 बूथों पर तैनात बीएलओ ने घर-घर जाकर नई वोट बनाने का कार्य किया। शहरी क्षेत्र के 27 बूथ पर 340 वोट बनाई गई। वर्ष 2024 में होने वाले होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर शनिवार से दो दिवसीय नई वोट बनाने की कवायद शुरू हो गई। खंड के 244 बूथ पर नई वोट बनाने तथा मतदाता सूची में वोटर के नाम की खामियों को दूर करने का कार्य किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनवरी 2023 को 18 वर्ष की उम्र पार करने वाले युवाओं को मतदाता अधिकार दिलाना है। शनिवार और रविवार को दो दिन के इस अभियान में अधिक से अधिक युवाओं का मतदाता सूची में पंजीकरण करना है। जिसके लिए बीएलओ को अपने-अपने कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायतें दी गई थी। अभियान के तहत बीएलओ को बूथ पर बैठकर वोट बनाना था। लेकिन बाद में बीएलओ को घर-घर जाकर वोट बनाने के आदेश जारी किए गए थे। जिसके आधार पर बीएलओ बूथ पर न बैठकर घर-घर गए। शहरी क्षेत्र में पहले दिन 27 बूथों पर 340 वोट बनीं। बीएलओ को सुबह ही घर-घर जाने के आदेश जारी कर दिए थे। खंड में 14 सुपरवाइजर नई वोट बनावाने में बीएलओ से कार्य ले रहे हैं। एक बीएलओ के पास 12 से 15 बूथ आते हैं। सुपरवाइजर हुकम सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्र में रविवार को 500 नई वोट बनाने का लक्ष्य रखा है।

नप सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

सोहना। नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने जारी अभियान में शनिवार को भी प्रदेश सरकार के खिलाफ मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। सफाई कर्मचारी 30 नवंबर तक सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। नगर परिषद के सफाई कर्मियों की अपनी मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ बुधवार से शुरू किया विरोध प्रदर्शन शनिवार को भी जा रहा। सफाईकर्मी दोपहर दो बजे नगर परिषद कार्यालय में एकजुट हुए। जहां से यूनिट प्रधान विक्रम सिंह की अध्यक्षता में शहर में राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ रैली निकाली। रैली में महिला सफाईकर्मी भी शामिल थीं। जिन्होंने पिछले तीन दिन की भांति शनिवार को भी राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। अपनी मांगों न करने पर विरोध में नारे लगाए। महिलाओं ने मांगों से अंकित बैनर पकड़ा हुए रैली में सबसे आगे चल रही थीं। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता करने वाले विक्रम सिंह ने बताया कि यूनियन का प्रदेश स्तर पर दिया गया आदेश की पालना की जा रही है। मांगों की आड़ में शहर की सफाई व्यवस्था को खराब नहीं होने दिया जाएगा। हर दिन कर्मचारी शहर में काम करेंगे। लेकिन मांगें पूरी न होने तक एकजुटता बनी रहेंगी।

शांतनू भारद्वाज को मिस्टर फ्रेशर व मनीषा को मिला मिस फ्रेश का खिताब

एमवीएन विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

एमवीएन विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए ऊर्जा 2के23 का आयोजन किया गया, जिसका विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग, उप कुलपति डॉक्टर एनपी सिंह, कुलसचिव डॉक्टर राजीव रतन, प्रोफेसर योगेंद्र सिंह में दीप प्रज्ज्वलित करके सरस्वती वंदना के साथ किया। इस अवसर पर कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग ने कहा कि एमवीएन अब बदल रहा है और वो दिन दूर नहीं जब एमवीएन विश्वविद्यालय एनसीआर क्षेत्र का शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्हें विद्यार्थियों के साथ की जरूरत है। उप कुलपति डॉक्टर एनपी सिंह ने कहा कि एमवीएन विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे की ओर बढ़ रहा है और इसे हमें और ऊपर लेकर जाना है, ताकि हमारे क्षेत्र में शिक्षा का स्तर उठ सके। इस कार्यक्रम के दौरान प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक और रंगारग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की, जिनका बाकी विद्यार्थियों ने जमकर आनंद उठाया। विश्वविद्यालय के प्रबंधक संचालक कांता शर्मा, कुलाधिपति वरुण शर्मा ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के माहौल से अवगत कराने के लिए जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में शांतनू भारद्वाज को मिस्टर फ्रेशर, मनीषा को मिस फ्रेशर, तिलक को मिस्टर इवनिंग, वेलेरी को मिस इवनिंग चुना गया। कार्यक्रम का मुख्य श्रेय डॉक्टर राहुल वार्ष्णेय को जाता है, जिसका पूरा साथ मधु बाला, भानुप्रिया, स्वाति, अंजली अग्रवाल, देवेश भटनागर, आराधना, राहुल मोंगिया, पूनम डागर, ऋतु, शीतल भल्ला, प्रशांत वशिष्ठ ने दिया। इस दौरान सभी अध्यापक, गैर अध्यापक विद्यार्थियों सहित उपस्थित रहे।

जन स्वास्थ्य विभाग को जल्द मिलेगी नए भवन की सौगात

भवन में होंगी सभी आधुनिक सुविधाएं

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

जन स्वास्थ्य विभाग पलवल को जल्द ही कार्यालय के लिए नया भवन मिलेगा। इस भवन के लिए पिछले एक साल से कार्य चल रहा था। भवन में कर्मचारियों व अधिकारियों के बैठने, कार्य करने के लिए सभी सुविधा होंगी। कार्यालय का भवन बन चुका है, जल्द ही इसमें फर्नीचर व रंग रोगन कराने के बाद जन स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया जाएगा।

जन स्वास्थ्य विभाग पलवल की कार्यप्रणाली में सुधार व तेज गति लाने के लिए जल्द ही नए भवन की सौगत मिलेगी। भवन को लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है।

भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए सात हॉल बनाए गए हैं। इसके अलावा एक बड़ा बरामदा भी बनाया गया है। इसमें बैठने के लिए एसडीओ, कार्यकारी अभियंता, एलडीसी क्लर्क, असिस्टेंट के लिए अलग से कमरे व हॉल बनाए गए हैं। इसके अलावा भवन में कर्मचारियों के बैठने के लिए भी कमरे का निर्माण किया गया है। भवन मे अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए प्रर्याप्त मात्रा में कंप्यूटर, वाईफाई की सुविधा भी होगी, जिससे कार्यप्रणाली में सुधार होगा। वहीं कर्मचारियों व वहां आने वाले लोगों के कार्य तेज गति से होंगे। भवन बन चुका है, जल्द ही इस भवन को जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा।

तीन दशक पहले बना पबिल्क हेल्थ का भवन पुराना हो चुका था। पुराने भवन में बरसात आदि में पानी आदि आता था। इसकी वजह से नया भवन बनाया गया है। जल्द ही इस भवन का निर्माण पूरा करके विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को मिल जाएगा। इससे पब्लिक हेल्थ के कर्मचारियों को फायदा मिलेगा।

-रमेश कुमार, कर्मचारी कार्यालय के भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। जल्द ही इसका रंग रोगन व फर्नीचर आदि का कार्य करवा कर भवन को विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा।

-त्रिलोकचंद, एसडीओ, जन स्वास्थ्य विभाग

दो व तीन दिसंबर को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन

पलवल। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा लेवल-1, 2 व 3 का आयोजन दो व तीन दिसंबर को करवाया जा रहा है। इस परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

उन्होंने बताया कि दो दिसंबर को लेवल-3 पीजीटी की परीक्षा सायंकालीन सत्र में दोपहर तीन बजे से शाम 5.30 बजे तक तथा तीन दिसंबर को लेवल-2 टीजीटी की परीक्षा प्रात:कालीन सत्र में 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक और लेवल-1 पीआरटी की परीक्षा सायंकालीन सत्र में दोपहर तीन बजे से शाम 5.30 बजे तक संचालित करवाई जाएगी। अभ्यर्थी को परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के नकल-विहीन एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु सभी परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए प्रभावशाली उड़नदस्तों का गठन किया गया है। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा-144 लागू रहेगी। परीक्षा के दिनों में परीक्षा केंद्रों के चारों ओर 200 मीटर के दायरे में फोटो कॉपी मशीनों का प्रयोग निषेध रहेगा और भारी पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

इन आदेशों की पालना न करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाओं को पारदर्शी व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के दृष्टिगत विभिन्न अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है, जो परीक्षा केंद्रों पर लॉ एंड ऑर्डर्स को हर हाल में बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

वकील ने शराब पीकर पुलिस चौकी में किया हंगामा

बाप-बेटे ने एसपीओ से की मारपीट, रोजनामचा व कागजात उठाने पर विवाद

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

वकील ने शराब पीकर चौकी में हंगामा कर ड्यूटी पर तैनात एसपीओ को जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीट की। कैंप थाना पुलिस ने एसपीओ की शिकायत पर वकील पिता-पुत्र के खिलाफ चौकी में आकर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, जाति सूचक गालियां देने व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, किठवाड़ी पुल पुलिस चौकी के एसपीओ सुमेर सिंह ने दी शिकायत में कहा है कि वह चौकी में बतौर जनरल ड्यूटी पर तैनात था। उसी समय एक व्यक्ति शराब के नशे में चौकी में आया और रोजनामचा कक्ष में घुस कर रोजनामचा व कागजों को उठाने लगा। उसने मना किया तो गुस्से में आकर उसको जाति सूचक गंदी-गंदी गालियां देने लगा।

आरोपी कृष्णा कॉलोनी निवासी शेर सिंह था, इसी दौरान उसका बेटा राहुल भी वहां आ गया और दोनों पिता-पुत्र उसे गालियां देकर अपमानित करने लगे। उसी दौरान मौके पर चौकी इंचार्ज आ गए तो उन्हें सारी बात बताई। आरोपी शेर सिंह वकील व उसका बेटा राहुल ने उसे धक्का मारा और दोबारा जाति सूचक गालियां देने लगे। जिसके बाद आरोपी की बेटी वहां आ गई और उन्हें वहां से बीच बचाव करने लगी।

इसी दौरान दोनों पिता-पुत्र उसके साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए। एसपीओ की शिकायत पर कैंप थाना पुलिस ने आरोपी वकील शेर सिंह व उसके बेटे राहुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

31 दिसंबर तक जनसुरक्षा योजनाओं के लिए चलाए जाएंगे अभियान

पलवल। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर तक सभी जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुरक्षा योजनाओं के लिए अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्रालय से प्राप्त निर्देशानुसार भारत में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रधानमंत्री द्वारा गत वर्ष 2015 में शुरू की गई दो जनसुरक्षा योजनाएं हैं, जो प्रत्येक योजना के तहत दो लाख रुपये का जीवन और दुर्घटना बीमा प्रदान करती हैं, जोकि सभी भारतीयों, विशेष रूप से गरीबों और वंचितों को नाममात्र प्रीमियम 430 रुपये व 20 रुपये प्रति वर्ष की अदायगी पर उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त ने बताया कि वित्त मंत्रालय भारत सरकार की इच्छा है कि प्रत्येक पात्र नागरिक को योजनाओं का लाभ मिले। इसलिए मंत्रालय ने 31 दिसंबर तक इस अवधि में देश के सभी जिलों को कवर करते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर नए सिरे से अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि जनसुरक्षा योजनाओं के तहत सभी पात्र व्यक्तियों को कवर करने के लिए प्रस्तावित अभियान में पदाधिकारियों को शामिल किया जाएगा।

कपास में गुलाबी सुंडी से सतर्कता ही है बचाव : डॉ. बाबूलाल

गुलाबी सुंडी बीटी कपास की फसल को प्रभावित करने वाला मुख्य कारक

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

जिला में खरीफ सत्र में कपास की फसल में गुलाबी सुंडी के संक्रमण की शिकायत किसानों द्वारा कृषि विभाग अधिकारियों को दी गई, जिसमें कृषि विभाग द्वारा किसानों को जागरूक करते हुए बताया गया कि गुलाबी सुंडी बीटी कपास की फसल को प्रभावित करने वाला मुख्य कारक है, जिसके बचाव के लिए किसानों को कपास की फसल कटाई उपरांत ही जागरूक होना पडेगा।

कृषि उपनिदेशक डॉ. बाबूलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि गुलाबी सुंडी का जीवन चक्र 35 दिन में ही पूरा हो जाता है। यह कीड़ा कपास फसल को एक ही सत्र में तीन से चार बार प्रभावित कर सकता है, क्योंकि यह पौधे में फूल आने के समय इसकी मादा कीटों की पहली पीडी फूलगुड्डी, नजदीकी टहनियों और नई पत्तियों के निचले हिस्सों में अंडे देती है, तदोपरांत बाद वाली पीडियां अपने अंडे एक-एक करके फूल के अंदर देती है। जो बाद में टींडा बनने के समय बंद हो जाता है। इसलिए गुलाबी सुंडी कपास फसल के उत्पादन को क्षति पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 में किसानों को कपास फसल में होने वाले नुकसान से बचाने तथा कपास फसल की बिजाई से विमुख होने वाले किसानो को रोकने के लिए अभी से ही विभागीय जागरूकता अभियान प्रारंभ किया है, क्योंकि किसान कपास की फसल कटाई के उपरांत बन की लकड़ियों को खेत के नजदीक ही भंडारण करते हैं। जिसमें अनखिले टींडे इन बन की लकड़ियों में रह जाते हैं। गुलाबी सुंडी के बने रहने का यह एक मुख्य कारण बनते हैं। साथ ही किसान इन अध खिले टींडों को तोड़कर खेत की मेंडों पर छोड़ देते हैं, जोकि गहरी अथवा पूर्ण जुताई न होने के कारण नष्ट नहीं हो पाते हैं और गुलाबी सुंडी का लारवा अनुकूल वातारण एवं फसल आने पर सक्रिय होकर अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर देते हैं।

नौ साल से शिक्षकों की कमी पूरा करने का आश्वासन दे रही सरकार

फरीदाबाद। हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने एक बार फिर यह माना है और कहा है कि इस समय हरियाणा के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। इससे बच्चों में उचित दिशा और मार्गदर्शन का अभाव हो रहा है, अत: सरकार 20,000 नए शिक्षकों की भर्ती करेगी। इस पर हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने टिप्पणी की है कि मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री ने कई बार सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार करते हुए कहा है कि सरकारी स्कूलों में पीजीटी, टीजीटी व जेबीटी अध्यापकों की कमी है, जिसकी बजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शीघ्र ही शिक्षकों की भर्ती करके इस कमी को दूर किया जाएगा। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि सरकार पिछले नौ साल से यही राग अलाप रही है, अध्यापकों की जल्द भर्ती करेंगे, जल्द भर्ती करेंगे, लेकिन करते कुछ नहीं हैं। अब चुनाव जल्दी होने वाले हैं तो फिर यह राग अलापा जा रहा है। मंच के प्रदेश संरक्षक सुभाष लांबा ने कहा है कि शिक्षा मंत्री ने विधानसभा के अंदर यह बयान दिया था 35980 पद अध्यापकों के खाली हैं।

कला विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

विश्व भारती शिक्षा केंद्र में अभिनव रचना कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दीपक चौधरी। फरीदाबाद

शनिवार को विश्व भारती शिक्षा केंद्र में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी अभिनव-रचना आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान और कला से संबंधित उत्कृष्ट मॉडल और प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में छुपे हुए कलाकारों, रचनाकारों और वैज्ञानिकों की प्रतिभा को बाहर लेकर आना था।

विद्यार्थी और अध्यापक पिछले एक महीने से इस प्रदर्शनी की तैयारी में लगे हुए थे। अनेक ऐसे लाइव मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिन्हें देखकर अभिभावक और अन्य अतिथियों ने आश्चर्य से दांतों तले उंगली दबा ली। विज्ञान के मॉडल में वर्किंग चंद्रयान, अयोध्या एक्सप्रेस ट्रेन, लाइव एक्वेरियम वैक्यूम क्लीनर, एसिड रेन, सोलर सिस्टम, सिक्योरिटी सिस्टम और जलस्तर मापक यंत्र जैसे अनेक सुंदर मॉडल प्रस्तुत किए गए। कला के क्षेत्र में भी विद्यार्थियों के मॉडल किसी से पीछे नहीं थे।

अयोध्या में राम दरबार, केदारनाथ मंदिर, महाकालेश्वर, छूने पर बोलने वाली गीता, आधुनिक विश्व भारती, लाहौर जेल, इंडिया गेट मॉडल और योग की विभिन्न मुद्राओं द्वारा अपनी कलात्मक योग्यता का परिचय दिया। इसके अतिरिक्त सैंकड़ों सुंदर मॉडल विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये। इस प्रदर्शनी की रूपरेखा, संयोजन और प्रस्तुतिकरण में सभी अध्यापकों और अध्यापिकाओं ने अपना पूर्ण योगदान दिया और विद्यार्थियों को ऐसे सुंदर मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया। भारी संख्या में अभिभावक और शहर के अन्य प्रबुद्ध व्यक्ति इस प्रदर्शनी को देखने के लिए उपस्थित थे। विद्यालय के मुख्य अध्यापक विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि उच्च विभाग से अकाउंट्स विभागाध्यक्ष सुभद्रा मिश्र, सुदेश, सुरक्षा, राधिका रावत, मंजू मित्तल संगीता शर्मा और शैलेंद्र मिश्रा समेत सभी अध्यापकों ने विशेष योगदान दिया। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर और किड्जोन की इंचार्ज आरती सेन ने बताया कि प्राथमिक विभाग से विजय कुश, उपासना, इंदु, छवि बंसल समेत सभी अध्यापकों ने बच्चों को नए-नए और प्रेरक मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष कवि एवं साहित्यकार डॉक्टर एसएन भारद्वाज और संस्था की उपाध्यक्ष प्रवीण भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर डॉ. भारद्वाज ने कहा कि आज के विद्यार्थी कल के चित्रकार, गीतकार, संगीतकार और वैज्ञानिक हैं। अत: यह विद्यालय का प्रथम कर्तव्य है कि वह इन विद्यार्थियों की प्रतिभा को खोज कर उसे संवारे।

उन्होंने बताया कि विश्व भारती शिक्षा केंद्र हर वर्ष इस प्रदर्शनी का आयोजन करता है, जो शहर के लोगों के लिए एक विशेष आकर्षण का केंद्र रहती है, क्योंकि इस प्रदर्शनी में शिक्षा केंद्र भारत के गौरवमयी अतीत, सुंदर वर्तमान और आशावान भविष्य का चित्र प्रस्तुत करने का प्रयास करता है। उन्होंने सभी अध्यापक, अभिभावक और विद्यार्थियों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी।

एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित

पलवल। राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्थापना दिवस के उपलक्षय में रक्तदान के महत्व को समझाते हुए कर्नल संजय चावला द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन नूंह में किया गया। जिसमें हरियाणा चार गर्ल्स बटालियन की 230 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। शिविर में 65 कैडेट्स द्वारा रक्तदान किया गया। इस रक्तदान शिविर में राजकीय कॉलेज पलवल, वाईएमडी कॉलेज नूंह, राजकीय कॉलेज सालाहेड़ी गुरुग्राम व एसडी कॉलेज पलवल की एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान नल्हड मेडिकल कॉलेज की डॉ. सोनल रोहिला व उनकी टीम ने गर्ल्स कैडेट द्वारा रक्तदान करने पर उनकी जमकर प्रशंसा की।

इस अवसर पर जीसीआइ कोमल व पूजा, सूबेदार मेजर रामू सिंह, सूबेदार आरिफ अली, सूबेदार सुनील शर्मा, नायब सूबेदार मुकेश कुमार, हवलदार जानेंद्र कुमार, संजीत, मुकेश, सुनील, प्रमोद, अमरजीत तथा नरेंद्र कुमार सहित एनसीसी के अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

पलवल। युवाओं में नेतृत्व गुणों को प्रोत्साहित करने के लिए शनिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। सत्र 2023-24 के लिए विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। छात्रों को स्कूल पोस्ट और हाउस पोस्ट के लिए चुना गया। हेड ब्वॉय विवेक मंगला, हेड गर्ल हिमांशी, डिप्टी हेड ब्वॉय निशांत, डिप्टी हेड गर्ल सौम्या खान, खेल कप्तान माधव बंसल, सिमरन व सांस्कृतिक प्रमुख लक्ष्य, रेहा, सांस्कृतिक सचिव करीना, गंगा हाउस कप्तान धैर्य, दीया, उप कप्तान प्रणय, सौम्या, झेलम हाउस कप्तान कार्तिक, अनुष्का, उप कप्तान शौर्य, मानसी, चेनाब हाउस कप्तान धुव्र सोनी, चहक, उप कप्तान आदित्य ठाकुर, भव्या, सतलुज हाउस कप्तान रोहित, कोमल, उप कप्तान रिहान, तमन्ना को चयनित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निर्वाचित हेड गर्ल और हेड बॉय ने अपना परिचय दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य हरीश सचदेवा व उपप्रधानाचार्या नीलम साधा ने विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को बैजेज और सैशे पहना कर सम्मानित किया तथा उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने अपना काम ईमानदारी से करने की शपथ ली।दिल्ली पब्लिक स्कूल पलवल के प्रधानाचार्य हरीश सचदेवा ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बच्चों को गुणवत्ता के साथ शिक्षा देना है , उन्होंने कहा कि बड़े सपने देखें क्योंकि हर सपना लक्ष्य से पहले आता है, उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या नीलम साधा ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को बधाई दी। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

पानी की टंकी जर्जर होने से हटाने की मांग की

फरीदाबाद। आरडब्ल्यूए ब्लॉक डी-2 सेक्टर-10 फरीदाबाद की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान जगजीत सिंह नैन के कार्यालय पर हुई। बैठक कर निर्णय लिया की डीएलएफ के सेक्टर 10 में बनी पानी की टंकी को हटाया जाए। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि सामुदायिक केंद्र के अन्दर पानी की टंकी जर्जर हालत में है, जोकि लगभग 60-65 वर्ष पुरानी है। इस टंकी का निर्माण तब हुआ था, जब डीएलएफ सेक्टर-10 के सरकार द्वारा रिहायशी प्लॉट काटे गये थे। आये दिन शहर में भूकंप के झटके आते रहते हैं, जिसकी वजह से यह पानी की टंकी खस्ता व जर्जर हालत में होने के कारण कभी भी गिर सकती है, जिससे कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। टंकी के चारों तरफ मकाना बने हुए और मकानों में काफी तादात में लोग रहते हैं। टंकी की हालत दिन प्रतिदिन और खराब होती जा रही है तथा टंकी में से कंकरीट के बड़े बड़े टुकड़े गिरते रहते हैं। धीरे-धीरे टंकी का झुकाव एक तरफ होता जा रहा है। कई बार तो इससे हादसा होने का अंदेशा बना रहता है, क्योंकि टंकी के आसपास काफी तादाद में झुग्गियां बनी हुई हैं। इसलिए आरडब्ल्यूए ब्लॉक की कार्यकारणी ने लिखित में शिकायत देकर तुरंत इस टंकी को आयुक्त नगर निगम से हटाने का मांग की है। इस मौके पर उप प्रधान दीपा शर्मा, रशमी महाजन आदि मौजूद थे।

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ली चरक शपथ

फरीदाबाद। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों को सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग ने महर्षि चरक शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि मेडिकल साइंस में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी के स्टूडेंट्स मरीजों के इलाज में महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। कोरोना महामारी में इनका अहम योगदान रहा है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि ये स्टूडेंट्स उच्च स्तर की स्किलिंग मेडिकल के क्षेत्र में प्राप्त करके समाज में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर आरएस राठौड़ ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में कुशलता से देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आएगा। कौशल के क्षेत्र में विश्वविद्यालय निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में डीन एसएफएएसएच प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव ने स्टूडेंट को कहा कि पूरी इमानदारी, सत्य निष्ठा से मेडिकल लैब प्रोफेशन में कार्य करें और मरीजों की सेवा करें। डॉ. मोहित श्रीवास्तव ने अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. संतोष कुमार यादव, डॉ. मनोज शर्मा और ज्योति नैन ने किया। इसमें स्पांसर सिम बायो साइंटिफिक ने भी भूमिका निभाई। कंपनी ने विद्यार्थियों को ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट देने की भी बात कही। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने विद्यार्थियों एवं आयोजकों को बधाई दी।

खेल महाकुंभ 2023 में क्रिकेट खेल को किया शामिल

पलवल। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा द्वारा इस वर्ष खेल महाकुंभ-2023 में क्रिकेट खेल (लड़के तथा लड़कियों) को शामिल करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि क्रिकेट खेल की राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता का आयोजन चार से छह दिसंबर तक किया जाएगा। जिसके लिए जिला स्तर पर लड़के तथा लड़कियों का ट्रायल 26 नवंबर को सुबह नौ बजे से पलवल में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सरस्वती महिला महाविद्यालय में किया जाएगा।

मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण आवश्यक

पलवल। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि कृषि विभाग की किसान हितेषी योजना मेरी फसल-मेरा ब्योरा के अंर्तगत किसानों को अपनी फसल का पंजीकरण करवाना अति आवश्यक है। किसान मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण के उपरांत ही कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए सभी किसानों का मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण होना जरूरी है। केवल पंजीकृत किसानों की रबी फसलों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की जाएगी। इसलिए सभी किसान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने एवं रबी फसलों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए अपनी फसल का पंजीकरण करवाएं। हरियाणा सरकार द्वारा रबी फसलों के पंजीकरण के लिए पोर्टल को 12 नवंबर से खोल दिया गया है। कृषि उप निदेशक डॉ. बाबूलाल ने किसानों से आह्वान किया है कि जिला के सभी किसान समय रहते अपनी फसल का पंजीकरण पोर्टल पर अवश्य करवा लें। मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण के लिए ओटीपी आधार से जुड़े हुए मोबाइल नंबर पर ही आ रहा है। इसलिए समय रहते किसान अपने आधार लिंक मोबाइल नंबर को जरूर अपडेट करवा लें, जिससे मेरी फसल मेरा ब्योरा पंजीकरण में परेशानी का सामना न करना पड़े। कृषि विभाग की ओर से किसानों को जागरूक करने के लिए विभाग के कर्मचारियों द्वारा भी जागरूकता कैंप लगाए जा रहे हैं।

बच्चों के क्रिया-कलापों पर रखें विशेष ध्यान: बिशप

फातिमा कालेज का वार्षिक उत्सव संपन्न

गोंडा। रेनेसा (नवजागरण) थीम पर फातिमा कालेज में वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैथोलिक डायसिस लखनऊ के बिशप डॉक्टर जेराल्ड जॉन मथायस एवं विशिष्ट अतिथि सीडीओ एम0 अरूनमौली रहीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने बचपन नाटक द्वारा समाज की वास्तविकता को बहुत ही अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया। आज के परिवेश में हर व्यक्ति इतना व्यस्त है कि ना तो उसको अपने स्वास्थ्य का ध्यान है और ना ही वह अपने परिवार एवं बच्चों पर ध्यान दे पा रहा है और इसका नकारात्मक असर बच्चों में भी देखने को मिल रहा है। विशप ने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया कि अपने परिवार को कुछ समय अवश्य दें। साथ ही बच्चों के क्रिया-कलापों पर विशेष ध्यान रखें। विशिष्ट अतिथि सीडीओ एम0 अरुणमोली, ने कार्यक्रमों की तारीफकरते हुए कहा कि इंग्लिश प्ले सक्सेस फेल्योर के द्वारा बच्चों ने जीवन की वास्तविकता को बखूबी दिखाया है। क्योंकि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है। उन्होंने कहा कि जीवन में कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता है। इस अवसर पर वेस्टर्न डांस रेट्रो डांस लोक नृत्य कव्वाली-आगे बढ़ाना है तो मन लगाकर पढ़ना है, जूनियर एवं सीनियर कोयर, पर्यावरण को शुद्ध रखना, महिला सशक्तिकरण एवं तकनीकी क्रांति कार्यक्रम को बच्चों ने बहुत ही अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया।

प्रधानाचार्य फादर पाल कोरेया ने सभी का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा मुझे खुशी है कि फातिमा स्कूल, बच्चों शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग से समय-समय पर समाज के जरूरतमंदों की मदद करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। इस अवसर पर मैनेजर फादर साइमन, सिस्टर स्मिता, सिस्टर चौतन्या सिस्टर कैलाशटा, सिस्टर लीडिया कई स्कूलों के प्रिंसिपल, फादर, सिस्टर, अभिभावक गण एवं शिक्षक शिक्षकाएं मौजूद रहे।

देव दीपावली पर ग्यारह टन फूल से होगी विश्वनाथ धाम की सजावट

वाराणसी। वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर को 27 नवंबर को देव दीपावली पर 11 टन फूल से सजाया जाएगा। यह जानकारी एक सरकारी बयान से मिली। बयान के अनुसार इसके साथ ही सोमवार शाम उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर भव्य लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। बयान के अनुसार इसमें विश्वनाथ धाम, काशी और भगवान शिव की धार्मिक कथा और गाथा के बारे में पर्यटक अवगत हो सकेंगे।बयान के अनुसार श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि गंगा द्वार पर लेजर शो के माध्यम से धाम पर आधारित, काशी के महत्व और गलियारे के निर्माण संबंधित जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। बयान के अनुसार लेजर शो की अवधि पांच मिनट की होगी, जो बार-बार दोहराई जाएगी। इसके अनुसार लेजर शो इस तरह से होगा जिसे नौकायन करने वाले लोग और घाटों पर मौजूद लोग आराम से देख सकें। वर्मा ने बताया कि काशी की विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली के मौके पर वाराणसी आने वाले पर्यटक श्री काशी विश्वनाथ धाम अवश्य आते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए बाबा के दरबार को आकर्षक देशी-विदेशी फूलों से सजाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि विशाखापटनम के एक व्यवसाई बाबा के धाम को 11 टन फूल से सजवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महादेव के धाम को सजाने के लिए फूल कोलकाता, बेंगलुरु और विदेशों से आ रहा है।

बयान के अनुसार लेजर शो की अवधि पांच मिनट की होगी, जो बार-बार दोहराई जाएगी। इसके अनुसार लेजर शो इस तरह से होगा जिसे नौकायन करने वाले लोग और घाटों पर मौजूद लोग आराम से देख सकें। वर्मा ने बताया कि काशी की विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली के मौके पर वाराणसी आने वाले पर्यटक श्री काशी विश्वनाथ धाम अवश्य आते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए बाबा के दरबार को आकर्षक देशी-विदेशी फूलों से सजाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विशाखापटनम के एक व्यवसाई बाबा के धाम को 11 टन फूल से सजवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महादेव के धाम को सजाने के लिए फूल कोलकाता, बेंगलुरु और विदेशों से आ रहा है।

बलिया में फेसबुक पर टिप्पणी करने से जुड़े विवाद में दलित युवक की चाकू घोंपकर हत्या

बलिया। बलिया जिले के सहतवार थाना क्षेत्र के मुड़ाडीह तिराहे पर कथित रूप से फेसबुक पर टिप्पणी करने को लेकर हुए विवाद में एक दलित युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

बांसडीह क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) शिव नारायण वैस ने शनिवार को बताया कि सहतवार थाना क्षेत्र के मुड़ाडीह तिराहे पर अधईला गांव निवासी दीपू पासवान (21) को चाकू से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। उन्होंने कहा कि घटना के बाद घायल युवक को रेवती स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही दीपू की मौत हो गई। सीओ ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस के अनुसार दीपू मुड़ाडीह गांव में आयोजित एक तिलक के कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहा था कि मुड़ाडीह तिराहे पर उसका हमलावरों से विवाद हो गया। इस दौरान हमलावरों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। सीओ ने बताया कि इस मामले में मृतक की मां शुभावती देवी की तहरीर पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की तहकीकात में यह तथ्य सामने आया कि मृतक दीपू का हमलावरों से फेसबुक पर टिप्पणी करने को लेकर विवाद हुआ था।

पुलिस के मुताबिक, इसके पहले दोनों पक्षों के मध्य मोबाइल फोन पर बातचीत के दौरान भी विवाद हुआ था। पुलिस ने बताया कि पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

पुलिसकर्मियों से मारपीट

आगरा में आरोपी को गिरफ्तार करने गई थी फोर्स

आगरा। आगरा में शुक्रवार देर रात अदालत के गैर जमानती वारंट को तामील कराने पहुंचे पुलिसकर्मियों के साथ आरोपी के परिवार के लोगों ने मारपीट की एवं उनकी वर्दी फाड़ दी।

शनिवार को लोहामंडी थाने के पुलिस अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी और नामजदों और अज्ञात लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं, सभी फरार हैं। पुलिस के अनुसार आगरा के लोहामंडी थानाक्षेत्र के खातीपाड़ा के शानू कुरैशी के खिलाफ अदालत ने एक मामले में गैरजमानती वारंट जारी किया था। शुक्रवार देर रात पुलिस वारंट को तामील कराने उसके घर पहुंची। पुलिस ने उसे वारंट की जानकारी देते हुए गिरफ्तार कर लिया। यह सूचना मिलने पर आरोपी शानू कुरैशी के परिजन मौके पर पहुंच गए। उन्होंने और लोगों को भी बुला लिया। पुलिस के मुताबिक इस दौरान वे लोग शानू कुरैशी को छोड्ऽ345ऽ की मांग करने लगे। पुलिस ने उन्हें अदालत के आदेश की जानकारी दी। इसके बावजूद उन लोगों ने पुलिसकर्मियों को बाइक से गिरा दिया, उनके साथ मारपीट की और उनपर पथराव कर शानू को उनके कब्जे से छुड़ा ले गए।

पुलिस पर हमला, मारपीट, वर्दी फाड़ने के आरोप में शानू कुरैशी उसके भाई के अलावा हाजी मोहम्मद उर्फ बाबू, इमरान कुरैशी, गुलफाम, असलम, तोतला पठान, नदीम और 25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस मुठभेड़ में 10 हजार के इनामी दो गो तस्कर गिरफ्तार

प्रयागराज। प्रयागराज में धूमनगंज थानाक्षेत्र के कसरिया गांव में शनिवार को पुलिस मुठभेड़ में दो कथित गो तस्करों गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेड़ में इन अभियुक्तों के पैर में गोली लगी।पुलिस उपायुक्त (नगर) दीपक भूकर ने बताया कि शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि 10,000 रुपए के इनामी दो अपराधी- खुशरो और ताहा कसरिया गांव में छिपे हैं जिसके बाद पुलिस ने गांव में घेराबंदी की तो इन बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्वाई में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी जिससे वे घायल हो गए और पुलिस की टीम ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनके अनुसार घायल बदमाशों के पास से दो देसी तमंचा (315 बोर), सात कारतूस, दो खोखा कारतूस और एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।भूकर ने बताया कि इन अभियुक्तों के खिलाफ थाना धूमनगंज में गो तस्करी के कई मामले दर्ज हैं और इनकी गिरफ्तारी के लिए 10,000-10,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

प्रयागराज मे हर्ष फायरिंग मे तीन बच्चे समेत चार घायल

प्रयागराज। प्रयागराज जिले में गंगापार सराय इनायत थानाक्षेत्र के चक मुजम्मिल गांव में बारात वापस लौटने पर हर्ष फायरिंग के दौरान बंदूक में फंसी गोली निकालते समय चल जाने से तीन बच्चे समेत चार लोग मामूली रूप से घायल हो गए।सराय इनायत थाने के प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि शुक्रवार को शादी होने के बाद शिव प्रकाश की बारात शनिवार को चक मुज्जमिल गांव लौटी थी और परिवार में जश्न का माहौल था, उसी दौरान दुल्हन के गृह प्रवेश के दौरान शिव प्रकाश के रिश्तेदार प्रकाश सरोज ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायरिंग की।

वार्षिकोत्सव में बच्चों का रंगारंग धमाल

बांदा। गुरु राम राय पब्लिक स्कूल चिल्ला रोड के विद्यालय प्रांगण में वार्षिकोत्सव का रंगारंग बच्चों के नृत्य नाटिका नुक्कड़ सभाएं तथा सभी धर्म के नृत्य का आयोजन किया गया गुरु राम राय पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह रन्होत्रा के दिशा निर्देशन में बांदा जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा गणमन नागरिक और अभिभावक गण उपस्थित हुए आपको बताते चलें कि प्रोग्राम में एक नृत्य नाटिका मैं बच्चियों को कोख में मार देना और मां.बाप का बच्चियों के प्रति गलत रवैया जिसमें सिर्फपिता और मां को लड़के की ही चाह होती है उसको दर्शाया गया है इस नृत्य नाटिका ने लोगों के आंखों में अश्रु की धारा बहा दी आप उस समय सभी की नम आंखें देख सकते थे जबकि आज के युग में लड़कियां भी किसी से कम नहीं है चैट फाइटर प्लेन लड़कियां चल रही हैं सेवा में कमांडर लड़कियां हैं पुलिस में आईपीएस लड़कियां हैं डॉक्टर लड़कियां हैं इंजीनियर लड़कियां हैं साइंटिस्ट लड़कियां हैंद्य

60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए प्रशिक्षण शिविर

मीरजापुर।। नरायनपुर विकास खंड में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दो प्रमुख योजनाएं दिव्यांग जनों के लिए तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए राष्ट्रीय वयोश्री योजना इन दोनों महत्व योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिंद व प्रदेश उपाध्यक्ष डा0 अनिल सिंह पटेल ने दिव्यांगजनो एवं वृद्धजनों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरण प्रशिक्षण शिविर में जाकर आए हुए वृद्धजन और विकलांगजन से मिलकर कर लगाए गए कैंप का विस्तृत जानकारी देते हुए मा0 केन्द्रीय मंत्री जी के कार्यों के विषय में बताया गया। कैंप लगे हुए सभी स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पंचायत मंच विजय सिंह प्रधान, प्रदेश सचिव पंचायत मंच पप्पू पटेल, जिला अध्यक्ष युवा मंच उदय पटेल, विधानसभा अध्यक्ष धनंजय पटेल, जोन अध्यक्ष कमलेश सिंह, जोन अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह पटेल, अजीत पटेल सहित भारतीय जनता पार्टी एवं अपना दल एस के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

अभियान:मतदाता होता है लोकतंत्र का आधार

आलोक निगम। बांदा

निर्वाचन आयोजग के निर्देशों के कम में मतदाता संक्षिप्त पुर्नरीक्षण विशेष अभियान.2024 के अन्तर्गत आज आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की उपस्थिति में बृहद मतदाता जागरूकता मेले का आयोजन पं0 जेएन पीजी कॉलेज बांदा में किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा बाल कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि लोकतंत्र का आधार मतदाता होता है और दुनिया का सबसे बडा लोकतंत्र भारत वर्ष हैए जितने अधिक मतदाता पंजीकृत होंगे और मतदान में प्रतिभाग करेंगे उतना ही लोकतंत्र मजबूत होगा। अत: मतदाता बनने के लिए व मतदान में प्रतिभाग हेतु सभी लोंगो का नाम मतदाता सूची में अवश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाता बनने के लिए छात्रध्छात्रायेंए जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो गयी हो या दिनांक 01 जनवरीए 2024 को पूर्ण होने वाली होए ऐसे युवा अपना फार्म.6 भरकर अथवा निर्वाचन आयोग की बेब साइट अवजमतेण्मबपण्हवअण्पद से ऑनलाइन आवेदन कर अपना पंजीकरण अवश्य करायें। उन्होंने कहा कि उनके घर.परिवार के लोंगो का नाम भी मतदाता सूची में चेक कर लेंए यदि कोई परिवार

का सदस्य छूट गया हो तो उसका भी पंजीकरण कराकर उसको भी मतदाता बनायें। उन्होंने कहा कि मतदाता बनने के लिए किसी स्थायी निवास की आवश्यकता नही है। सामान्य निवासी होने पर भी मतदाता बन सकते हैं।आपको बताते चलें की बांदा जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सभी युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है या 01 जनवरीए 2024 को पूर्ण होने वाली है। मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में अपना नाम मतदाता बनने के लिए फार्म.6 भरकर अवश्य पंजीकरण करायें। उन्होंने कहा कि मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत विशेष तिथियों 26 नवम्बर व 02 दिसम्बर एवं 03 दिसम्बरए 2023 को भी बचे हुए लोग जिनका नाम मतदाता सूची में छूट गये है वह अपने.अपने बूथों पर जाकर अपना नाम दर्ज करा सकते हैंए सभी बूथों पर सम्बन्धित बीएलओ प्रात: 10रू00 बजे से उपस्थित रहेगें। अत: इन तिथियों में भी जो लोग मतदाता बनना चाहते हैं अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में मतदाताओं के पंजीकरणए मतदाता सूची में नाम संशोधन ध् शुद्धीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा क्यूआर कोड भी संचालित किया गया हैए जिसके माध्यम से आप सभी अपने मोबाइल के द्वारा स्कैन कर सम्बन्धित ऐप या बेबसाइट पर अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते हैंए एवं नाम दर्ज न होने पर दर्ज कराने की प्रकिया अपना सकते हैं।उन्होंने सभी युवाओं से अपील की कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे पुनरीक्षण कार्यकम में अपना नाम मतदाता सूची में ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन के माध्यम से अवश्य पंजीकृत करवायें और अन्य लोगो को भी जागरूक करते हुए मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि जो मतदात्ता मृतक या किसी दूसरे स्थान पर सिफ्ट हो चुके हैंए उनका नाम मतदाता सूची में अपमार्जन के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चल रहे अभियान ष्मैं हूँ नाष् के अन्तर्गत आप सभी अपने परिवार के नाम मतदाता सूची में अवश्य चेक कर लें।

सैंथवार मल्ल भागीदारी संकल्प महारैली आज

संतकबीरनगर। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में सैंथवार मल्ल समाज कमर कसके सक्रिय हो गये है। सैंथवार मल्ल भागीदारी संकल्प के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगा सिंह सैंथवार के नेतृत्व में रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग मनियरा स्थित एक होटल में संकल्प महारैली का आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री/पूर्व विधायक देवनारायण उर्फजीएम सिंह, ब्लाक प्रमुख बघौली योगेन्द्र सिंह उर्फ बबलू व चेयरमैन नगर पंचायत मुण्डेरवा अजय सिंह उर्फ टिंकू है। गंगा सिंह सैंथवार ने सैंथवार और मल्ल समाज के लोगो को भागीदारी संकल्प महारैली में शामिल होने का अपील किया है।

आगरा में अनियंत्रित बस चार दुकानों को रौंदती हुई पेड़ से टकराई, चालक की मौत

आगरा। आगरा-ग्वालियर राजमार्ग पर एक अनियंत्रित बस चार दुकानों को रौंदती हुई एक पेड़ से जा टकराई जिससे चालक की मौत हो गई तथा कुछ यात्री घायल हो गए। मलपुरा थाना प्रभारी ईश्वर सिंह तोमर ने बताया कि सुबह करीब पौने दस बजे मलपुरा गांव के बाद फ्लाईओवर के पास चालक को गहरी झपकी आ गई जिससे तेज रफ्तार वोल्वो बस बेकाबू हो गई और वह चार दुकानों को रौंदती हुई एक पेड़ से जा टकराई।

तोमर ने बताया कि पुलिस ने लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को को बाहर निकाला तथा चालक समेत गंभीर रूप से घायल चार यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार डॉक्टरों ने बस चालक हेमंत (38) को मृत घोषित कर दिया जो राजस्थान के धौलपुर जिले के पंचगाई का निवासी था।

तीनों तहसीलों में रोल प्रेक्षक ने किया भ्रमण मतदाता पुनरीक्षण अभियान का लिया जायजा

संतकबीरनगर। मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल बस्ती/रोल प्रेक्षक अखिलेश सिंह द्वारा आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत चलाये जा रहे विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जनपद के तीनों विधानसभाओं 312-मेंहदावल, 313-खलीलाबाद, 314-धनघटा (अ0जा0) के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त/रोल प्रेक्षक द्वारा मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदेय स्थल हीरालाल इण्टर कॉलेज के सभी 06 बूथों एवं मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय मैलानी के 02 बूथों का निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त/रोल प्रेक्षक द्वारा विधानसभा क्षेत्र धनघटा अन्तर्गत मतदान केन्द्र जूनियर हाई स्कूल मुखलिसपुर के सभी 04 बूथों एवं मतदान केन्दे प्राथमिक विद्यालय नोक्ता का निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त/रोल प्रेक्षक द्वारा निरीक्षण के क्रम में विधानसभा क्षेत्र मेंहदावल के मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय बाराखाल के सभी बूथों का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। मतदेय स्थलों के निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त बस्ती मंडल बस्ती/रोल प्रेक्षक द्वारा उपस्थित बीएलओ से संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत अबतक किये गये कार्यो जैसे मतदाता सूची में नाम जोड़ने, घटाने, सशोधित करने, शिफ्ट करने, आदि के बारे में विभिन्न बिन्दुओं पर आकड़ेवार जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर निवार्चक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट सदर शैलेश दूबे, प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी मंजुल मयंक, निवार्चक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव, निवार्चक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट मेंहदावल अरूण वर्मा, सहायक निवार्चक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/तहसीलदार सदर जनार्दन, सहायक निवार्चक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/तहसीलदार धनघटा योगेन्द्र पाण्डेय, नायब तहसीलदार सदर विजय गुप्ता, नायब तहसीलदार मेंहदावल हरेराम यादव सहित बीएलओ आदि उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार वाहन रवाना

संतकबीरनगर। सरकार की योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के अन्तर्गत सूचना, शिक्षा और संचार आधारित विशेष एलईडी प्रचार वाहन को सांसद प्रवीण निषाद, विधायक सदर अंकुरराज तिवारी, विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, विधायक धनघटा गणेश चौहान, जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा कलेक्ट्रट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश व मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार उपस्थित रहे।

सांसद प्रवीण निषाद ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जनपद के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने एवं जनपदवासियों को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा दी जा रही कल्याणकारी योजनाओं सहित विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से ''विकसित भारत संकल्प योजना'' विषयक विशेष वैन द्वारा जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों व समस्त नगरीय निकायों में रूट चार्ट के अनुसार निर्धारित तिथि व समय पर पहुँचकर प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा किसी भी योजना के लाभ से वंचित पात्र लाभार्थियों को आच्छादित भी किया जाएगा। सभी 06 विशेष एलईडी प्रचार वैन द्वारा जनपद में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के रूट चार्ट/कार्यक्रम के क्रम में 9 ब्लाको में प्रचार प्रसार करेगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी का रिकार्ड किया गया वीडियों संदेश एवं विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियों का प्रसारण उपस्थित लोगों को दिखाया जाएगा। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा ''मेरी कहानी, मेरी जुबानी''/सफलता की कहानी कार्यक्रम के अन्तर्गत उनका फीड बैक तथा अनुभव लेते हुए दूसरे लोगों को प्रेरित किया जाएगा। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि आनन्द त्रिपाठी, विकसित भारत सकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी (ग्रामीण)/उप कृषि निदेशक डा0 राकेश कुमार सिंह, एलईडी प्रचार वाहन के नोडल अधिकारी/भूमि संरक्षण अधिकारी सी0पी0 सिंह, जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित खण्ड विकास अधिकारी खलीलाबाद, खण्ड विकास अधिकारी बघौली सहित सम्बंधित आदि उपस्थित रहे।

सदन में मोबाइल, झंडा-बैनर लेकर नहीं जा सकेंगे नेता

● 28 नवंबर से शुरू हो रहा है यूपी विधानसभा का शीतकालीन सत्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र आगामी 28 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। 66 साल बाद योगी सरकार में विधानसभा सत्र नये नियमों के साथ संचालित होगा। पिछले सत्र में ही बदलावों को अनुमति मिलने के बाद अब इस सत्र से इन्हें लागू कर दिया जाएगा। इसके अंतर्गत अब नेताओं को सदन में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा सत्र के दौरान सदन में झंडा और बैनर ले जाने पर भी प्रतिबंध होगा। वहीं योगी सरकार के दौरान नारी शक्ति को प्राथमिकता देने के संकल्प का सदन में भी असर देखने को मिलेगा। सत्र के दौरान महिला सदस्यों को बोलने में खास वरीयता दी जाएगी। मंगलवार से शुरू होने जा रहे यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन के वर्तमान और भूतपूर्व सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त किया जाएगा। वहीं 29 नवंबर को प्रथम पहर में सदन में औपचारिक कार्य, जिसमें अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि को सदन के पटल पर रखा जाएगा। साथ ही विधेयकों का पुरर्स्थापन कार्य होगा। दोपहर 12:30 के बाद वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुपूरक अनुदानों की मांगों का प्रस्तुतिकरण एवं अन्य विधाई कार्य निपटाए जाएंगे। इस सत्र की सबसे खास बात ये रहेगी कि महिला सदस्यों को बोलने में वरीयता दी जाएगी। सत्र के तीसरे दिन 30 नवंबर को वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुपूरक अनुदानों पर चर्चा होगी। सदस्यगणों की मांगों पर विचार एवं मतदान होगा।

चुनावी बला

चुनाव के लिए किसी बड़ी पार्टी का प्रत्याशी बन जाने की सूचना पर खुशी का ठिकाना नहीं रहता। गांव, गली, मोहल्ले में वाह वाह होती है। परंतु जब से सिंह साहब को यह सूचना मिली है कि उन्हें लोकसभा के चुनाव लड़ाया जा सकता है, तब से उनकी बोलती बंद हो गई है। प्रदेश की भगवा सरकार में पर्यटन का परचम लहरा रहे सिंह साहब आज कल बड़े चिंतित हैं। उनके चिंता का कारण चुनावी टिकट है, जो उनको दिया जा सकता है। शायद इसकी सूचना या कहा जाए इसका अंदेशा उनको लग गया है कि आने वाले चुनाव में उन्हें चुनावी रणभूमि में उतर जा सकता है। सिंह साहब के लिए इस चुनाव में जीत हार दोनो ही खतरनाक है, यदि जीत मिली तो सिंह साहब का मंत्री पद जाना पूरी तरह से निश्चित है। यदि हारे तो भी मंत्री पर संकट में आ जाएगा। कुल मिलाकर जीत हार दोनों में ही नुकसान ही दिखाई पड़ता है। ऐसी स्थिति में सिंह साहब के लिए यह चुनाव संकट का विषय बन गया है, जिसको लेकर वह काफी हाल फिलहाल चिंतित है। कुल मिलाकर सिंह साहब हाल ही में होने वाले चुनाव से बचना चाहते है, यदि सिंह साहब इस चुनाव से बच गए,तो समझो कि उनका मंत्री पद बच गया,अन्यथा उनके मंत्री पद पर संकट ही संकट है।



अरमानों पर फिरा पानी

सूबे की सबसे बड़ी पंचायत के एक फैसले की सोशल मीडिया प्रेमी माननीय की मंशा पर कुठाराघात कर दिया है। विशेष कर पहली बार माननीय बनकर बड़ी पंचायत की चौखट पर कदम रखने वालों को अध्यक्ष जी का यह फैसला कुछ रास नहीं आया है। दरअसल 66 से अधिक समय के बाद भगवा सरकार में पहली बार सबसे बड़ी पंचायत नए नियमों के तहत संचालित होने जा रही है। सत्र का आगाज सोमवार से होगा। इस बार सदन में सत्र के दौरान मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा सदन झंडा और बैनर ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया प्रेमी माननीय के सत्र के दौरान अभी तक अपनी लाइव तस्वीर धड़ल्ले से फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम आदि पर पोस्ट किया करते थे लेकिन इस बार उनके अरमानों पर पानी फिर चुका है अब वह ऐसा कुछ भी नहीं कर पाएंगे।

एकला चलो का दम

पिछले कई चुनावों में सफलता का खट्टा स्वाद चख रही बहन जी की पार्टी को इस बार मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान से काफी उम्मीदें हैं। कभी इन राज्यों से खाते में आने वाले वोट से बहन जी की पार्टी क्षेत्रीय से राष्ट्रीय बन कर उभरी थी। फिलहाल अपने चिर-परिचित अंदाज में एकला चलो की रणनीति को अपनाते हुए पार्टी अपने जनाधार के सहारे एक बार फिर मैदान में दम भर रही है। बहन जी की चुनावी जनसभाओं में लगातार कांग्रेस और भाजपा निशाने पर है। वो हर जगह अपने मतदाताओं को समझाने में लगी है कि बहुजन समाज का सत्ता का मास्टर चाभी बनना होगा। ऐसे में अब यह देखना है कि चुनावी परिणाम में एकला चलो का दम इस बार दिखेगा या फिर ईवीएम में ही दम तोड़ देगा। फिलहाल, एकला चलो की रणनीति में पार्टी को अपना भविष्य दिखाई दे रहा है।

हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मिलेगी भरपूर मदद: मुख्यमंत्री

● जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को हर जरूरतमंद तक बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी पात्रों का आयुष्मान हेल्थ कार्ड बनाने और किसी के पास यह कार्ड न होने परए बड़े संस्थानों में उसके इलाज के लिए इस्टीमेट बनाकर शासन को भेजने की हिदायत दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद दी जाएगी।

सीएम योगी शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। जनता दर्शन में उन्होंने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और समयबद्धए गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और बड़े इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में पहुंची एक महिला ने मुख्यमंत्री को अपनी बिटिया के गंभीर रूप से बीमार होने की जानकारी दी। इस पर सीएम योगी ने उससे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। महिला ने बताया कि आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि सबसे पहले महिला की बिटिया को लखनऊ के एसजीपीजीआई या केजीएमयू में भर्ती कराकर तुरंत इलाज शुरू कराया जाए। इसमें जो भी खर्च आना हैए अस्पताल से इस्टीमेट बनाकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को उक्त महिला का आयुष्मान कार्ड बनवाने का भी निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जो भी जरूरतमंद आयुष्मान हेल्थ कार्ड से वंचित रह गए हैं, उनके कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनवाए जाएं।

जनता दर्शन में पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी।

समूहों को मजबूत कर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है

● उप मुख्यमंत्री ने 44 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को कैश क्रेडिट लिंकेज धनराशि 500 करोड़ किया प्रदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों के मेगा बैंक क्रेडिट लिंकेज कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 44 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को कैश क्रेडिट लिंकेज धनराशि 500 करोड़ रूपए प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूहों की दीदियों, बैंकर्स व उपायुक्त स्वत: रोजगार व जिला मिशन प्रबंधको को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने समूहों की दीदियों में जहां नये उत्साह व नई ऊर्जा का संचार किया, वहीं उनमे आगे बढ़ कर कार्य करने का जज्बा भी पैदा किया। कहा कि महिलायें सक्षम और सशक्त हो जाएगी तो देश, दुनिया में नंबर एक पर पहुंच जाएगा और इस दिशा में महिलाएं तेजी से कदम आगे बढ़ा रही हैं और डबल इंजन सरकार उन्हें भरपूर सहयोग भी प्रदान कर रही है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर तीन परिवार में लगभग एक परिवार स्वयं सहायता समूहों से जुड़ा है। हमे समूहों को और अधिक मजबूत, सक्षम व समर्थ बनाकर उन्हें स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर तो बनाना ही है और महिला शक्ति को मजबूत कर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। उन्होंने समूहों के उत्पाद की ब्रांडिंग व बिक्री के लिए एक सेल के गठन की जरूरत बताई। कहा कि समूहों की उत्पादित सामग्री के विपणन के लिए उन्हें सरकारी स्थान तो उपलब्ध कराने का प्रयास किया ही जा रहा है, उनका प्रयास रहेगा कि

बड़े मालों (बिग बाजार) में भी समूहों की उत्पादित सामग्री की बिक्री के लिए स्थान आरक्षित कराया जाए। कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश की 02 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाये जाने का आह्वान किया गया है और लखपति दीदी बनाने में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कहा कि जिस क्षेत्र में भी संभावना है उसमें समूहों को जोड़ा जा रहा है। उन्होंने समूहों का आह्वान किया कि सभी समूह अपने-अपने उत्कृष्ट कार्यो की एक-दो मिनट की वीडियो बनाकर बी एम एम व डी एम एम के माध्यम से मुख्यालय भेजेंए सबसे अच्छी वीडियो को वह प्रधानमंत्री को उपलब्ध करायेंगे। कहा कि हमारा प्रयास होगा कि बी सी सखियों की भांति समूहों की भी अलग-अलग ड्रेस हो जाय। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार के सार्थक प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम नारी शक्ति को मजबूत करने का सफल माध्यम बनेगा।

उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए बैकर्स द्वारा किये जा रहे सहयोग के लिए बैंकर्स की सराहना की।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में 52 करोड़ लोगों के खाते खोले गये और रू0 30 लाख करोड़ की धनराशि विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सीधे उनके खाते में भेजी गयी। राज्य मंत्री ग्राम्य विकास विभाग विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की उत्पादित कई सामग्री बहुत अच्छी क्वालिटी की हैं।

प्रदेश कांग्रेस इकाई के लिए 16 उपाध्यक्षों समेत 130 पदाधिकारी नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कांग्रेस ने शनिवार को उत्तर प्रदेश इकाई के लिए 16 उपाध्यक्षों समेत 130 पदाधिकारियों की नियुक्ति की। पार्टी के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इन पदाधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिए कुल 16 उपाध्यक्ष, 38 महासचिव और 76 सचिव नियुक्त किए गए हैं। नवनियुक्त उपाध्यक्षों में राज्य इकाई के वरिष्ठ नेता सुहेल अंसारी, दिनेश कुमार सिंह, सुशील पासी और शरद मिश्रा शामिल हैं। भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष केशव चंद यादव को भी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कांग्रेस ने अनिल यादव, तनुज पुनिया और सैफ अली नकवी जैसे कई युवा नेताओं को अपनी उत्तर प्रदेश इकाई का महासचिव नियुक्त किया है। तनुज पूर्व सांसद पी एल पुनिया और सैफ पूर्व सांसद जफर अली नकवी के पुत्र हैं। कांग्रेस ने कुछ सप्ताह पहले पूर्व मंत्री अजय राय को पार्टी की प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया था।

अवैध नशे के सौदागरों की योगी सरकार ने तोड़ी कमर

● नशे के सौदागरों पर दर्ज किये गये 40 हजार से अधिक मुकदमे

2 लाख किलो से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के युवाओं को नशे के आगोश में धकेलने वाले मादक पदार्थों के सौदागरों पर योगी सरकार कहर बनकर बरस रही है। पिछले कुछ वर्षों में अवैध नशे के सौदागरों पर ताबड़तोड़ योगी सरकार द्वारा की गई कार्रवाई ने उनकी कमर तोड़ के रख दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सीधी मॉनिटरिंग का ही असर है कि वर्ष 2020 से लेकर अक्टूबर 2023 तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में छापेमारी कर 2 लाख 41 हजार किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1400 करोड़ से अधिक कीमत आंकी गयी है।

वहीं 40 हजार से अधिक मुदकमे दर्ज कर 45 हजार से अधिक सौदागरों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। योगी सरकार द्वारा अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से न केवल प्रदेश में अवैध नशे के कारोबार में भारी गिरावट दर्ज की गई है बल्कि इससे होने वाले अपराध पर भी लगाम लगी है। एडीजी क्राइम एस के भगत ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर ताबड़तोड़ कार्रवाई में तीन साल 10 माह में कुल 241431 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया है। इसमें 194346 किलोग्राम गांजा, 40359 किलोग्राम डोडा पोस्ता तृण, 2032 किलोग्राम अफीम, 3518 किलोग्राम चरसए 984 किलोग्राम हेरोइन (स्मैक), 186 किलोग्राम मारफीन और 3'82 किलोग्राम कोकीन शामिल है। वहीं एनडीपीएस एक्ट के तहत अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफकुल 40929 मुकदमे दर्ज कर कुल 45823 लोगों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे धकेला गया। साथ ही हापुड़ व मथुरा में संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की गई।

ध्वस्त किये गये कारखाने

उन्होंने बताया कि नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए गठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने अक्टूबर 23 तक 9349.93 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया है। इसमें 43 किलोग्राम मार्फिन, 4.85 किलोग्राम हेरोइन, 79.22 किलोग्राम चरस, 35.89 किलोग्राम अफीम, 5965.15 किलोग्राम डोडा और 3259.92 किलोग्राम गांजा शामिल है। वहीं एएनटीएफ ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 71 मुकदमे दर्ज कर 187 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एएनटीएफ ने प्रदेश में संचालित तीन अवैध मादक पदार्थों के कारखानों को ध्वस्त किया है। इसमें 2 आगरा और एक बरेली का कारखाना शामिल है। एएनटीएफ डीआईजी अब्दुल हमीद ने बताया कि इस वर्ष अब तक प्रदेश के आठ जोन में 40905 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया, जबकि अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ 6013 मुकदमे दर्ज कर 7539 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक कानपुर जोन में 10816 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया, वहीं दूसरे नंबर पर वाराणसी जोन में 7763 किलोग्राम, जबकि तीसरे नंबर पर मेरठ जोन में 4626 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया। इसी तरह 7 पुलिस कमिश्नरेट में 13961 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गयाए जबकि अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ 1322 मुकदमे दर्ज कर 1635 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसमें सबसे अधिक आगरा कमिश्नरेट ने 4460 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया। वहीं दूसरे नंबर पर कानुपर कमिश्नरेट में 3,265 किलोग्राम, जबकि तीसरे नंबर पर गौतमबुद्धनगर में 2703 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया।

रेवेन्यू सरप्लस है तो इतनी मंहगाई क्यों है: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश की जनता को भाजपा से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा के नेता जब झूठ बोलना होता है तो अंग्रेजी में बात करते हैं। आज कल मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ऐसी बात करते है जो प्रदेश की जनता की समझ में न आये।

अखिलेश यादव ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है तो डीजल, पेट्रोल पर इतनी महंगाई क्यों है। सरकार किसानों के गन्ने की कीमत क्यों नहीं बढ़ा रही है। नौजवान खाली हाथ क्यों बैठे हैं उनके पास नौकरी और रोजगार क्यों नहीं है, अगर उत्तर प्रदेश रेवन्यू सरप्लस स्टेट है तो किसानों के गन्ने की कीमत बढ़नी चाहिए। गन्ना किसानों का पूरा का पूरा बकाया भुगतान किया जाय। अखिलेश यादव ने कहा कि इसी तरह से भाजपा कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस की बात करती है। सरकार को बताना चाहिए कि प्रदेश में जीरो टॉलरेंस कहा हैं, प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। हत्या और महिला अपराध की घटनाएं प्रदेश में लगातार बढ़ती जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक न्याय की विरोधी है। भाजपा जातीय जनगणना का विरोध कर रही है। जातीय जनगणना के बगैर सामाजिक न्याय नहीं हो सकता है। जातीय जनगणना से सभी जातियों के बारे में जानकारी मिलेगी और उन्हें आबादी के अनुपात में हक और सम्मान दिलाया जाएगा। समाजवादी पार्टी लम्बे समय से जातीय जनगणना की लड़ाई लड़ रही है। समाजवादी पार्टी ताकत में आयेगी तो जातीय जनगणना कराएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि देश में तमाम ऐसी जातियां है जिनकी न तो कोई पहचान है और न उनकी संख्या की जानकारी है।

भाजपा सरकार में पिछड़ों के साथ अन्याय: रामआसरे विश्वकर्मा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा के नेतृत्व में समाज पार्टी के नेताओं ने शनिवार को गार्डेन लखनऊ में धरना स्थल पर पहुंचकर 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण विसंगति को लेकर धरना दे रहे शिक्षक अभ्यर्थियों की मांगो का समर्थन किया। रामआसरे विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़ों के साथ अन्याय हो रहा है। 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण का पालन नहीं किया गया। भाजपा सरकार साजिश के तहत आरक्षण का खत्म कर रही है। इसके कारण दलित और पिछड़े छात्रों को नुकसान हो रहा है। अपनी मांगों को लेकर शिक्षक अभ्यर्थी लम्बे समय से आंदोलन कर रहे हैं लेकिन सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही है। शिक्षक अभ्यर्थियों की मांगों पर सरकार उन्हें पुलिस के द्वारा पिटवाती है।

एलयू के प्रति कुलपति बने प्रो. अरविंद अवस्थी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्रो. अरविंद अवस्थी को विवि का नया प्रतिकुलपति नियुक्त किया है। प्रो. अवस्थी की का कार्यकाल तीन वर्ष का या फिर अधिवर्षिता आयु पूरी करने तक या फिर अग्रिम आदेशों तक रहेगा।

हर वोट हैं जरूरी, मतदाता के रूप में आज ही करवायें पंजीकरण: नवदीप रिणवा

● पुनरीक्षण अभियान 25 एवं 26 नवम्बर तथा 2 एवं 3 दिसम्बर 2023 को समस्त मतदेय स्थलों पर चल रहा है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में प्रदेश में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अभियान संचालित किया जा रहा है जो 9 दिसम्बर 2023 तक चलेगा। पुनरीक्षण अभियान के दौरान मतदाता सूची में पात्र, छूटे हुए तथा युवा मतदाताओं को जोड़ते हुए वोटर लिस्ट को अपडेट भी किया जा रहा है। अभियान के तहत 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते हैं। नये मतदाताओं के लिए फार्म 6, सूची में शामिल नाम को हटवाने या नाम पर किसी तरह की आपत्ति होने पर फार्म 7 तथा निवास परिवर्तन, प्रतिस्थापन या अन्य संशोधन के लिए फार्म 8 का प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि समावेशी अभियान के रूप में मनाते हुए विशेष तिथियों में प्रत्येक पोलिंग बूथ पर लगने वाले विशेष कैम्पों में पात्र एवं छूटे हुए दिव्यांगजन, महिलाएं, बेघर, पीवीटीजी, ट्रांसजेंडर, सेक्स वर्कर्स के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किये जाएंगे। सीईओ रिणवा ने बताया कि इस पुनरीक्षण अभियान की विशेष तिथि 25 एवं 26 नवम्बर तथा 2 एवं 3 दिसम्बर 2023 को समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी अपने बूथ पर मतदाता सूची एवं फार्म के साथ उपस्थित रहकर मतदाताओं की समस्याओं का निराकरण कराएंगे। इसके साथ ही नागरिकों को ऑनलाइन सुविधा हेतु भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट का क्यूआर कोड तथा मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करने हेतु क्यूआर कोड मतदेय स्थलों पर भी चस्पा कर दिये गये हैं।

ड्रोन के जरिए सर्वे प्रक्रिया को पूर्ण करने पर योगी सरकार का फोकस

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने एरियल ड्रोन सर्वे की शुरू की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र लगातार भारत व वैश्विक पटल पर सुर्खियां बटोर रहा है। यहां जेवर एयरपोर्ट समेत तमाम परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए तेज गति से कार्य चल रहा है। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप ग्रेटर नोएडा के तमाम क्षेत्रों में वृहद एरियल ड्रोन सर्वे की तैयारी कर ली है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की अध्यक्षता में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के विकास का रोडमैप तैयार किया गया था और इसी के एक प्रमुख चरण के तौर पर ड्रोन सर्वे की प्रक्रिया को शुरू करने की तैयारी हो गई है।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए कुल 7 जोन्स का चिन्हांकन किया है जिनमें आने वाले विभिन्न गांवों का एरियल सर्वे करने की तैयारी है। उल्लेखनीय है कि कई चरणों में इस प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा तथा पहले चरण में मुख्यत: 15 गांवों में ड्रोन सर्वे को अंजाम दिया जाएगा। वहीं ड्रोन सर्वे की इस सारी प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए 6 महीने की समयसीमा निर्धारित की गई है। इस क्रम में ई.बिडिंग प्रक्रिया के जरिए कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी का निर्धारण किया जाएगा तथा कार्यों की पूर्ति के लिए बाकायदा जनशक्ति आबद्ध की जाएगी।

इस ड्रोन सर्वे के जरिए यीडा के अंतर्गत आने वाले जोन 5 व 6, जोन 7, जोन 9, जोन 3 जोन 8 व जोन 4 के गांवों में ड्रोन सर्वे को अंजाम देने की तैयारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि यह ड्रोन सर्वे कई मामलों में विशिष्ट होगा और इसके जरिए गांवों की अवसंरचना व भौगोलिक परिस्थितियों की मैपिंग तथा चिह्नांकन की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। इस कार्य का निरीक्षण यीडा के सीइओ द्वारा स्वयं किया जाएगा। सर्वे को पूर्ण करने के लिए जिन कॉन्ट्रैक्टर एजेंसियों को कार्य आवंटित किया जाएगाए उन्हें निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के जनशक्ति आबद्ध करने का भी अधिकार होगा। सर्वे को पूर्ण करने के लिए एजेंसी द्वारा कैंप्स का गठन किया जाएगा तथा आवश्यकता अनुसार इंजीनियर्स व टेक्निकल स्टाफ को भी आबद्ध किया जाएगा।

यीडा द्वारा सर्वे प्रक्रिया को अंजाम देने के साथ ही कई अन्य विकास परियोजनाओं पर भी कार्य चल रहा है। इनमें सेक्टर 18 में पॉकेट 6डी में रोड ड्रेन, सीवर व वॉटर सप्लाई प्रक्रिया को पूर्ण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहींए सेक्टर 29 में कई स्थानों पर अंडरग्राउंड वॉटर रिजरवॉयर बनाने की भी तैयारी है। इसके अतिरिक्तए धोरऊ में गौशाला में भूसा व खल.चोकर स्टोर करने के लिए अतिरिक्त शेड व कनेक्टिंग रोड के निर्माण की प्रक्रिया पर भी काम चल रहा है। यीडा रीजन में फिनटेक हब बनाने के लिए एक वृहद डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी कंपाइल की जाएगी जिसको पूर्ण करने के लिए कंसल्टेंट्स को आबद्ध किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत किया गया जागरूक

पोस्टर के साथ खड़े बच्चे

शाहजहांपुर। जीएफ कॉलेज शाहजहांपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत भाषण पोस्टर और क्विज प्रतियोगिता का जनपद स्तर पर आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 12 महाविद्यालय के छात्र. छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में जीएफ कॉलेज की गौसिया नसीम प्रथम, राजकीय महाविद्यालय कांट की नैंसी सिंह द्वितीय, जीएफ कॉलेज की साक्षी शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में जीएफकॉलेज की यशी गुप्ता प्रथम, प्रगति प्रजापति द्वितीय और आर्य महिला पीजी कॉलेज की गीता देवी ने तृतीय स्थान हासिल किया। क्विज प्रतियोगिता में जीएफ कॉलेज की कृति सैनी प्रथम, राजकीय महाविद्यालय कांट की प्रकृति मिश्रा द्वितीय और आर्य महिला पीजी कॉलेज की श्रद्धांजलि सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारीख की देखरेख में संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रोफेसर राजकुमार सिंह उच्च शिक्षा थे। निर्णायक मंडल में डॉ रईस अहमदएडॉ अनूप कुमारए डॉ अरविंद कुमार एवं मक्खी फातिमा थीं। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र.छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन

शाहजहांपुर । शनिवार को सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स नोएडा के तत्वाधान में डॉ? सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद शाहजहाँपुर के विभिन्न इण्टर कॉलेजों के लगभग 90 षिक्षक.षिक्षिकाओं ने सहभागिता की। मुख्य वक्ता के दायित्व का निर्वहन करते हुए आर?सी? धसमानाए निदेषकए राधामाधव पब्लिक स्कूलए बरेली ने ष्लर्निंग आउटकम एण्ड पेडॉगोजीष्ष् विषय पर प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आप ने छात्रों को जो पढ़ाया ये नहीं बल्कि उसमें छात्रों ने क्या सीखा यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने षिक्षकों को कहा कि आप छात्रों को उनकी रूचि अनुसार पढ़ाने पर जोर दें और उसके बाद उनका दैनिक या साप्ताहिक परीक्षण भी करते रहें कि आपने छात्रों को जो पढ़ाया उससे छात्रों ने क्या लियाए क्या सीखा।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता आर?सी?धसमानाए विद्यालय के प्रबन्धक संजय गुप्ताए प्रधानाचार्या उज्जवल मिश्रा और उप.प्रधानाचार्या डॉ? ज्योत्सना द्विवेदी ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवन एवं पुष्पांजलि से किया।अभिषेक सक्सेना और दिव्यांष मिश्रा ने चन्दन तिलक एवं वैज लगाकर अतिथियों का स्वागत किया जिसके बाद विद्यालय की प्रबन्ध समिति के प्रबन्धक संजय गुप्ता ने अतिथियों का परिचय देते हुए कार्यक्रम को दिषा दी।शालिनी अग्निहोत्री के संचालन में लगभग सात घण्टे चली कार्यषाला के अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या उज्जवल मिश्रा ने सभी का धन्यवाद देते हुए उपर्युक्त विषयक से सम्बन्धित एक प्रष्नावली भी भरवाई। सम्पूर्ण कार्यक्रम में मोनिका सेठए विमल कुमारए विनीत सक्सेनाए संदीप तिवारी आदि का प्रमुख योगदान रहा।

पुलिस और गौतस्करों के बीच मुठभेड़, एक बदमाश घायल, दो हिरासत में

बरेली । गौवंश पशु को हांक कर ले जा ररहे बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई पुलिस की जबाबी फायरिंग में एक गौ तस्कर के पैर में गोली लगने से घायल हो गया पुलिस ने घेराबंदी कर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया और घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि एक बदमाश फरार हो गया ।

थाना इज्जतनगर मे विलय धाम के पास पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन गौ तस्कर गोवंश पशु को हांक का ले जा रहे हैं सूचना मिलते ही मौके पर पहूंची पुलिस टीम को देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी तब पुलिस की जबाबी फायरिंग में एक गोली बदमाश के पैर में गोली लग गई पुलिस ने घेराबंदी कर नाजिम और कदीर अहमद को गिरफ्तार कर लिया जबकि पंजाब निवासी सागर मौका पाकर फरार हो गया घायल कादिर को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।पकड़े गए बदमाश ने बताया 19 नवंबर की रात वह सभी लोग पंजाब से ट्रक में गौवसिया पशुओं को लेकर आए थे तब पुलिस के पहुंचने पर वह फरार हो गए और ट्रक व पशुओं को पुलिस ने कब्जे में ले लिया था आरोपी के विरुद्ध थाने में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया ।

बाइक की टक्कर से बुजुर्ग घायल

बरेली । खेत से वापस लौट रहे बुजुर्ग किसान को तेजी से आ रही मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया । फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव पट्टी निवासी 70 वर्षीय डालचंद को आज तो सुबह इलाज के लिए घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि डालचंद आज सुबह रोजाना की तरह अपने खेत पर गए थे जहां से वह घर वापस लौट रहे थे लेकिन फतेहगंज पश्चिमी टोल प्लाजा के पास सड़क पार करते समय तेजी से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली मोटरसाइकिल फरार हो गई सूचना मिलने पर पहुंचे घर वाले उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाये दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली मोटरसाइकिल फरार हो गई ।

प्रेमी संग फरार बेटी से जेवर और नकदी वापस दिलाने की मांग

बरेली । रुपये और जेवर लेकर प्रेमी संग फरार भी युवती के पिता ने बेटी से रिश्ता तोड़ लिया और पुलिस से जेवर-रुपये वापस दिलाने की मांग की पुलिस ने प्रेमी और उसके परिवार के 6 सदस्यों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू करदी सुभाषनगर थाना क्षेत्र के करगैना गौटिया निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी बेटी को सौरभ नाम का एक युवक 21नवंबर दिन में तीन बजे भगा ले गया जाने से पहले बेटी घर में रखे 70 हजार रुपये और जेवर ले गई इसकी कुल कीमत लगभग एक लाख 60 हजार रुपये है सौरभ के मौसेरे भाई वीरपाल की लड़की ने उन्हें बताया कि उनकी बेटी को सौरभ भगा ले गया है अब वह बेटी से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रखना चाहता उसने कहा कि बेटी को भगाने में सौरभ के अलावा उसके भाई पप्पू, मनोज, नितिन, सौरभ की भाभी मंजू, गुंजा और सौरभ के बहनोई किला निवासी विजय का हाथ है वह केवल अपना रुपया व जेवर वापस लेना चाहते है पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू करदी ।

कार ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

बरेली । तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई दुर्घटना के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव ट्यूलिया निवासी 19 वर्ष तनुज पुत्र घासीराम एक ठेकेदार के साथ काम करता था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के मौसेरे भाई राजेश गंगवार और चाचा ने बताया कि शनिवार सुबह तनुज बाइक से किसी काम से घर से निकला था गांव के कुछ दूर नहर के पास तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी दुर्घटना में उसकी मौत हो गई और बाइक क्षतिगस्त हो गई दुर्घटना के बाद आरोपी कार चालक कार छोड़कर फरार हो गया।

किला से बच्चे का किडनैप, पब्लिक की मदद से किडनैपर दबोचा'

बरेली । जिले में बच्चा चोर की दस्तक हो गई है घर के बाहर अगर आपका बच्चा खेल रहा है तो सावधान हो जाइए कहीं ऐसा ना हो की आप आपका बच्चा चोरी हो जाये तो कोई बड़ी बात नही होगी। बाकरगंज इलाके में मांझा कारीगर का बच्चा दरवाजे के बाहर खेल रहा था कि शनिवार की सुबह अचानक उनका बच्चा लापता हो गया और उसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया शोर शराबा होने पर लोग अलर्ट हो गए और उसकी तलाश के लिया निकल पड़े रेलवे फाटक के पास से एक आरोपी को पुलिस की मदद से दबोच लिया जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया है पकड़ेगा आरोपी ने पुलिस को बताया कि एक महिला से बच्चा चोरी करने की डील हुई थी बच्चे का सौदा 20000 में किया गया था आरोपी ने पुलिस को बताया कि बच्चों को चुराने के लिए कुछ एडवांस भी दिया गया हालांकि पुलिस ने इस मामले में 363 के तहत थ्यत दर्ज करआरोपी को जेल भेज दिया दूसरे आरोपी की तलाश जारी है,थान किला इलके के रहने वाले माझा कारीगर शखरुद्दीन का 3 साल का बेटा सुभान घर के दरवाजे पर 10.30 बजे के आस पास खेल रहे था खेलते वक्त अचानक उनका बेटा लापता हो गया आनंद आनंद में परिवार के सदस्यों ने बेटे की तलाश शुरू कर दी तो एक महिला ने लोगों को सुभान को ले जाते हुए देख लिया था इसके बाद बाकरगंज रेलवे फाटक के पास आरोपी को मैं बच्चों के साथ पकड़ लिया पब्लिक ने मारपीट की है,सुभान की मां की गोद में बच्चा आते ही आंचल से लिपट गया। लोगों का कहना था कि ऐसे किडनैपर के खिलाफ शक्ति से कार्रवाई होना चाहिए, पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि बच्चा ?20000 में शमशान भूमि के पास की रहने वाली एक महिला ने उसे बच्चों को खरीदने का सौदा किया था पुलिस हिरासत में आरोपी आजम ने बताया की उस बच्चा चोरी करके उसे महिला के पास पहुंचाना था जिसके एवज में उसे ?20000 मिलना थे। किला इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार की सुबह 10रू30 बजे बच्चा चोरी होने की सूचना मिली थी घटना को गंभीरता से लेते हुए फोर्स को अलर्ट कर दिया और रेलवे फाटक पर आरोपी आजम को बच्चा के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

कांग्रेसियों ने चाय पर चर्चा कार्यक्रम कर लोगों का ध्यान आकर्षित कराया

शाहजहांपुर । समाजवाद सेकुलर शब्द हटाने के विरोध में कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने पदाधिकारी ने चाय पर चर्चा कार्यक्रम के तहत संविधान के बारे में लोगों को बताया कि इंदिरा गाँधी की सरकार ने 1976 मे संविधान में 42 वां संशोधन करते हुए प्रस्तावना में समाजवादी और सेकुलर शब्द जोड़ दिया था स सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई फैसलों मे कहा है कि प्रस्तावना मे संसद भी कोई बदलाव नही कर सकती अगर संविधान से छेड़छाड़ करने की कोशिश की तो कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर इसे बर्दाश्त नहीं करेगी और यह लड़ाई भले ही संसद तक लड़नी पड़े हर कीमत पर कांग्रेस पार्टी यह लड़ाई लड़ने के लिए हर वक्त तय्यार है चाहे वह दलित का मसला हो या किसानों का या बेरोजगारों का या बढ़ती हुई महंगाई का कांग्रेस पार्टी चुप बैठने वाली नहीं है जिसका जो हक है वह दिलाने के लिए हर वक्त तैयार है इस मौके पर ज़िला उपाध्यक्ष सलीम इदरीसी ए जिला सचिव चान्द मुस्तफा ए ज़िला उपाध्यक्ष वसीम खान ए सैय्यद इल्हाज़ ए आरफीन अन्सारी ए मो0 वसीम खान ए मो0 शमीम खान ए शाकिर अली ए लाला ए फरीद ए जमशेद ए शब्बू खाँ ए जिला सोशल मिडिया प्रभारी शहज़ाद कुरैशी ए आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे

क्विक न्यूज

रेल मंत्रालय से अजमेर शताब्दी एक्सप्रेस को बरेली से चलाने की मांग

बरेली। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने भारतीय रेल मंत्री मा.अश्वनी वैष्णव जी से ट्रेन अजमेर शताब्दी एक्सप्रेस को बरेली जंक्शन रेलवे स्टेशन से चलाने की मांग उठाई हैं,नई दिल्ली स्टेशन से अजमेर शताब्दी एक्सप्रेस प्रतिदिन चलती हैं,अजमेर से दिल्ली तक का सफर इस ट्रेन में पता ही नही चलता,बेहतरीन सुविधा इस ट्रेन के माध्यम से यात्रियों को मिलती हैं, इस ट्रेन को यदि बरेली से चलाया जाये तो बरेली के आसपास के जिलों जनपदों के अलावा, रामपुर, मुरादाबाद , अमरोहा, हापुड़, गाजियाबाद आदि जिलों के यात्रियों को सुविधा मिल जाएंगी और अजमेर जाने और आने वाले जायरीन को लाभ मिलने के साथ साथ रेल मंत्रालय को भी आर्थिक लाभ मिलेगा, 812वें सुल्तान ए हिन्द हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलेह गरीब नवाज अजमेर शरीफ की दरगाह पर उर्स शुरू होने जा रहे हैं, 8 जनवरी 2024 को परचम कुशाई की रस्म से उर्स ए पाक का आगाज होगा, 13 जनवरी जन्नती दरवाजा खोला जाएगा, 18 जनवरी को छटी शरीफकी रस्म व कुल शरीफकी रस्म अदायगी होगी,जिसमे शामिल होने के लिये देश विदेश के अकीदतमंद शामिल होते हैं वहीं बरेली मण्डल से भी हजारो की तादात में अकीदतमंद अजमेर शरीफजाते हैं,देशभर से जायरीन बरेली की दरगाह आला हजरत पर भी हाजरी देकर अजमेर शरीफ रवाना होते हैं।अकीदतमंदों और यात्रियों की सुविधा के लिये अजमेर शताब्दी एक्सप्रेस को बरेली से चलाया जाये,देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , मुख्यमंत्री. योगी आदित्यनाथ , सासंद संतोष गंगवार से मांग हैं कि इस सुझाव पर अमल कराने के लिये रेल मंत्रालय से कोशिश करें कि इस पर जल्द अमल हो जाये ताकि आने उर्स ख्वाजा गरीब नवाज के मौके पर यात्रियों को लाभ मिल सकें। वहीं ट्रेन की मांग करने वालो में हाजी साकिब रजा खाँ,मोहम्मद शादाब रजवी,सय्यद तय्यब चिश्ती,हाजी यासीन कुरैशी,शम्मू खान,अहमद उल्लाह वारसी,मोहम्मद ऐजाज,हाजी फैजान आदि ने की।

यूपी परिवहन निगम में मिलेगी छूट

बरेली। कंपनी वन-97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ने पेटीएम ऐप के माध्यम से ऑनलाइन बस टिकट बुकिंग के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के साथ भागीदारी की है। इसके तहतए उपयोगकर्ता बस टिकट पर 150 रुपये तक की 15 प्रतिशत तत्काल छूट का लाभ उठा सकते हैं। पेटीएम ने उपयोगकर्ताओं को 3,000 मार्गों पर ऑनलाइन टिकट बुक करने का अधिकार दिया है जो यूपीएसआरटीसी द्वारा एसी और गैर एसी दोनों बसों में संचालित किए जाते हैं। ऐप के माध्यम से लखनऊ,दिल्ली, लखनऊ,गोरखपुर, लखनऊ,आगरा, दिल्ली हरिद्वार, बरेली दिल्ली, लखनऊ.वाराणसी जैसे प्रमुख मार्गों के लिए यूपीएसआरटीसी बस टिकट बुक किए जा सकते हैं। पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के साथ हमारा एकीकरण राज्य में पेटीएम ऐप का उपयोग करके सुविधाजनक बस टिकट बुकिंग को सक्षम करेगा। हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना हैए जिससे उपयोगकर्ताओं को सस्ती और परेशानी मुक्त टिकट बुकिंग में मदद मिलेगी।

बुजुर्ग महात्मा पर बंदरों ने किया हमला

बरेली । धार्मिक स्थल के पास बैठे एक बुजुर्ग महात्मा पर कई बंदरों ने हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नगरिया कला स्थित धार्मिक स्थल पर बने कमरे में रहने वाले बुजुर्ग महात्मा मिढई लाल को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया जहां उनके परिजनों ने बताया कि मिढई लाल आज सुबह धार्मिक स्थल के पास बैठकर धूप सेक रहे थे इसी दौरान पेड़ से उतरे कई बंदरो ने उन्हें घेर कर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गए उनके चीखने की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और बंदरों को भगाने के बाद उन्हें इलाज के लिए पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए और फिर जिला अस्पताल लाये

दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

बरेली । सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । बदायूं के बिनावर थाना क्षेत्र के गांव सिवलोरी निवासी 20 वर्षीय फरमान की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 19 नवंबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि दुर्घटना वाले दिन फरमान अपने दोस्त असद और एक अन्य युवक के साथ बिनावर कस्बे में एक बारात घर में आयोजित अपनी तहेरी बहन के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल पर घर से निकला था लेकिन बिनावर में ही तेजी से आ रहे एक टैंकर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए बिनावर के अस्पताल में भर्ती कराया जहां से फरमान और उसके साथी को इलाज के लिए बरेली लाया गया जबकि असद की अस्पताल में वहीं पर मौत हो गई कई दिनों तक चलेगा आज के बाद बीती रात फरमान ने भी दम तोड़ दिया पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में आगे बढ़ रही यूपी

आगरा। सबसे तेजी से बढ़ती स्टैंड अलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में से एक मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस, उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत में सक्रिय रूप से अपनी पहुंच बढ़ा रही है। कंपनी का लक्ष्य स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण जरूरतों की एक विस्तृत श्रृंखला को पूरा करना है और विभिन्न ग्राहक वर्गों की अद्वितीय स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नए स्वास्थ्य बीमा सॉल्यूशन पेश किए हैं। उत्तर प्रदेश के बाजार पर ध्यान केंद्रित करने के साथए मणिपालसिग्ना का लक्ष्य स्वास्थ्य बीमा को अपनाने की दर को बढ़ाना है और अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक सुविधाजनक और आजीवन पहुंच प्रदान करना है। मणिपालसिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस की मुख्य विपणन अधिकारी सपना देसाई ने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 ;के अनुसार उत्तर प्रदेश में केवल 15.9 प्रतिशत परिवार स्वास्थ्य बीमा या वित्तपोषण द्वारा कवर किए गए हैं। इस क्षेत्र में जीवनशैली से संबंधित बीमारियों और सड़क दुर्घटनाओं में भी वृद्धि देखी गई है। इस स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतों और उपचार के खर्चों का समाधान करने के लिएए मणिपाल सिग्ना में लाइफटाइम हेल्थ और प्रोहेल्थ प्राइम जैसे बीमा उत्पाद हैं।

चार्ज संभालते ही पत्रकारों से रूबरू हुए उप निरीक्षक विनोद सिंह

ओयल। उप निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह के गैर जनपद तबादले के बाद उप निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कारभार संभाल! पहले ही दिन पत्रकारों से रूबरू होते हुए पत्रकारों से उनका परिचय जाना तथा अपना परिचय उनको दिया! परिचय के बाद समस्त मीडिया बंधुओ से उन्होंने सहयोग की अपेक्षा की! आपको बताते चलें कि विनोद कुमार सिंह अमेठी के रहने वाले हैं तथा 17 बैच से है! इससे पहले जिले में कई पदों पर यह तैनात रहे हैं! सबसे पहले इनकी नियुक्त जेल गेट चौकी प्रभारी के रूम में हुई थी! थाना हैदराबादए मजगई चौकी इंचार्ज व मेला चौकी इंचार्ज के रूम में कार्य किया है!

चौबारी स्थित रामगंगा स्नान घाटों एवं मेले का किया निरीक्षण

बरेली । जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान के साथ चौबारी स्थित रामगंगा स्नान घाटों एवं मेले का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को मेले में सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ-सफाई के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि स्नान घाट में श्रद्धालुओं के स्नान हेतु उचित व्यवस्था एवं बैरिकेडिंग की जाये, जिससे श्रद्धालु अधिक गहराई में ना जा सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि स्नान घाट के पास महिलाओं के लिये पर्याप्त चेंजिंग रूम बनाया जाये और गोताखोरों की तैनाती की जाये एवं उन्हें लाइफ जैकेट भी उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि मेला स्थल से लेकर घाट तक अलाउंसमेण्ट सिस्टम की उचित व्यवस्था की जाये। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश, उप जिलाधिकारी सदर रत्निका श्रीवास्तव, तहसीलदार सदर, क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पति ने पत्नी को किया जान से मारने का प्रयास

बरेली । दुकान पर पति नहीं मिला तो पत्नी ने नौकर से जानकारी ली शक होने पर वह किराए के कमरे में पहुंची जो बाहर से बंद था रोशन दान से झांककर देखा तो उसका पति को एक किशोरी के साथ आपत्तिजनक हालत मे देखा विरोध करने पर पति ने हमले की कोशिश की तब वह जान बचाकर मायके पहुंची और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई ।किला निवासी एक महिला ने बताया कि उसका विवाह दिल्ली के संजय कोचर के साथ 2010 में हुआ था जेठानी और सास दहेज की मांग करते थे विरोध करने पर जानलेवा हमला भी किया पति संजय हरियाणा से शराब की तस्करी करता है वह नाबालिग लड़कियों को अपने जाल में फंसाकर देह व्यापार भी कराता है उसकी प्रतिमाह डेढ़ से दो लाख रुपये आमदनी है दिखावे के लिए वह चश्मे,घड़ी, मोबाइल की दुकान चलाता है उसके रोहित और कमाल नौकर है और उसने किराए का कमरा भी ले रखा है 26 सितंबर की रात वह दुकान पहुंची तो पति वहां मौजूद नहीं था तब उसने पति के बारे में नौकर से पूछा तो उसने कोई जानकारी नहीं दी शक होने पर वह किराए के कमरे की तरफ गई तो बाहर से ताला लगा हुआ था लेकिन अंदर से आवाज आ रही थी शक होने पर उसने रोशन दान से झांककर देखा तो उनका पति बिना कपड़ों के नाबालिग लड़के साथ मौजूद था उसने घटना के शिकायत पुलिस से की तब पति तेजाब की शीशी लेकर हमले की कोशिश करने लगा उसने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई और पास के थाने पहुंची यहां से अपने तीन साल के बेटे को लेकर दिल्ली से अपने मायके आ गई और घटना की शिकायत पुलिस से की जिसने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी

घर के बाहर खेल रहे मासूम के अपहरण का प्रयास एक गिरफ्तार एक फरार

बरेली । घर के बाहर खेल रहे एक मासूम को दो युवकों में उठा लिया और जैकेट में छुपा कर ले जाने लगे लेकिन एक महिला के शोर मचाने पर वह बच्चों को काफी दूर तक ले गए मोहल्ले के लोगों ने उनका पीछा किया और एक युवक को पकड़ लिया जबकि उसका साथी फरार हो गया गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा ।किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला हुसैन बाग निवासी माझा कारीगर सकरुद्दीन के 3 वर्षीय बेटे सुब्हान को आज सुबह लगभग 10 बजे दो युवक अपने साथ उठा कर ले जाने लगे एक ने सुब्हान को अपनी जैकेट में छुपाने का प्रयास किया लेकिन पास में ही एक निर्माणाधीन मकान की छत पर मौजूद मकान मालकिन रजिया ने उन्हें देख लिया और शोर मचा दिया तब मोहल्ले के ही रहने वाले लाल और शाकिर ने युवकों का पीछा किया और स्वाले नगर में दोनों को घेर लिया तब एक युवक मौका देखकर फरार हो गया लेकिन दूसरे को लोगों ने पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया उसने अपना नाम किला थाना क्षेत्र में ही डलाव के पास रहने वाला आजम अंसारी पुत्र सखावत बताया जो 15 दिन पूर्व ही केरल से घर लौटा है और वह वहां फर्नीचर का काम करता है जबकि उसने अपने दूसरे साथी का नाम शकील बताया पूछताछ के दौरान आजम ने बताया कि किला थाना क्षेत्र में फाटक के पास रहने वाली एक महिला के पति की मौत हो चुकी है और उसने उसे किसी बच्चे को लाकर देने के लिए सौदेबाजी की थी तब वह सुब्हान को उठाकर उसी महिला को सौपना चाहते थे पुलिस में आजम अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा और उसके फरार साथी की तलाश शुरू कर दी और बच्चे को उसकी मां के हवाले कर दिया गया।

शातिर चोर गिरफ्तार चोरी की लाइसेंसी बंदूक और माल बरामद

बरेली । पुलिस ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना के बाद एक शातिर चोर को गिरफ्तार करते हुए उसकी निशानदेही पर चोरी की गई लाइसेंसी बंदूक अन्य सामान बरामद किया गिरफ्तार किए गए चोर के चार साथी फरार हो गए ।फरीदपुर थाना क्षेत्र में खल्ल पुर मोड पर गस्त के दौरान पुलिस ने बीती रात शातिर चोर शाहजहांपुर के गडिया रंगीन थाना क्षेत्र के गांव डऔरा निवासी तस्लीम उर्फभिकारी उर्फइमरान पुत्र पुत्तन को गिरफ्तार कर लिया है गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसकी निशान दही पर फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव धीरपुर से 11 नवंबर की रात चोरी की गई एक बंदूक फरीदपुर के गांव अमरेख स्थित प्राइमरी पाठशाला के पास खेत से बरामद की इसके अलावा इसी गांव से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन भी बरामद किए।

एसपी के आदेश के बाद जांच में तेजी

थाना परिसर में दरोगा में फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला

शाहजहांपुर । पुलिस विभाग में तैनात उपनिरीक्षक ने थाना परिसर में बने अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । जिसके बाद आला अधिकारियों को सूचित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने मौका पर पहुंचकर घटना के सम्बन्ध में जानकारी हासिल कर मोबाईल को भी कब्जे में लेकर शव को विच्छेदन ग्रह भेजा मली जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर के परौर थाने में तैनात दरोगा वरुण कुमार थाने के हल्का नंबर एक में ैनात थे शुक्रवार को दिन में अपने काम को निपटाने के बाद शाम के समय थाना परिसर में बने अपने आवास में ।राम करने गए सुबह जब थाना परिसर में बने आवास में उनका कमर देर तक नही खुला तो अन्य लोगो ने खिड़की से देखा कि पंखे के कुंडे से दरोगा का शव लटक रहा है जिसके बाद अधिकारियों की मौजूदगी में बंद कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लिया गया ।पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजीव बाजपेयी ने मीडिया को घटना के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया शामली के रहने वाले वरुण कुमार पिता की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित कोटे से वर्ष 2021 बैच के एसआई थे। शाहजहांपुर के थाना कलान में तैनात थे। शुक्रवार को रात में आवास में आराम को गए थे सुबह जब थाना परिसर में बने आवास में उनका कमर देर तक नही खुला तो अन्य लोगो ने खिड़की से देखा कि पंखे के कुंडे से दरोगा का शव लटक रहा है जिसके बाद उच्चाधिकारियों को मामले की सूचना दी गयी। अधिकारीयों की मौजूदगी में शव को कब्जे में लिया गया दरोगा का मोबाईल भी कब्जे में लिया गया घटना के सम्बन्ध में जानकारी कर जाँच शुरू की गई है ।जल्द की आत्महत्या के करने का पता चलजाएगा।

शायद 29 को चलेगी बेलरायां चीनी मिल, किसानों की बढ़ी बेचैनी

निघासन खीरी। प्रबंधन की नाकामी की वजह से किसानों की लाइफ लाइन मानी जाने वाली बेलरायां चीनी मिल का चक्का अभी तक जाम है ए मिल न चलने के कारण हजारों किसान गेहूं की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं जिसकी वजह से किसानों की बेचैनी और नाराजगी बढ़ती जा रही है ताजा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बेलरायां चीनी मिल आगामी 29 नवंबर को चलने की संभावना है लेकिन बेलरायां चीनी मिल के तेजतर्रार निवर्तमान चेयरमैन अमनदीप सिंह मिल संचालन की तैयारियों को देखकर संतुष्ट नहीं हैं बकौल अमनदीप सिंह उन्होंने गत 16नवंबरको किसानों के प्रतिनिधि मंडल के साथ मिल के जीएम से मिल संचालन में हो रही लेटलतीफी के संबंध में वार्ता की तो जीएम साहब ने आगामी 29 नवंबर को मिल चल जाने का आश्वासन दिया था लेकिन अंदरुनी हालातों को देखते उन्तीस नवंबर को मिल के चल जाने की उम्मीद कम है निवर्तमान चेयरमैन के अनुसार अगर प्रधान प्रबंधक द्वारा बताई गई समयावधि तक मिल का चक्का नहीं घूमा तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएगा। निवर्तमान चेयरमैन के अनुसार सरयू सहकारी बेलरायां चीनी मिल के अंतर्गत 39 गन्ना क्रय केंद्र तथा करीब 30000 किसान जुड़े हुए हैं इन सभी किसानों के लिए मिल न चलने की वजह से की बुवाई काफी लेट हो चुकी है इसलिए सभी किसानों में बेचैनी के साथ नाराजगी बढ़ती जा रही है । इसी प्रकार प्रगतिशील कृषक ठाकुर अमित सिंह ए पूर्व प्रधान लेखराम भास्कर ए सपा नेता डॉ निसार अहमद खान आदि ने बताया कि बेलरायां चीनी मिल न चलने की वजह से हजारों किसान कोल्हू और क्रेशर पर औने पौने दामों में गन्ना बेचने पर मजबूर हो गया है किसानों की लागत भी डूब गई है गेहूं की बुवाई काफी लेट हो चुकी है किसान परेशान हैं लेकिन किसानों के दर्द को कोई नेता या अधिकारी समझ नहीं रहा है ।

फुटबाल टूर्नामेंट में गोला और वाराणसी की टीम ने हासिल की विजय

गोला गोकर्णनाथ.खीरी। स्वण् अरविंद गिरि आल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन हुए दो मैचों में पहले मैच में गोला स्टेडियम गोला ने अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम खान स्पोर्टिंग क्लब सहारनपुर को 4.0 से पराजित कर विजय प्राप्त की। दूसरा मैच बीएलडब्लू वाराणसी व यूनाइटेड क्लब सीवान ;बिहारद्ध के मध्य हुआए जिसमें यूनाइटेड क्लब सीवान ;बिहारद्ध टीम ने 4.0 से बीएलडब्लडी वाराणसी को पराजित कर मैच का नतीजा अपने नाम किया। टूर्नामेंट के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला के चिकित्साधिकारी डॉण् गणेश व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉण् रवि वर्मा की मौजूदगी रही। टू

सड़क पार करते समय कार की टक्कर से दो श्रद्धालुओं की मौत

इटावा। उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के बढपुरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से वृंदावन तीर्थयात्रा पर जा रहे दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। शहर के पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि मध्य प्रदेश के जिला भिंड के लहार क्षेत्र से वृंदावन के लिए तीर्थयात्रा पर जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस शुक्रवार रात इटावा जिले के थाना बढपुरा क्षेत्र के कामेत गांव के निकट एक ढाबे के सामने रुकी।

उन्होंने कहा कि बस रुकने पर दो श्रद्धालु लघुशंका के लिए बस से उतरकर सड़क के दूसरी ओर जाने के लिए सड़क पार कर रहे थे कि तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। सिंह ने बताया कि इस हादसे में भिंड निवासी रामसिया माझी (58) और लालता प्रसाद (40) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि बस में दो दर्जन से ज्यादा श्रद्धालु सवार थे।

दो पुलिस उपनिरीक्षक निलंबित: बरेली। नवंबर (भाषा) मोबाइल फोन पर रिश्वत मांगने का ऑडियो सार्वजनिक होने के बाद शनिवार को दो पुलिस उपनिरीक्षकों को निलंबित कर दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान ने शनिवार को बताया कि शेरगढ़ थाने में तैनात उपनिरीक्षक सूरजभान सिंह और रणधीर सिंह का सोशल मीडिया पर एक कथित ऑडियो सामने आया। उन्होंने कहा कि वायरल हुए ऑडियो में सूरजभान सिंह साथी उपनिरीक्षक रणधीर सिंह के लिए एक व्यक्ति से कथित तौर पर 10 हजार रुपए की रिश्वत के संबंध में बातचीत करते सुनाई देते हैं।

चंद्रभान ने ऑडियो का संज्ञान लेने के बाद घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं कदाचार के आरोप में दोनों उपनिरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि एक मामले में फरियादियों के पक्ष में रिपोर्ट देने को लेकर उपनिरीक्षकों ने रुपए मांगे थे। पीलीभीत (उप्र), 25 नवंबर (भाषा) सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) ने भारत-नेपाल सीमा के पास एक नेपाली नागरिक को विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है।

माधोटांडा के थाना प्रभारी (एसएचओ) अचल कुमार ने बताया, "एसएसबी जवानों ने शुक्रवार रात नेपाली नागरिक जनक शाह को गिरफ्तार किया। उसके पास से 300 ग्राम से अधिक सल्फर और 250 ग्राम पोटाश बरामद किया गया। इन रसायनों का उपयोग विस्फोटक बनाने में किया जाता है"।आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।यह गिरफ्तारी तब हुई जब आरोपी नेपाल से भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था।

रेलवे पार्क के नाम से मशहूर बेशकीमती जमीन पर हुआ कब्ज़ा

● रेलवे विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिली भगत से दस्तावेजों के साथ हुई छेड़छाड!

संवाददाता। फतेहपुर

जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के हरिहरगंज रेलवे स्टेशन रोड में ओवर ब्रिज व रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-1 से सटी हुई करीब 18 बिस्वा जमीन पर जिस तरह से कागजों में हेर-फेर करके इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक आदेश का हवाला देते हुए दिनेश प्रसाद शुक्ला नामक व्यक्ति ने अपना मालिकाना हक जताते हुए कब्जा किया है उसके पीछे कितना बड़ा खेल खेला गया यह लोगों की जुबान पर इस समय छाया हुआ है। रेल बाजार एवं हरिहरगंज मोहल्ले के बुजुर्ग तथा कभी इसी पार्क में अपना बचपन व्यतीत करने वाले लोगों से इस बाबत जब जानकारी हासिल करने का प्रयास किया गया तो सभी का कहना रहा कि यहां पर कभी रेलवे का खूबसूरत पार्क हुआ करता था जहां पर रेल यात्रियों के अलावा आसपास के लोग भी अपने बच्चों को घुमाने-टहलाने एवं समय व्यतीत करने आया करते थे। लोगों का कहना रहा की समय के साथ पार्क देख-रेख के अभाव में जीर्ण-शीर्ण हो गया और बाउंड्री आदि गिर जाने से पार्क की रौनक खत्म हो गई, किंतु आज भी बड़ी संख्या में खड़े शोभा बढ़ाने वाले खूबसूरत पेड़ इस बात की गवाही देते हैं कि कभी यहां पर खूबसूरत रेलवे पार्क हुआ करता था। मोहल्ले के लोगों का तो यहां तक कहना रहा की यह पार्क बहुत पुराना है और अगर कहा जाए की अंग्रेजी शासन के दौरान भी इस पार्क का अस्तित्व था तो गलत ना होगा!

मोहल्ले के लोगों का कहना रहा कि इस पार्क की बेशकीमती जमीन पर कब किसने मालिकाना हक जताया, कब इस जमीन को लेकर मुकदमा दर्ज हुआ यह सब उन लोगों को कुछ भी जानकारी नहीं है, किंतु पार्क की जमीन पर अचानक कब्जा होने से हम लोग हतप्रभ हो गए और समझ में ही नहीं आया कि आखिर इतना बड़ा खेला कैसे हो गया! रेल बाजार एवं हरिहरगंज इलाके के कुछ संभ्रांत लोगों ने बताया कि इस जमीन के मामले में रेलवे विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिली भगत जरूर रही होगी, अन्यथा इतना बड़ा खेल हो पाना असंभव था! लोगों ने बताया कि कब्जा की गई जमीन पर जो बोर्ड लगाया गया है उसमें इलाहाबाद हाई कोर्ट के 27 जुलाई 21 के एक आदेश का हवाला दिया गया है, किंतु यह फैसला किस बेंच एवं अदालत द्वारा सुनाया गया इसका कोई भी ब्यौरा नहीं लिखा गया है। इलाकाई लोगों का कहना रहा की यह फैसला हाईकोर्ट की किस बेंच द्वारा किया गया है इसकी जानकारी हासिल की जा रही है और पूरी जानकारी हासिल करने के बाद फैसला किस वजह से दिनेश प्रसाद शुक्ल के पक्ष में गया इसकी जानकारी हासिल करने के बाद जनहित पुनर्विचार याचिका दाखिल की जाएगी जिससे एक बार फिर इस जमीन पर खूबसूरत पार्क का निर्माण कराया जा सके!

लोगों का कहना रहा की इस दौर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पार्कों का होना अत्यंत जरूरी है, अगर इसी तरह से पार्क की जमीन पर कब्जा होता रहा तो धीरे-धीरे धरती से हरियाली का नामो-निशान ही खत्म हो जाएगा। इसलिए हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि पार्कों एवं वृक्षों का संरक्षण करें! यहां पर एक बात सबसे ज्यादा हैरान करने वाली यह है कि इसी जमीन के नीचे रेलवे के भारी भरकम सीवर लाइन पाइप भी पड़े हुए है, उसके बावजूद भी इस जमीन पर रेलवे विभाग का मालिकाना हक ना होना बड़े खेल की ओर साफ इशारा करता है!

महा प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे को ज्ञापन प्रेषित कर व्यापारियों ने की ट्रेनों के ठहराव की मांग

कायमगंज फर्रुखाबाद । जिला भारतीय उद्योग व्यापार मंडल फर्रुखाबाद के जिला अध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री एवं जिला महामंत्री अनुपम अग्रवाल के संयोजन में संगठन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा लॉन्ग रूट की ट्रेन संख्या 19715, 19716, एवं 13168 व13167 के मॉडल स्टेशन कायमगंज पर ठहराव करने की मांग करते हुए । मांग से संबंधित ज्ञापन महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के नाम संबोधित स्टेशन मास्टर कायमगंज को सौंपा है । ज्ञापन में कहा गया है कि कायमगंज में आलू तंबाकू तथा कारचोब का व्यवसाय बड़े पैमाने पर होता है । व्यापारी वर्ग आए दिन लखनऊ कानपुर जयपुर आगरा हावड़ा आदि स्थानों के लिए काफी बड़ी संख्या में आते जाते हैं । यहां जाने के लिए उन्हें कासगंज से गाड़ी पकड़ना मुश्किल हो जाता है । उनका कहना है कि कायमगंज स्टेशन बुकिंग विंडो पर प्रतिदिन लगभग 5 ,00 ,000 की आय सेन्ट्रल रेलवे को प्राप्त होती है । यदि कायमगंज रेलवे स्टेशन पर इन गाड़ियों का भी ठहराव कर दिया जाए तो आमदनी और अधिक बढ़ जाएगी और सबसे अधिक महत्वपूर्ण तो यह होगा कि कायमगंज क्षेत्र की जनता कायमगंज तथा व्यापारी वर्ग को भी काफी सहूलियत के साथ ही समय की बचत होगी । ज्ञापन की प्रतियाँ व्यापार मंडल द्वारा मंडल रेलवे प्रबंधक इज्जत नगर , फर्रुखाबाद से भाजपा सांसद मुकेश राजपूत , क्षेत्रीय विधायक सुरभि गंगवार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं व्यापारी कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार को भी प्रेषित की गई है । ज्ञापन अवसर पर आदेश अग्निहोत्री , अनुपम अग्रवाल के साथ ही अरुण सक्सेना , राम प्रकाश शाक्य ,रवि कौशल , संगम शाक्य , अखिलेश शर्मा आदि संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

चार दिवसीय क्षमता अभिवृद्धि कार्यशाला का हुआ समापन

संवाददाता। फतेहपुर

नीति आयोग, वैन लीर फाउंडेशन एवं विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के साथ चलाई जा रही जीवन के प्रथम एक हज़ार दिवस परियोजना के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण केंद्र विकास खंड तेलियानी में चार दिवसीय क्षमता अभिवृद्धि कार्यशाला का समापन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बाल विकास पुष्टाहार विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव ने शिरकत बाल विकास परियोजना अधिकारी शहरी रवि शास्त्री, विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी की राज्य प्रमुख साक्षी पवार, वैन लीर फाउंडेशन के जिला परियोजना समन्वयक अनुभव गर्ग ने भी हिस्सा लिया।

विषय विशेषज्ञ-स्वास्थ्य एवं पोषण सोनल रूबी राय एवं परियोजना विषय विशेषज्ञ प्राम्भिक बाल्य विकास आर्यन कुशवाहा ने अतिथियों का स्वागत किया। समापन के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जीवन के प्रथम एक हज़ार दिनों में संवेदनशील परवरिश के माध्यम से गर्भावस्था से लेकर दो वर्ष तक की उम्र में होने वाले मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास से ही संभव होगी। विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी की राज्य प्रमुख साक्षी पवार के साथ मुख्य प्रशिक्षक अर्पिता कुमारी ने प्रथम एक हज़ार दिवस परियोजना के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस में जिले में कार्यक्रम के विस्तार की योजना प्रत्येक ब्लाक तक सौ-सौ आंगनबाड़ी केंद्रों तक ले जाने के बारे में कार्यत्रियों को अभिभावक प्रशिक्षक के तौर पर तैयार किया गया है। वैन लीर फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक ने बताया कि प्रथम एक हज़ार दिवस परियोजना के तहत पहले चरण में हाई टच में 13 आंगनबाड़ियां चयनित की गई है।

प्रोफेशनल टीचर्स प्रीमियर लीग सीजन-4 का आगाज

संवाददाता। फतेहपुर

शहर के मंडी समिति के समीप स्थित मोदी ग्राउंड में शुक्रवार को प्रोफेशनल टीचर्स प्रीमियर लीग सीजन-4 का आगाज हुआ। पहले दिन दो मैच कराये गये। जिसमें एएम सुपर 11 व मां संकठा वॉरियर्स ने पहला मैच जीतकर लोगों को रोमांच से भर दिया। अरूण व उदित मैच आफद मैच रहे। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव के अलावा जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने शिरकत की। प्रोफेशनल टीचर्स प्रीमियर लीग सीजन-4 के मुख्य आयोजक पंकज पासवान एवं हिमांशु कैथल ने बताया कि लीग मैचों की शरुआत का आज पहला दिन रहा। जिसमें आज का पहला मैच एएमसुपर 11 व तोमर एमआरएफस्ट्राइकर के बीच रहा। जिसमें एएम सुपर 11 ने मैच जीता। मैन ऑफ़ द मैच अरुण गौर रहे। दूसरा मैच मां संकठा वॉरियर्स और एएस स्ट्राइकर के बीच खेला गया। जिसमें मां संकठा वॉरियर्स ने मैच जीता और मैन ऑफद मैच उदित अग्रहरि रहे। इस दौरान राम भवन चौधरी, आशीष यदुवंशी, प्रशांत सिंह, अमित पांडेय, श्रीश शुक्ला, आशीष त्रिपाठी, शुभम शर्मा, महेंद्र वर्मा, सुमित शर्मा, सचिन कुमार, राहुल द्विवेदी, दीपक बाजपेई, धीरेंद्र यादव, मनीष पांडेय, आकाश शुक्ला, मनोज कुमार, अमित श्रीवास्तव, जुबैर खान मौजूद रहे।

क्विक न्यूज

बाइक व स्कूटी की भिड़ंत में दो की मौत, दो जख्मी

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सातमील के समीप गुरूवार की रात बाइक व स्कूटी की भिड़ंत में महिला समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के भैरमपुर गांव निवासी फूल सिंह लोधी का 28 वर्षीय पुत्र सोनू लोधी अपने चचेरे भाई अंशुमान पुत्र राजेश 25 वर्ष के साथ स्कूटी से निमंत्रण में जा रहा था जैसे ही यह लोग रात लगभग आठ बजे हुसैनगंज थाने के सातमील के समीप पहुंचे तभी बाइक में सवार चंद्र प्रकाश की तीस वर्षीय पत्नी राम प्यारी अपने 21 वर्षीय भतीजे सत्यम पुत्र राकेश के साथ निमंत्रण में इसी थाने के सरांय इरौला से वापस आ रहे थे, तभी भिड़ंत हो गई जिससे सोनू व राम प्यारी की घटनास्थल पर मौत हो गई वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुलिस ने शवों को विच्छेदन गृह भेज दिया।

संदिग्ध अवस्था में युवती की मौत

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रहिमापुर मजरे पिलखिनी में गुरूवार की देर शाम संदिग्ध अवस्था में बीस वर्षीय युवती की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रहिमापुर मजरे पिलखिनी गांव निवासी स्व. मंगल की पुत्री सुमन की गुरूवार की शाम संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतका के भाई दिनेश कुमार ने बताया कि वह बगल के गांव में निमंत्रण में चला गया था। जानकारी पर वह बहन को लेकर अस्पताल जाने लगा। तभी रास्ते में दम तोड़ दिया। पूछने पर उसने बताया कि हो सकता है जहर खाया हो।

ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

फतेहपुर। औंग रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं. 2 पर रेलवे लाइन पार करते समय 61 वर्षीय वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम आजमपुर निवासी स्व. गंगा प्रसाद शुक्ला का पुत्र संतोष कुमार शुक्ला औंग कस्बा किसी काम से आये थे। गुरूवार की रात लगभग ग्यारह बजे वह स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 2 पर लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गये। जिससे उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई। जीआरपी ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

पीडित को समाधान की दें जानकारी: एएसपी

चित्रकूट। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना मऊ व बरगढ़ में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। इसी क्रम में जिले के सभी थानों व चौकियों में समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनी गईं।

शनिवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि भूमि विवाद के मामले राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर जांचकर निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस के मामलों का सत्यापन शासन स्तर से होता है। ऐसे मामलों में लापरवाही न बरतें। पीडित को भी शिकायत के समाधान की जानकारी दें। इस मौके पर अपराध निरीक्षक अभयराज प्रताप सिंह व राजस्व तथा पुलिस विभाग के लोग मौजूद रहे।

लोकतंत्र की मजबूती को बनें मतदाता : सौरभ यादव

चित्रकूट। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत कर्वी विधानसभा में नये मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदाता सूची में शामिल करने को चित्रकूट इण्टर कालेज कर्वी से छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। शनिवार को सदर एसडीएम सौरभ यादव एवं चित्रकूट इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान की अगुवाई में कालेज के दो सौ नेशनल कैडेट कोर के छात्रों व दस अध्यापकों ने मतदाताओं को जागरूक करने को रैली निकाली। प्रधानाचार्य ने रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। ये रैली पटेल तिराहा, ट्राफिक चौराहा एवं एलआईसी चौराहा से होते हुए चित्रकूट इण्टर कालेज में समाप्त हुई। रैली में एसडीएम सौरभ यादव व प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती को ज्यादा से ज्यादा लोग मतदाता बनें। मतदाता बनकर ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान में हिस्सा लेकर लोकतंत्र को मजबूत करें।

अवार्ड से सम्मानित

चित्रकूट। परमहंस संत रणछोड़दासजी महाराज के स्थापित नेत्र चिकित्सा को विश्वस्तरीय विख्यात श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी/डायरेक्टर डॉ बीके जैन ने केरला में केरला ऑफ्थलमोलॉजी सोसाइटी के गोल्डेन जुबली एनुअल कार्यशाला में हिस्सा लिया। ट्रस्टी डॉ बीके जैन के कार्यशाला में देश के कोने कोने से नेत्र चिकित्सकों ने हिस्सा लिया।

चिकित्सक का फोटो खींचना पड़ा महंगा, लोहिया अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ को कार से खींचकर पीटा

फर्रुखाबाद। लोहिया अस्पताल में भर्ती मरीज को निजी अस्पताल ले जा रहे कुछ लोगों का फोटो खीचना चिकित्सक को मंहगा पड़ गया । दबंगो नें चिकित्सक को कार से खीचकर उनके साथ मारपीट कर दी। इसके साथ ही उनके कपड़े भी फाड़ दिये। चिकित्सक नें सोनें की चेन व घड़ी गायब होनें का आरोप भी लगाया है।थाना कादरी गेट के आवास विकास स्थित लोहिया अस्पताल में डॉ. नीरज वर्मा की हड्डी रोग विशेषज्ञ के रूप में तैनाती है।

बीती रात लगभग 9 बजे चिकित्सक मरीज देखनें लोहिया अस्पताल में पंहुचे। चिकित्सक का कहना है कि उसी दौरान कुछ निजी अस्पताल से सम्बधित लोग मरीज को लोहिया से लेकर जा रहे थे जिसका उन्होंने फोटो बना लिया। इस बात पर दबंग आग बबूला हो गये। उन्होंने आवास विकास तिराहे के निकट चिकित्सक को रोंककर उनके साथ जमकर मारपीट कर दी। उनके मारपीट में कपड़े भी फट गये। दबंग उनकी कार को लेकर आवास विकास चौकी आ गये। डॉ.नीरज वर्मा नें पुलिस को बताया कि वह लोहिया अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं। पुलिस नें आरोपियों से चिकित्सक का मोबाइल भी दिला दिया। चिकित्सक नें बताया कि मारपीट के दौरान उनकी सोनें की चेन और घड़ी भी गायब हो गयी। मामले में उन्होंने तहरीर थाना पुलिस को दी है।

मछली माफियाओं के खिलाफ चल रहे धरने को मिल रहा समर्थन

संवाददाता। फतेहपुर

मछली माफियाओं की दबंगाई के चलते अपने रोजगार खो चुके मछुआरा समाज का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने को अब कई संगठनों का समर्थन भी हासिल हो गया है। अलग-अलग संगठनों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लेकर अपनी आवाज मछुआरों के समर्थन में बुलंद करते हुए पुनर्वास नीति बनाये जाने व मछली माफियाओं के खिलाफकार्रवाई किए जाने की मांग की। मछुआरा कल्याण समिति के बैनर तले तले नहर कालोनी परिसर में धरना दे रहे मछुआरा समाज के लोगों ने नदी के जल पर अपना अधिकार जताते हुए मछली पकड़ने की ठेका नीति बंद करने व मछुआरों की पकड़ी गई मछली को सरकारी कांटा से तौल कर खरीदने की मांग दोहराई। साथ ही आर्थिक रूप से कमज़ोर मछुआरा समाज के लोगों को आवास योजनाओं के जरिए आवास दिलाये जाने व उत्पीड़न से बचाव के लिये समाजिक सुरक्षा की मांग किया। मछुआरों के जोखिम को देखते हुए बीमा, परिचय पत्र व मछली पकड़ने वाली बोट दिलाये जाने की मांग किया। धरना संयोजक राधा निषाद ने मछली माफिया शमशीर अहमद व राजू सिंह पर मछुआरों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए इनके लाइसेंस रद्द करने व कार्रवाई की मांग किया। साथ ही कहा कि मछुआरा समाज को उनके अधिकार दिलाये जाने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। आज के धरने को भीम आर्मी, निषाद संघ व मजदूर यूनियन समेत अन्य संगठनों ने समर्थन दिया है। इस मौके पर बसंलाल, सौतन निषाद, भारत, कमलेश, रामखेलावन, श्रीचन्द्र, राजेन्द्र प्रसाद, विनोद कुमार, बराती लाल निषाद, राम आसरे, रंजीत सिंह, योगेश कुमार, कमला देवी, राजरानी, गीता देवी आदि मौजूद रहीं।

सड़क हादसों में दो की मौत

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को विच्छेदन के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी राकेश कुमार का 19 वर्षीय पुत्र निरंजन कुमार गुरूवार की शाम बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह इसी थाने के शाहजहांपुर के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

डीएम , एस पी ने समाधान दिवस में समस्याओं का निस्तारण कर एथाना कम्पिल का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कम्पिल में जनता की समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा द्वारा थाना कम्पिल का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

पिता-पुत्री के विवाद को थानाध्यक्ष ने सुलझाया

चित्रकूट। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने जिला पुलिस के साथ स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सीओ राजापुर/नोडल अधिकारी स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरियेंस लर्निंग प्रोग्राम श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की मौजूदगी में राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर से चयनित छात्र/छात्राओं को थाना मानिकपुर का भ्रमण कराया। शनिवार को उन्होंने सभी छात्रों को थाने की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। प्रतिभागी छात्र/छात्राओं ने निशा पुत्री नत्थू निवासी सर्वदापुरवा सरहट के पिता-पुत्री के विवाद की जानकारी दी। पिता-पुत्री के विवाद को थानाध्यक्ष ने सुलझाया।

पेज एक का शेष

मोदी ने...

मंत्रालय कुल 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) खरीदने के लिए अगले साल एचएएल के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने पर भी विचार कर रहा है, जिसमें से 66 भारतीय वायुसेना के लिए होंगे। एलसीए मार्क-1ए की डिलीवरी की समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर, क्योंकि एचएएल सालाना केवल 15 का उत्पादन कर सकता है, उन्होंने संकेत दिया कि एयरोस्पेस प्रमुख निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में उत्पादन की गति बढ़ा सकता है। तेजस एक एकल इंजन वाला बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है जो उच्च खतरे वाले माहौल में काम करने में सक्षम है। इसे वायु रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

सौम्या विश्वनाथन...

प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, कपूर ने लूटपाट करने के लिए 30 सितंबर, 2008 को दक्षिण दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर विश्वनाथन की कार का पीछा करते समय उन्हें गोली मार दी थी। कपूर के साथ शुक्ला, कुमार और मलिक भी थे। अभियोजन पक्ष ने कहा कि पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल की गई कार सेठी उर्फ चाचा से बरामद की थी।

ईडी ने...

वितरित किए हैं। कंपनी वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में लगभग 25 परियोजनाएं विकसित कर रही है। इसे अभी 20,000 से ज्यादा ग्राहकों को पजेशन देना बाकी है। कंपनी पिछले साल से संकट में है। अगस्त 2022 में सुपरटेक को एक बड़ा झटका लगा जब नोएडा एक्सप्रेसवे पर स्थित उसके लगभग 100 मीटर ऊंचे ट्विन टावर्स- एपेक्स और सेयेन- को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार ध्वस्त कर दिया गया, क्योंकि एमराल्ड कोर्ट परिसर के भीतर उनके निर्माण को मानदंडों का उल्लंघन पाया गया था। दोनों टावरों को ध्वस्त करने के लिए 3,700 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। अरोड़ा ने तब कहा था कि नोएडा में अपने ट्विन टावरों के विध्वंस के कारण कंपनी को निर्माण और ब्याज लागत सहित लगभग 500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कंपनी को पिछले साल एक और झटका लगा जब नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) की दिल्ली पीठ ने मार्च में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बकाया राशि 432 करोड़ रुपये का भुगतान न करने को लेकर दायर याचिका पर सुपरटेक लिमिटेड के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया था। हालाँकि इसे अरोड़ा ने एनसीएलएटी के समक्ष चुनौती दी थी।

राजस्थान में...

मिश्र, मुख्यमंत्री गहलोत, केंद्रीय मंत्री शेखावत और कैलाश चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री राजे और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी वोट डाला। गहलोत और शेखावत ने जोधपुर में, चौधरी ने बालोतरा में, राजे ने झालावाड़ में और पायलट ने जयपुर में वोट डाला। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने चित्तौड़गढ़ में अपने मताधिकार का प्रयोग किया और पार्टी सांसद दीया कुमारी तथा राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने जयपुर में मतदान किया। कुमारी और राठौड़ उन सात भाजपा सांसदों में शामिल हैं जो विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि मतदान के दौरान जहां एक गांव में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया, वहीं कुछ हिस्सों में विभिन्न उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच मामूली झड़प हुई। सिरोही जिले के पिंडवाड़ा आबू निर्वाचन क्षेत्र के चारवली गांव के लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। पाली जिले में एक राजनीतिक दल के एजेंट की शनिवार को मौत हो गई। इसी तरह सीकर के फतेहपुर में और धौलपुर की बाड़ी सीट पर दो समूहों के बीच झड़प हुई। डीग जिले के कामां के सांवलेर गांव में पथराव में एक पुलिसकर्मी सहित दो लोग घायल हो गए। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने हवा में 12 गोलियां चलाईं। वहीं, टोंक जिले के उनियारा में 40-50 लोगों ने चुनाव बूथ में घुसने की कोशिश की। पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज ने बताया कि हालांकि स्थिति पर काबू पा लिया गया।

रिकॉर्ड स्तर...

अतिरिक्त हवाई अड्डों को मंजूरी दी गई है और कई अन्य की योजना बनाई गई है। दिल्ली से 75 किलोमीटर दूर जेवर में राजधानी के लिए दूसरा हवाई अड्डा भी तेजी से विकसित हो रहा है। सरकार का लक्ष्य उड़ान योजना के तहत 2024 तक 100 हवाई अड्डों को विकसित करने का है और 2026 तक हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे के विकास में 1.83 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना है। अब तक, 74 हवाई अड्डों का विकास किया गया है, और 2.15 लाख से अधिक ष्ठह्र उड़ानें संचालित हुई हैं, जिससे 1.1 करोड़ से अधिक यात्रियों को लाभ हुआ है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के यात्रियों को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार मौजूदा डीजीसीए नियमों की समीक्षा करने की योजना बना रही है ताकि उन्हें और अधिक यात्री-अनुकूल बनाया जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि एयरलाइंस देरी, रद्द होने या बोर्डिंग से वंचित होने से प्रभावित यात्रियों को सहायता प्रदान करें। इंडिगो यात्रियों को हाल ही में उन समस्याओं का सामना करना पड़ा जब उन्हें उनकी मूल बुकिंग के अनुसार उनके गंतव्य तक नहीं भेजा गया, जिससे उपभोक्ता अधिकारों पर सवाल खड़े हो गए। सरकार का लक्ष्य नियमों को सरल बनाना और यात्रियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में सूचित करने के लिए हवाई अड्डों पर प्रदर्शित करना है। यह परिवर्तन उपभोक्ता रुचि के पुनरुत्थान से प्रेरित है क्योंकि घरेलू हवाई यातायात महामारी-पूर्व के स्तर को पार कर गया है।

किसानों को खाद न मिलने पर समिति के गेट पर धरने पर बैठे सदर विधायक अनिल प्रधान

संवाददाता। चित्रकूट

बुंदेलखंड के आकांक्षी जिले चित्रकूट में गेहू की बुवाई का काम चल रहा है।इसके बावजूद जनपद के अधिकांश समितियों में खाद न मिलने से किसान हलाकान है। करीब एक सप्ताह से समितियों के चक्कर लगाने के बाद किसान खाली हाथ घर लौटने को मजबूर है।वहीं शनिवार को मुख्यालय के नवीन गल्ला मंडी परिसर स्थित खाद समिति कर्वी में खाद न मिलने के शिकायत पर चित्रकूट सदर से सपा विधायक अनिल प्रधान ने खाद की किल्लत पर कडी नाराजगी जताते हुए किसानो के साथ गेट के बाहर धरने पर बैठ गये। शनिवार को जिले के पहाडी थाना क्षेत्र के रेहुटा निवासी सुंदर लाल, दरियापुरवा निवासी शिरोमण, मुख्यालय अंतर्गत सोनेपुर निवासी कलावती, अन्नू देवी, केता , सिकरियां निवासी बुदुन, देवकली निवासी अनिल, रेहुटिया निवासी घनश्याम, भरतकूप निवासी शिवनंदन सिंह, ताम्रबनी निवासी हरप्रसाद छेछरिहा बुजुर्ग निवासी कमलेश, कादरगंज निवासी रामलखन, कर्वी निवासी गोविंद प्रसाद, बगलई निवासी दरबारीलाल, तरांव निवासी रिंकू यादव, छेछरिहा निवासी हरिमोहन, बारामाफी निवासी शिवबरन, तरौहा निवासी चुनवाद, कंठीपुर निवासी छोटुवा व ममसी बुजुर्ग निवासी जय सिंह ने बताया कि हम करीब एक सप्ताह

संघर्ष विराम: और बंधकों-कैदियों में अदला-बदली की उम्मीद

● जरूरी चीजों की आपूर्ति

खान यूनुस (गाजा पट्टी)। चरमपंथी समूह हमास से उम्मीद है कि वह संघर्ष विराम के दूसरे दिन शनिवार को बंधकों और इजराइल की जेलों में बंद कैदियों के बीच और अधिक संख्या में अदला-बदली करेगा। युद्धविराम के साथ गाजा पट्टी में महत्वपूर्ण मानवीय सहायता पहुंचाने की अनुमति दे दी गई है और नागरिकों को सात सप्ताह से जारी युद्ध के बाद पहली बार राहत मिली है।चार दिवसीय संघर्ष विराम के पहले दिन, हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले के दौरान बंधक बनाए गए लगभग 240 में से 24 लोगों को रिहा किया और बदले में इजराइल की जेलों में बंद 39 फलस्तीनी कैदियों को मुक्त कराया। रिहा किए गए बंधकों में 13 लोग इजराइल, 10 लोग थाईलैंड और एक व्यक्ति फिलीपीन का नागरिक है। इन चार दिनों के दौरान हमास को कम से कम 50 इजराइली बंधकों को रिहा करना है और बदले में इजराइल 150 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इजराइल ने कहा है कि प्रत्एक 10 अतिरिक्त बंधकों की रिहाई के बदले संघर्ष विराम को एक और दिन के लिए बढ़ाया जा सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ऐसा ही होगा। शुक्रवार की सुबह से शुरू इस संघर्ष विराम से गाजा के 23 लाख लोगों को राहत मिली जो पिछले कई हफ्तों से इजराइल द्वारा की जा रही लगातार बमबारी और मूलभूत जरूरत की चीजों की आपूर्ति की कमी से जूझ रहे थे। इस बमबारी में हजारों लोगों की जान चली गई, तीन-चौथाई आबादी बेघर हो गई और आवासीय क्षेत्र नष्ट हो गए। गाजा के चमरपंथियों की ओर से भी इजराइल में हवाई हमले बंद हो गए हैं।संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि 21 अक्टूबर से मानवीय सहायता पहुंचाने की जो कवायद शुरू की गई थी, इस युद्ध विराम से उसमें तेजी आई है और बड़े स्तर पर भोजन, पानी और दवा की आपूर्ति के लिए रास्ता खुल गया है। इसके साथ ही खाना पकाने के लिए गैस की आपूर्ति भी शुरू कर दी गई। युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार गैस की आपूर्ति की गई है। दक्षिणी शहर खान यूनिस में शनिवार को ईंधन केंद्र पर लोगों की लंबी कतार देखी गई।इस महीने में पहली बार मानवीय सहायता उत्तरी गाजा में पहुंचाई जा सकी। यह क्षेत्र इजराइली सेना के जमीनी हमले का केंद्र रहा था।मदद पहुंचाने वाले संयुक्त राष्ट्र के एक काफिले ने विस्थापित लोगों के लिए बने दो आश्रय केंद्रों में आटा पहुंचाया। संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि उन्होंने और फलस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने गाजा शहर के एक अस्पताल से 40 मरीजों और तीमारदारों को खान यूनिस के एक अस्पताल पहुंचाया।

हमास 14 बंधकों को जबकि इजराइल 42 फलस्तीनियों को रिहा करेगा

खान यूनिस (गाजा पट्टी)। चार दिवसीय संघर्षविराम के समझौते के तहत हमास शनिवार को 14 इजराइली बंधकों को मुक्त करेगा जबकि बदले में इजराइल 42 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। मिस्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि मध्यस्थ मिस्र और कतर ने इजराइल को हमास द्वारा उपलब्ध कराए गए उन बंधकों की एक सूची दी है, जिन्हें रिहा किया जाना है। चार दिवसीय संघर्ष विराम के पहले दिन, हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले के दौरान बंधक बनाए गए लगभग 240 में से 24 लोगों को रिहा किया और बदले में इजराइल की जेलों में बंद 39 फलस्तीनी कैदियों को मुक्त कराया। रिहा किए गए बंधकों में 13 लोग इजराइल, 10 लोग थाईलैंड और एक व्यक्ति फिलीपीन का नागरिक है।

गाजा में सात हफ्ते तक रहने के बाद इजराइल पहुंचे रिहा किए गए बंधक : इजराइली सेना

राफा (गाजा पट्टी)। इजराइली सेना का कहना है कि युद्ध विराम समझौते के तहत हमास की ओर से रिहा किए गए बंधक इजराइल लौट आए है। इजराइली सेना के अधिकारियों ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बंधकों की इजराइली क्षेत्र के अंदर प्रवेश करते ही प्रारंभिक चिकित्सा जांच की गई। इजराइली सैनिक बंधकों को उनके परिवारों से मिलाने के लिए अस्पतालों में ले गए। कतर ने कहा है कि कुल 24 बंधकों को मुक्त कराया गया, जिनमें 13 इजराइली नागरिक भी शामिल है। इजराइल ने शुक्रवार को पुष्टि की कि उसने युद्ध विराम समझौते के तहत 39 फलस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया है। इसके कुछ घंटे पहले गाजा में हमास के उग्रवादियों ने 13 इजराइली बंधकों को रिहा कर दिया था। कैदियों के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन कद्दुरा फ्रेस नामक संगठन ने बताया कि वेस्ट बैंक में रिहा किए गए 33 कैदियों को रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति की एक टीम को सौंप दिया गया। जबकि शेष छह कैदियों को यरुशलम की एक जेल से रिहा किया जा रहा है। दोनों पक्षों की ओर से कैदियों और बंधकों की रिहाई शुक्रवार से शुरू हुए इजराइल-हमास युद्ध में चार दिवसीय युद्ध विराम के समझौते का हिस्सा थी। इस समझौते के तहत अगले चार दिनों में 150 फलस्तीनी कैदियों और 50 इजराइली बंधकों को रिहा किया जाना है।

भारत में पशुपतिनाथ मंदिर की प्रतिकृति बनाने की अनुमति किसी को नहीं दी गई

काठमांडू। नेपाल के पशुपति एरिया डेवलपमेंट ट्रस्ट (पीएडीटी) के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि यहां स्थित विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर की प्रतिकृति भारत में बनाने की अनुमति किसी को नहीं दी गई है। पीएडीटी का एक बयान मीडिया में आई इन खबरों के बाद आया है जिनमें कहा गया है कि काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर की प्रतिकृति का निर्माण उत्तराखंड के एक गांव में किया जा रहा है। सदियों पुराना यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। पीएडीटी के कार्यकारी निदेशक डॉ. घनश्याम खातीवाड़ा ने एक बयान में कहा, इस खबर में कोई सच्चाई नहीं है कि पशुपतिनाथ मंदिर भारत के उत्तराखंड में बनाया जा रहा है और ट्रस्ट का ध्यान इस झूठी खबर की ओर आकर्षित किया गया है। खातीवाड़ा ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम मीडिया के एक धड़े में प्रसारित ऐसी झूठी खबर पर आपत्ति जताते हैं।

पोप ने अपनी सभा को रद्द किया: वेटिकन

रोम। पोप फ्रांसिस ने हल्के बुखार से पीड़ित होने की वजह से शनिवार सुबह अपनी निर्धारित सभा को रद्द कर दिया। वेटिकन ने एक बयान में कहा कि पोप के मामूली रूप से फ्लू से पीड़ित होने की वजह से आज सुबह के लिए निर्धारित उनकी सभा को रद्द कर दिया गया है। पोप को जलवायु परिवर्तन पर कोप28 सम्मेलन में शिरकत करने के लिए दुबई जाना है। पोप अगले महीने 87 साल के होंगे।

पाकिस्तान में मोर्टार का गोला फटने से तीन बच्चों की मौत, चार घायल: पुलिस

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत पश्चिमोत्तर कबायली इलाके में शनिवार को मोर्टार बम फटने से कम से तीन बच्चों की मौत हो गई और अन्य चार घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जनजातीय जिले में हुई जब बच्चे एक खेत में मिले मोर्टार के गोले के साथ खेल रहे थे। बच्चों को पता नहीं था कि यह एक बम है। बम में हुए धमाके में तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कहा, ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी है। आज बच्चे मोर्टार बम से खेल रहे थे तभी वह फट गया और उनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई। चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने लावारिस मोर्टार बम से हुए विस्फोट की जांच शुरू कर दी है। पहाड़ी गांव मटखोजा में दो जनजातियों के बीच हाल में हुई लड़ाई में गिरा मोर्टार का गोला तब नहीं फटा था।

कांगो में इस्लामिक स्टेट से जुड़े संगठन के आतंकवादियों ने 14 किसानों की हत्या की

किंशासा (कांगो)। कांगो के उत्तरी कीवू प्रांत के मामोव गांव में इस्लामिक स्टेट से जुड़े एक संगठन के आतंकवादियों ने कम से कम 14 किसानों की हत्या कर दी। एक स्थानीय अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांत के गवर्नर के प्रतिनिधि सैमसन सिमारा ने बताया कि द एलायंस डेमोक्रेटिक फोर्सेज के आतंकवादियों ने शुक्रवार रात गांव में हमला करके अपने खेतों में काम कर रहे किसानों के सिर काट दिए।

पश्चिमी ईरान में हिमस्खलन से पांच पर्वतारोहियों की मौत

तेहरान (ईरान)। पश्चिमी ईरान में हिमस्खलन की चपेट में आने से पांच पर्वतारोहियों की मौत हो गई और चार अन्य ज़ख्मी हो गए। सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी इरना की खबर के मुताबिक, बचावकर्मियों ने राजधानी तेहरान से करीब 300 किलोमीटर दूर सन बोरान चोटी से पांच पर्वतारोहियों के शव बरामद कर लिए है।

कराची में मॉल में लगी आग, 11 लोगों की मौत, छह अन्य घायल

कराची। पाकिस्तान में कराची शहर के एक मॉल में शनिवार को भीषण आग लगने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सुबह करीब सात बजे दूसरी मंजिल पर लगी आग ने शॉपिंग मॉल की चौथी, पांचवीं और छठी मंजिल को भी अपनी चपेट में ले लिया, लेकिन फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आग किस वजह से लगी।आग पर काबू पाने और इमारत में मौजूद लगभग 42 लोगों को बचाने के लिए दमकल की 12 गाड़ियां और करीब 50 दमकल कर्मियों को घटनास्थल पर बुलाया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुबीन अहमद ने कहा कि आग में 11 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हैं। वहीं, आग पर काबू पाने के लिए इमारत की बिजली आपूर्ति काटनी पड़ी। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया, हमारे दल अब भी इमारत में खोजबीन कर रहे हैं ताकि उसमें फंसे किसी भी व्यक्ति को निकाल लिया जाए। हमने 42 लोगों को बचाया है जिनमें सभी पुरुष हैं और वे आज सुबह करीब सात बजे आग लगने के समय इमारत में मौजूद थे।

इजराइली पोत को निशाना बनाया गया: अमेरिकी अधिकारी

● हिंद महासागर में संदिग्ध ईरानी हमला

भाषा। दुबई

हमास और इजराइल के मध्य युद्ध के बीच हिंद महारासागर में एक संदिग्ध ईरानी ड्रोन ने एक इजराइली अरबपति के कंटेनर पोत पर हमला कर दिया। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीएमए सीजीएम सायमी पर शुक्रवार को यह हमला ऐसे समय में किया गया, जब कई सप्ताह से जारी इजराइल-हमास युद्ध के कारण वैश्विक नौवहन को निशाना बनाए जाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इजराइल और हमास के बीच समझौते के तहत चार दिवसीय युद्ध विराम प्रभावी हो गया है। हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों और इजराइल में कैद फलस्तीनी नागरिकों की इस युद्ध विराम की अवधि में अदला-बदली की जा रही है। अमेरिका के एक रक्षा अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि ऐसा संदेह है कि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में माल्टा के ध्वज वाले पोत को बम से लैस त्रिकोण आकार के शहीद-136 ड्रोन ने निशाना बनाया। ड्रोन में विस्फोट के कारण पोत को नुकसान हुआ, लेकिन चालक दल का कोई सदस्य हताहत नहीं हुआ। अधिकारी ने कहा, हम हालात पर निकटता से नजर रख रहे हैं। अधिकारी ने यह बताने से इनकार कर दिया कि अमेरिकी सेना ऐसा क्यों मानती है कि हमले के पीछे ईरान का हाथ है। राजनीतिक रूप से ईरानी समर्थित लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्ला से संबद्ध अल-मायादीन अरब उपग्रह चैनल ने कहा कि हिंद महासागर में एक इजराइली पोत को निशाना बनाया गया है। चैनल ने इसे लेकर अज्ञात स्रोतों का हवाला दिया, जिसे बाद में ईरानी मीडिया ने भी उद्धृत किया। सायमी का स्वामित्व सिंगापुर स्थित ईस्टर्न पैसिफ़िक शिपिंग के पास है, जो इज़राइली अरबपति इदान ओफ़र द्वारा नियंत्रित कंपनी है। फ्रांस के मार्सिले में स्थित प्रमुख जहाजरानी कंपनी सीएमए सीजीएम ने इस मामले में फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है।

इजराइल को शर्तों के साथ सैन्य सहायता देने का विचार उचित : बाइडन

नानटुकेट (अमेरिका)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि उनका मानना है कि इजराइल को कुछ शर्तों के साथ सैन्य सहायता देने का विचार उचित है। बाइडन ने साथ ही उम्मीद जताई कि गाजा के साथ युद्ध विराम चार दिन से अधिक चलेगा। राष्ट्रपति ने मैसाचुसेट्स के नानटुकेट में पत्रकारों से कहा कि वह कुछ बंधकों की रिहाई से उत्साहित है और उम्मीद करते है कि ऐसा आगे भी होगा। उन्होंने कहा, हम और बंधकों की कल रिहाई की उम्मीद करते है, अगले दिन इससे अधिक तथा उसके भी अगले दिन और अधिक बंधकों की रिहाई की उम्मीद है। कतर के अनुसार रिहा किए गए बंधकों में इजराइल के 13, थाईलैंड के 10 और फिलीपीन का एक व्यक्ति शामिल है। बदले में इजराइल ने 39 फलस्तीनियों को जेल से रिहा किया। बाइडन ने कहा कि इजराइल को शर्त के साथ सैन्य सहायता देने का विचार उचित है लेकिन मुझे नहीं लगता कि अगर मैंने शुरुआत से ऐसा किया होता तो हम कभी वहां पहुंच पाते, जहां आज हम हैं। हालांकि ए शर्तें क्या होंगी, इसके बारे में उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी।

रूस ने यूक्रेन पर अब तक का सबसे भीषण ड्रोन हमला किया: यूक्रेनी सेना

कीव। रूस ने 2022 में व्यापक स्तर पर हमले शुरू करने के बाद से यूक्रेन में शनिवार सुबह अब तक का सबसे भीषण ड्रोन हमला किया, जिसमें इसकी राजधानी कीव को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के सैन्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेनी वायुसेना के कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट किया, इस हमले में मुख्य रूप से कीव को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने कहा कि रूस ने ईरान निर्मित लगभग 75 ड्रोन से हमला किया, जिनमें से 74 को मार गिराया गया। कीव शहर प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा, यह हमला कीव पर ड्रोन से किया गया। यूक्रेनी वायुसेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने बाद में पुष्टि की कि वायु रक्षा प्रणाली ने सुबह राजधानी और आसपास के क्षेत्र में 66 हवाई हमले नाकाम कर दिए। पोपको ने बताया कि कीव पर हमला स्थानीय समयानुसार प्रातः चार बजे शुरू हुआ, जो छह घंटे से अधिक समय तक जारी रहा। उन्होंने बताया कि हमले से 77 आवासीय भवनों और 120 संस्थानों में बिजली गुल हो गई। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हमले के परिणामस्वरूप कीव में 17,000 लोगों को बिजली आपूर्ति ठप हो गई, हालांकि दोपहर में इसे बहाल कर दिया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा, हमारे सैनिकों ने ज्यादातर ड्रोन मार गिराए। दुर्भाग्य से, सभी नहीं। उन्होंने कहा, लेकिन हम अपनी वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत करने तथा और अधिक संख्या में ड्रोन को मार गिराने के लिए काम करना जारी रखेंगे। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि शहर में कई घंटों तक हुए ड्रोन हमलों में कम से कम पांच नागरिक घायल हो गए और कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। उन्होंने बताया कि घायलों में 11 वर्षीय एक लड़का भी शामिल है।

सीरिया में सरकारी बलों की गोलीबारी में कम से कम नौ लोगों की मौत: विपक्ष

बेरूत। सीरिया के इदलिब प्रांत के कॉकाफीन गांव में सरकारी बलों की गोलीबारी में छह बच्चों समेत कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। विपक्षी कार्यकर्ताओं ने यह जानकारी दी। सीरिया में 12 साल से जारी संघर्ष में एक दूसरे के विरोधी गुटों का समर्थन कर रहे रूस और तुर्की के बीच मार्च 2020 में हुए समझौते के उल्लंघन का यह नया मामला है। सीरिया में जारी संघर्ष में अब तक पांच लाख लोग मारे जा चुके हैं। गोलीबारी होने की जानकारी युद्ध पर नजर रखने वाली ब्रिटेन में स्थित संस्था सीरियन ऑब्जरवेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स और व्हाइट हेलमेट्स के नाम से भी जाने जाने वाले गैर-लाभकारी संगठन सीरियन सिविल डिफेंस ने दी। व्हाइट हेलमेट्स ने कहा कि उसने एक घायल महिला का उपचार किया और मृतकों के शव उनके परिवार को सौंप दिए।

हिंदू संगठनों के बीच बेहतर समन्वय समय की जरूरत: होसबाले

भाषा। बैंकॉक

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के नेता दत्तात्रेय होसबाले ने हिंदू समुदाय की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए विभिन्न हिंदू संगठनों के बीच बेहतर समन्वय की जोरदार वकालत करते हुए कहा कि संगठनों की भिन्नता के कारण ही कई देशों में हिंदू लोग अलग-थलग हो गए हैं।थाईलैंड की राजधानी में यहां शुक्रवार शाम विश्व हिंदू कांग्रेस (डब्ल्यूएचसी) को संबोधित करते हुए आरएसएस महासचिव होसबाले ने कहा कि समाज के सामने मुंह बाए खड़ी चुनौतियों को हल करने के लिए विश्व स्तर पर हिंदू संगठनों का मजबूत होना समय की जरूरत है।उन्होंने कहा कि भाषा, पंथ, जाति, उपजाति और गुरुओं के आधार पर विश्व के कई हिस्सों में कई संघ, संगठन और फोरम बन गए हैं तथा एक-दूसरे के कार्यों को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं।होसबाले ने कहा, सगंठनों की इस भिन्नता के कारण हिंदू खो गया है। बड़े उद्देश्य को नहीं भूलना चाहिए। बहुत बार हिंदू समाज की भिन्नता के कारण कई स्थानों पर फूट पैदा हुई है। उन्होंने हिंदू समाज की आवाज को प्रभावी तरीके से उठाने के वास्ते मतभेदों और विरोधाभासों को दूर करने के लिए संगठनों के बीच बेहतर समन्वय का आह्वान किया।होसबाले ने कहा, हिंदू संगठनों को आपस में जानकारी साझा करनी होगी, बेहतर समन्वय स्थापित करना होगा, आपस में सहयोग करना होगा ।

क्विक न्यूज

गुरु नानक देव की 554वीं जयंती पर उत्सव में भाग लेने के लिए 3,000 भारतीय सिख पाकिस्तान पहुंचे

लाहौर। सिख धर्म के संस्थापक बाबा गुरु नानक देव की 554वीं जयंती पर उत्सव में भाग लेने के लिए शनिवार को लगभग 3,000 भारतीय सिख वाघा सीमा पार करके पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पहुंचे। इवेक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अतिरिक्त सचिव (धर्मस्थल) राणा शाहिद सलीम, पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (पीएसजीपीसी) के प्रधान सरदार अमीर सिंह और अन्य अधिकारियों ने लाहौर सीमा पर आने वाले तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। सलीम ने संवाददाताओं से कहा, बाबा गुरु नानक की जयंती से जुड़े उत्सव में शामिल होने के लिए लगभग 3,000 भारतीय सिख यात्री यहां पहुंचे। हमने सिख तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करने के अलावा उन्हें आवास और यात्रा करने की सुविधा प्रदान करने की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि इस बात पर सहमति बनी है कि बाबा गुरु नानक की जयंती के लिए करीब 3,000 भारतीय सिखों को जगह दी जाएगी, लेकिन ईटीपीबी और अधिक सिखों को जगह देने के लिए तैयार है। सलीम ने कहा, अगर भारत सरकार अनुमति देती है तो हम इस अवसर पर भारत से आने वाले 3,000 से अधिक सिखों का स्वागत करने के लिए तैयार है।

इमरान खान की पार्टी ने चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया

कराची। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने चुनाव आयोग के उस आदेश के खिलाफ सिंध उच्च न्यायालय का रुख किया है जिसमें उसे निर्देश दिया गया है कि बल्ले पर चुनाव चिह्न के तौर पर कब्ज़ा बरकरार रखने के लिए पार्टी में 20 दिन में आंतरिक चुनाव कराए जाएं। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने प्रतिवादियों को आगामी आम चुनावों के लिए सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर दिए जाने का निर्देश देने का आग्रह किया है। पार्टी ने न्यायिक अधिकारियों की जिला चुनाव अधिकारियों के रूप में नियुक्ति कर न्यायिक निगरानी के तहत स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का निर्देश दिए जाने की भी मांग की।पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होना है। डॉन अखबार ने शनिवार को खबर दी कि पीटीआई के सिंध प्रांत के प्रमुख हलीम आदिल शेख और सेवानिवृत्त न्यायाधीश नूर-उल-हक एन. क़ुरैशी ने शुक्रवार को अपने वकील के जरिए याचिका दायर की जिसमें कैबिनेट सचिव, मुख्य सचिव और पाकिस्तान के चुनाव आयोग को पक्षकार बनाया गया है। याचिका दायर करने से एक दिन पहले ही बृहस्पतिवार को चुनाव आयोग ने पूर्व क्रिकेटर की पीटीआई को निर्देश दिया था कि वह पार्टी के चुनाव चिह्न के तौर पर बल्ले पर कब्ज़ा बरकरार रखने के लिए 20 दिन के अंदर आंतरिक चुनाव कराएं। चुनाव आयोग ने यह भी कहा था कि पार्टी ने अपने संविधान के मुताबिक पारदर्शी चुनाव नहीं कराए है।

पाक : सैन्य अदालत ने जासूसी के आरोप में दो पूर्व सैन्य अधिकारियों को सजा सुनाई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने शनिवार को सेना के दो सेवानिवृत्त अधिकारियों का कोर्ट मार्शल किया और उन्हें राजद्रोह भड़काने के आरोप में 14 साल तक के कठोर कारावास की सजा सुनाई। मेजर (सेवानिवृत्त) आदिल फारूक राजा और कैप्टन (सेवानिवृत्त) हैदर रजा मेहदी को उनकी अनुपस्थिति में सजा सुनाई गई। दोनों दोषी विदेश में रहते है और वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के आलोचक माने जाते है। सेना ने एक बयान में कहा कि राजा और मेहदी को सेना के जवानों के बीच राजद्रोह भड़काने के आरोप में पाकिस्तान सेना अधिनियम, 1952 के तहत दोषी ठहराया गया और सजा सुनाई गई। इसमें कहा गया है कि उन्होंने जासूसी से संबंधित आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923 के प्रावधानों का भी उल्लंघन किया है। राजा को 14 वर्ष के कठोर कारावास जबकि मेहदी को 12 वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी गई। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, न तो राजा और न ही मेहदी के सजा भुगतने की संभावना है क्योंकि वे पाकिस्तान से बाहर रह रहे है। दोषसिद्धि संभवतः नौ मई की घटनाओं से संबंधित है, जब पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद व्यापक हिंसा हुई और महत्वपूर्ण सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया गया। इस साल जून में, इस्लामाबाद के रमना पुलिस थाने में नौ मई के हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ को उकसाने के आरोप में राजा और मेहदी समेत चार लोगों पर मामला दर्ज किया गया था।

पाकिस्तान ने लाहौर में वायु प्रदूषण कम करने के लिए कृत्रिम बारिश कराने की योजना बनाई

लाहौर। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने वायु प्रदूषण कम करने के लिए लाहौर में चीन की मदद से कृत्रिम बारिश (क्लाउड सीडिंग) का प्रयोग करने की योजना बनाई है। इस परियोजना पर 35 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। यहां की कई खबरों में यह जानकारी दी गई है। सरकारी एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान (एपीपी) की खबर में मौसम विज्ञान विभाग के सूत्रों के हवाले से कहा गया, लाहौर शुक्रवार को एक बार फिर दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों की सूची में शीर्ष पर रहा। सूत्रों ने बताया कि पंजाब की राजधानी लाहौर में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 356 दर्ज किया गया था। हाल के वर्षों में सर्दी के दौरान पाकिस्तान का लाहौर और भारत का दिल्ली लगातार दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर बने हुए है। संयोग से दिल्ली सरकार ने भी वायु प्रदूषकों को कम करने के लिए कृत्रिम बारिश का उपयोग करने की संभावना जताई है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों का हवाला देते हुए द न्यूज इंटरनेशनल ने शुक्रवार को कहा, लाहौर में गंभीर धुंध से निपटने के अपने प्रयास के तहत पंजाब सरकार प्रांतीय राजधानी में कृत्रिम बारिश कराने की योजना बना रही है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 35 करोड़ रुपए है। इस सप्ताह की शुरुआत में मुख्य मौसम विज्ञानी चौधरी असलम ने कहा था कि अगले महीने लाहौर में कृत्रिम बारिश कराए जाने की उम्मीद है और इसके लिए तैयारी चल रही है क्योंकि सरकार ने धुंध पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास तेज कर दिए है। बताते चले कि पिछले चार महीनों में पाकिस्तान सरकार ने करीब छह अरब अमेरिकी डॉलर का कर्ज लिया है और अतिरिक्त कर्ज पाने के लिए उसकी अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ)से बातचीत जारी है। आर्थिक स्थित ठीक नहीं होने के बावजूद कृत्रिम बारिश कराने पर इतनी बड़ी राशि खर्च करने के फैसले पर पाकिस्तान के कई लोग सवाल उठा रहे है।

भारतीय मूल के 13 वर्षीय लड़के ने यूरोप में योग प्रतिभा कार्यक्रम में जीता स्वर्ण पदक

लंदन। दक्षिण पूर्व इंग्लैंड में रहने वाले भारतीय मूल के 13 वर्षीय ईश्वर शर्मा ने स्वीडन में आयोजित यूरोपियन योग स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर एक और खिताब अपने नाम किया है। योग प्रतिभा के धनी ईश्वर इससे पहले कई पुरस्कार हासिल कर चुके है। केन्ट के सेवनओक्स में रहने वाले ईश्वर ने तीन साल की उम्र से योग करना शुरू किया था। ईश्वर ने अपने पिता को रोजाना योग करते हुए देखा, जिसके बाद उन्होंने इसका अभ्यास करना शुरू किया और अब तक वह कई पुरस्कार जीत चुके है। पिछले सप्ताहांत ईश्वर ने 12-14 वर्ष की श्रेणी में यूरोप कप 2023 जीता था। यूरोप कप, माल्मो में स्वीडिश योग स्पोर्ट्स फेडरेशन के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय योग स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित किया गया था। ईश्वर के परिवार ने एक बयान में कहा, ईश्वर में विशेष रूप से खास जरूरत वाले बच्चों के बीच योग का संदेश फैलाने का बहुत जुनून है। ईश्वर ऑटिज्म और अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर से पीड़ित है। ईश्वर ने कोरोनोवायरस महामारी के वक्त लॉकडाउन के दौरान 14 देशों के 40 बच्चों को रोजाना योग की कक्षाएं दी, जिसकी वजह से तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने उन्हें पॉइंट्स ऑफ लाइट पुरस्कार से सम्मानित किया था। जॉनसन ने जून 2021 में शर्मा को लिखे एक पत्र में कहा था, आपने लॉकडाउन के दौरान विश्व स्तर पर सैकड़ों बच्चों को योग करना सिखाया। मैं विशेष रूप से यह सुनकर काफी प्रेरित हुआ कि आपने खास जरूरत वाले बच्चों को योग का आनंद लेने और उत्कृष्टता हासिल करने में कैसे उनकी मदद की।

नाबालिगों-महिलाओं को छोड़े जाने पर फलस्तीनी खुश

वेस्ट बैंक। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते के तहत इजराइली जेलों से रिहा हुए तीन दर्जन से ज्यादा फलस्तीनियों का शुक्रवार को वेस्ट बैंक पहुंचने पर जबरदस्त तरीके से स्वागत किया गया। रिहा किए गए कैदियों में कुछ को छोटे अपराधों के लिए और कुछ को हमलों के लिए दोषी ठहराया गया था। इन सभी कैदियों को यरूशलम के बाहर एक जांचचौकी पर रिहा किया गया, जहां भारी संख्या में फलस्तीनी लोग एकत्रित हुए थे। इन लोगों ने नारे लगाएं, तालियां बजाईं और हाथ हिलाएं। रिहा किए गए कैदियों में पंद्रह युवक स्तब्ध दिखाई दे रहे थे। मैले कपड़े पहने, थकावट से चूर ए युवक रिहा होने के बाद जब अपने-अपने पिता से मिले तो उनके कंधों पर सिर रखकर रोते हुए दिखाई दिए। रिहाई का समय रात का था लेकिन आतिशबाजी की वजह से आसमान अलग-अलग रंगों से पटा हुआ दिखाई दिए वहीं देशभक्ति के संगीत ने माहौल को और खुशनुमा बना दिया। रिहा किए गए कैदियों में से कुछ ने फलस्तीनी झंड़ों को हाथ में लिया हुआ था तो कुछ ने हमास के हरे झंड़ों को अपने कंधों पर लिया हुआ था। जांचचौकी से बाहर निकलने के बाद उन्होंने जीत का संकेत दिया। रिहा हुए कैदियों में एक 17 साल का लड़का जमाल बाहमा भी था, जो उस दौरान धक्का-मुक्की कर रहे पत्रकारों और नारे लगाते हजारों फलस्तीनी की भीड़ में कुछ कहने की कोशिश कर रहा था। जमाल ने कहा, मेरे पास शब्द नहीं है, मेरे पास शब्द नहीं है। उसने कहा, भगवान का शुक्र है। जमाल के पिता ने जब अपने बेटे को गले से लगाया तो उनकी आंखों से आंसू गिरने लगे, क्योंकि वह सात महीनों में पहली बार अपने बेटे को देख रहे थे। इजराइली बलों ने जमाल को पिछले वसंत में फलस्तीनी शहर जेरिको में उसके घर से गिरफ्तार किया था और बिना किसी सुनवाई व आरोप के उसे हिरासत में रखा हुआ था। जमाल के पिता ने कहा, मैं उसे फिर से पिता की परवरिश देना चाहता हूं। इजराइल और हमास के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम शुक्रवार को शुरू हुआ, जिसके दौरान इजराइली बंधकों और फलस्तीनी कैदियों की अदला-बदली में गाजा में 13 इजराइलियों सहित दो दर्जन बंधकों को कैद से रिहा किया गया। इजराइली बंधकों के रिहा होने के कुछ घंटों बाद इजराइल की जेलों से फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया। रिहा किए गए फलस्तीनी कैदियों में 24 महिलाएं भी शामिल थीं, जिनमें से कुछ को इजराइल के सुरक्षाकर्मियों को चाकू मारने और अन्य प्रकार के हमलों के प्रयास में कई साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

जलवायु संकट: यदि बच्चे पैदा करने की योजना है, तो कुछ बातों पर विचार करें

भाषा। लैंकेस्टर (यूके)

हमारे ग्रह पर पड़ रहे विनाशकारी प्रभाव के बारे में चेतावनियाँ और अधिक

अंतरिक्ष क्षेत्र के विकास के लिए अनावश्यक नियंत्रण हटाने की जरूरत : एस. सोमनाथ

तिरुवनंतपुरम (भाषा)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने शनिवार को कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र के विकास के लिए अनावश्यक नियंत्रण हटाए जाने की जरूरत है। उन्होंने अंतरिक्ष उद्योग में भारत की महत्वपूर्ण प्रगति का श्रेय इस क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोले जाने को भी दिया। भारत के प्रथम रॉकेट के प्रक्षेपण की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान सोमनाथ ने अंतरिक्ष क्षेत्र के विकास में निजी क्षेत्र की भूमिका को रेखांकित किया, जिसने भारत की उपग्रह निर्माण क्षमताओं को काफी बढ़ाया है।

इसरो प्रमुख ने कहा, पहले उपग्रहों, प्रक्षेपण यान और संबद्ध प्रौद्योगिकियों का विकास व उत्पादन केवल इसरो करता था। इसरो में केवल 17,000 लोग हैं और 13,000 करोड़ रुपए का बजट है। उन्होंने कहा कि भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र में अब 130 से

अधिक स्टार्टअप हैं, जिनमें से कुछ कंपनियों में 400 से 500 कर्मचारी हैं और उनका कारोबार 500 से 1,000 करोड़ रुपए है। सोमनाथ ने कहा, उनमें से कुछ इसरो की तुलना में बेहतर वेतन दे रहे हैं, और इसरो से सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों की वहां काफी मांग है। ए कंपनियां इसरो से सेवानिवृत्त होने वाले लोगों का इंतजार कर रही हैं।

इसरो प्रमुख ने कहा कि उपग्रह विनिर्माण के लिए भारत के एक उत्कृष्ट केंद्र के रूप में उभरने की संभावना है और यह इसके कारोबार में अपनी मौजूदगी बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी विकास और अंतरिक्ष विज्ञान में प्रगति ठीक है, लेकिन कारोबार महत्वपूर्ण है। वर्तमान में, पांच भारतीय कंपनियां उपग्रह विनिर्माण करने में सक्षम हैं, और उनमें से तीन ने अपने उपग्रहों का विनिर्माण और विदेशों से सफल प्रक्षेपण किया है। सोमनाथ ने कहा, हम नहीं चाहते कि उनके उपग्रह विदेशों से प्रक्षेपित किए जाएं। हम चाहते हैं कि वे हमारे प्रक्षेपण केंद्रों का उपयोग करें। हम चाहते हैं कि वे उपग्रह यहां बनाएंअ वे जो भी प्रौद्योगिकी चाहते हैं ला सकते हैं, लेकिन यहां विनिर्माण करें और यहां से उनका प्रक्षेपण करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतरिक्ष विज्ञान में निजी क्षेत्र इसरो की भूमिका को नहीं घटाता है। सोमनाथ ने कहा, इसरो अभी जो कुछ कर रहा है उसे करना जारी रखेगा।

आदित्य एल1 अंतरिक्ष यान अंतिम चरण के निकट

तिरुवनंतपुरम (भाषा)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि सूर्य का अध्ययन करने से जुड़े भारत के पहले अंतरिक्ष मिशन के तहत प्रक्षेपित आदित्य एल। अंतरिक्ष यान अपने अंतिम चरण के करीब है और एल। बिंदु में प्रवेश करने की प्रक्रिया सात जनवरी, 2024 तक पूरी होने की उम्मीद है। इसरो प्रमुख ने पहले ध्वनि रॉकेट प्रक्षेपण के 60वें वर्ष के उपलक्ष्य में विक्रम साराबाई अंतरिक्ष केंद्र में आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर पीटीआई-भाषा से कहा, आदित्य रास्ते में है। मुझे लगता है कि यह अपने अंतिम चरण में लगभग पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष यान के एल1 बिंदु में प्रवेश की अंतिम तैयारियां लगातार आगे बढ़ रही हैं।

बीआरएस का भ्रष्टाचार नाम बदलने से नहीं बदल जाता : प्रधानमंत्री

हैदराबाद(भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि टीआरएस ने अपना नाम बदलकर बीआरएस और संप्रग ने अपना नया नाम इंडिया गठबंधन कर लिया, लेकिन उनका भ्रष्टाचार और कुशासन कभी नहीं बदल सकता। तेलंगाना के कामारेड्डी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कांग्रेस के बीच समानता यह है कि वे लोगों को धोखा देने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाते हैं। उन्होंने कहा, अचानक टीआरएस (तेलंगाना राष्ट्र समिति) को बीआरएस बना दिया गया है। इसी साल संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) को इंडिया गठबंधन बना दिया गया। देश की जनता इन चालों को अच्छी तरह समझती है। मोदी ने आरोप लगाया, नाम बदलने से उनका भ्रष्टाचार, कुशासन और वोट बैंक की राजनीति का इतिहास कभी नहीं बदला जा सकता।

हैदराबाद में एक चुनावी सभा में आए लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

झूठे आरोप लगा रहा विपक्ष, लोगों को कर रहा है गुमराह: सोरेन

पाकुड़ (भाषा)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को विपक्षी दलों पर राज्य की सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार जैसे झूठे आरोप लगाने और लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। सोरेन ने कहा कि इस तरह की रणनीति उन्हीं पर उल्टी पड़ेगी क्योंकि राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार लोगों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सोरेन ने पाकुड़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, जैसे ही हमने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण की शुरुआत की, विपक्ष ने हमारी सरकार द्वारा किए गए कार्यों को बदनाम करके लोगों को गुमराह करने का अभियान शुरू कर दिया। इनका उन (विपक्षी दलों) पर ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि हम लोगों के लाभ और कल्याण के लिए काम करना जारी रखेंगे।

मुख्यमंत्री यहां आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आए थे। उनकी टिप्पणी ऐसे दिन आई है जब झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने साहेबगंज जिले में आदिवासी अधिकार रैली निकाली। रैली के बाद मरांडी ने पत्रकारों से कहा, वर्तमान झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। मुख्यमंत्री प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के नोटिस से बच रहे हैं। अगर उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है तो वह ईडी से क्यों भाग रहे हैं?

सोरेन ने पाकुड़ में अपने संबोधन में कहा कि वह ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी केंद्रीय एजेंसियों से डरते नहीं हैं। उन्होंने कहा, अगर मैंने कुछ गलत किया है तो मुझे सजा दो। प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन मामले में सोरेन को कई समन जारी किए हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री अब तक एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए हैं।

हमारे सामने एआई के नैतिक इस्तेमाल को लेकर मौलिक प्रश्न: चंद्रचूड़

बेंगलुरु (भाषा)। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि व्यक्ति की पहचान एवं सरकार द्वारा इसे दी गई मान्यता लोगों को मिलने वाले संसाधनों तथा शिकायतें करने व अपने अधिकारों की मांग करने की उनकी क्षमताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने 36वें द लॉ एसोसिएशन फॉर एशिया एंड द पैसिफिक (एलएडब्ल्यूएएसआईए) सम्मेलन के पूर्ण सत्र को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए पहचान, व्यक्ति और सरकार- स्वतंत्रता के नए रास्ते विषय पर बात की। एलएडब्ल्यूएएसआईए, वकीलों, न्यायाधीशों, न्यायविदों और कानूनी संगठनों का एक क्षेत्रीय संगठन है।

प्रधान न्यायाधीश ने इस बारे में भी बात की कि डिजिटल युग में हम कृत्रिम मेधा के कई पहलुओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एआई और व्यक्तित्व के बीच एक जटिल परस्पर संबंध है, जहां हम खुद को अज्ञात क्षेत्रों से गुजरते हुए पाते हैं, जो दार्शनिक और व्यावहारिक विचार, दोनों की मांग करते हैं। उन्होंने कहा, एआई और व्यक्तित्व के बीच संबंध पर विचार करते समय हमें इन प्रौद्योगिकियों के उपयोग से संबंधित नैतिकता के मौलिक प्रश्नों का सामना करना पड़ता है...। प्रधान न्यायाधीश ने एक मानव-रोबोट (सोफिया) का उदाहरण दिया, जिसे (सऊदी अरब में) नागरिकता प्रदान की गई थी। उन्होंने कहाकि हमें इस पर विचार करना चाहिए कि क्या सभी जीवित मनुष्य जो सांस लेते हैं और चलते-फिरते हैं, वे अपनी पहचान के आधार पर व्यक्तित्व और नागरिकता के हकदार हैं।

जाति प्रथा के बारे में बात करते हुए, प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जाति द्वारा समकालीन सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालना जारी है। इसका लचीलापन सामाजिक स्तरीकरण, आर्थिक असमानताओं और विभिन्न जाति समूहों को अवसर उपलब्ध होने के रूप में स्पष्ट है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि क्षेत्र में जाति की स्थिति धार्मिक संबद्धताओं से आकार नहीं लेती है। उन्होंने कहा, जटिल जाति व्यवस्था न केवल ऐतिहासिक

असमानता की प्रतिक्रिया है, बल्कि स्थापित सामाजिक संरचनाओं को बाधित करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में कार्य करती है।

न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा आयोग की रिपोर्ट सहित विभिन्न रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यह व्यापक दुर्व्यवहार की ओर ध्यान आकर्षित करता है, जिसका सामना हाशिए पर मौजूद लोगों के अलावा अस्पृश्यता, शिक्षा तक सीमित पहुंच और कम प्रतिनिधित्व वाले लोग करते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि ए निष्कर्ष इस जटिल क्षेत्र में गहरी जड़े जमाए भेदभाव को दूर करने के लिए सकारात्मक कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। उन्होंने कहा कि सकारात्मक कार्रवाई स्थापित व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक परिवर्तनकारी शक्ति बन जाती है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आजादी स्वयं के लिए निर्णय लेने और अपने जीवन की दिशा बदलने की शक्ति देती है।

उन्होंने कहा, जबकि सरकार और स्वतंत्रता के बीच संबंध को व्यापक रूप से समझा गया है, लेकिन पहचान और स्वतंत्रता के बीच संबंध स्थापित करने और समझाने का कार्य अभी अधूरा है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि स्वतंत्रता को परंपरागत रूप से किसी व्यक्ति के चयन करने के अधिकार में सरकार का हस्तक्षेप नहीं करने के तौर पर समझा जाता है, लेकिन समकालीन विद्वान इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि सामाजिक पूर्वाग्रहों और पदानुक्रमों को बनाए रखने में सरकार की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

ईडी ने शाइन समूह के खिलाफ धन शोधन मामले में महिला को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली (भाषा)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निवेशकों से करीब 800- 1,000 करोड़ रुपए की कथित ठगी करने को लेकर लखनऊ की एक कंपनी के खिलाफ धन शोधन की जांच के सिलसिले में शनिवार को एक महिला को गिरफ्तार किया। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि शाइन सिटी धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी राशिद नसीम की मदद करने वाली शशिबाला नाम की महिला को हिरासत में ले लिया गया है। बयान में कहा गया है कि नसीम फरार है।

बयान के अनुसार, धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामलों का निपटारा करने वाली एक विशेष अदालत ने आरोपी महिला को 30 नवंबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। एजेंसी ने कहा है कि शशिबाला अपराध से हासिल रकम को छिपाने और धन शोधन करने में नसीम की सहायता कर रही थी। नसीम की विश्वस्त शशिबाला उससे और ग्राहकों से व्हाट्सऐप के जरिए निरंतर संपर्क में थी तथा एजेंसी द्वारा छापेमारी किए जाने के समय तक धन शोधन करने में लगातार शामिल रही थी। लखनऊ वाराणसी, मुंबई और दिल्ली में 18 स्थानों पर शुक्रवार को एजेंसी के छापेमारी करने के बाद यह कार्वाई की गई। यह छापेमारी शाइन सिटी के लिए काम करने वाले एजेंटों के आवास पर की गई। धन शोधन का यह मामला उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा नसीम और शाइन समूह कंपनी समूह के खिलाफ दर्ज करीब 250 प्राथमिकियों से उपजा है। ये प्राथमिकियां, निवेश के नाम पर लोगों से करीब 800-1,000 करोड़ रुपए कथित तौर पर जुटाने और बाद में धोखाधड़ी करने से संबद्ध है। एजेंसी की जांच में पाया गया शाइन सिटी के लिए काम करने वाले एजेंटों ने निवेशकों को प्रलोभन दिया तथा कंपनी और इसके प्रवर्तकों को अपराध से धन अर्जित करने में मदद की।

सुरंग में ऑगर मशीन फिर अटकी

सिलक्यारा में धंसी निर्माणाधीन सुरंग में ऊपर ड्रिल करने के लिए लाई गई नई मशीन

उत्तरकाशी (भाषा)। सिलक्यारा में धंसी निर्माणाधीन सुरंग में ड्रिल करने में प्रयुक्त ऑगर मशीन के ब्लेड मलबे में फंसने से काम बाधित होने के बाद दूसरे विकल्पों पर विचार किए जाने के बीच शनिवार को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ ने उम्मीद जताई कि पिछले 13 दिन से फंसे 41 मज़दूर अगले महीने क्रिसमस तक बाहर आ जाएंगे। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने शनिवार को कहा कि उत्तराखंड में सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को निकालने के लिए जारी बचाव अभियान में लंबा समय लग सकता है, क्योंकि क्षैतिज ड्रिलिंग के लिए ऑगर मशीन में बार-बार खराबी आ रही है और अब बचावकर्मी लंबवत ड्रिलिंग शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। एनडीएमए सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने कहा कि लंबवत ड्रिलिंग का काम अगले 24 से 36 घंटे में शुरू होगा। उन्होंने कहा कि ऑगर मशीन का अगला हिस्सा टूट गया है और सुरंग से उसे निकालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बचाव अभियान पूरा होने की कोई समयसीमा बताए बिना कहा, हमें धैर्य रखने की जरूरत है क्योंकि यह एक खतरनाक अभियान है... इस अभियान में लंबा समय लग सकता है। हसनैन के मुताबिक, यह बचाव अभियान हर दिन तकनीकी रूप से और जटिल होता जा रहा है।

शुक्रवार को लगभग पूरे दिन

● अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ को क्रिसमस तक श्रमिकों के निकलने की उम्मीद

ड्रिलिंग का काम बाधित रहा, हालांकि समस्या की गंभीरता का पता शनिवार को चला जब सुरंग मामलों के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स ने संवाददाताओं को बताया कि ऑगर मशीन खराब हो गई है। आस्ट्रेलियाई विशेषज्ञ डिक्स ने पत्रकारों से कहा, ऑगर मशीन का ब्लेड टूट गया है, क्षतिग्रस्त हो गया है। श्रमिकों के सुरक्षित होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ऑगर मशीन को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए हम अपने काम करने के तरीके पर पुनर्विचार कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी 41 लोग लौटेंगे। जब डिक्स से इस संबंध में समयसीमा बताने के लिए कहा गया, तो उन्होंने कहा, मैंने हमेशा वादा किया है कि वे क्रिसमस तक घर आ जाएंगे।

दरअसल, अधिकारी अब दो विकल्पों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं - मलबे के शेष 10 या 12 मीटर हिस्से में हाथ से ड्रिलिंग या ऊपर से 86 मीटर नीचे ड्रिलिंग। हाथ से ड्रिलिंग (मैनुअल ड्रिलिंग) के तहत अलग-अलग श्रमिकों के बचाव मार्ग के पहले से ही 47-मीटर हिस्से में जाकर सीमित स्थान में एक अल्प अवधि के लिए ड्रिलिंग करना और फिर किसी और को कार्यभार संभालने के लिए बाहर आना शामिल होगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुसार, यह योजनाबद्ध निकासी मार्ग में फंसे उपकरणों को बाहर लाते ही शुरू हो सकता है। लंबवत ड्रिलिंग के लिए शनिवार को मौके पर पहले से ही लाए गए भारी उपकरण लगाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने पहले कहा था कि इसमें कई सप्ताह लग सकते हैं।

हसनैन ने कहा यह प्रक्रिया अगले 24 से 36 घंटे में शुरू हो सकती है। उन्होंने संकेत दिया कि अब जिन दो मुख्य विकल्पों पर विचार किया जा रहा है उनमें से यह सबसे तेज विकल्प है। शुक्रवार को कुछ देर की ड्रिलिंग से पहले 800 मिलीमीटर चौड़े इस्पात के पाइप का 46.8 मीटर हिस्सा ड्रिल किए गए मार्ग में धकेल दिया गया था। सुरंग के ढहे हिस्से की लंबाई करीब 60 मीटर है। धामी ने संवाददाताओं को बताया कि ब्लेड के लगभग 20 हिस्से को काट दिया गया है और शेष काम पूरा करने के लिए हैदराबाद से एक प्लाज्मा कटर हवाई मार्ग से लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा होने पर मैन्युअल ड्रिलिंग शुरू हो जाएगी। चारधाम यात्रा मार्ग पर बन रही सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह गया था, जिससे उसमें काम कर रहे 41 श्रमिक फंस गए थे। तब से विभिन्न एजेंसियां उन्हें बाहर निकालने के लिए युद्धस्तर पर बचाव अभियान चला रही हैं।

विशेष राज्य के दर्जे के लिए जनसमर्थन जुटाने की कोशिश में नीतीश कुमार

मुंगेर (भाषा)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग पर बल देने के लिए अपने प्रस्तावित अभियान के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने का आह्वान किया। जदयू नेता ने कई अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के अलावा एक सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर मुंगेर जिले में एक समारोह में विशेष दर्जे की आवश्यकता को रेखांकित किया। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और जदयू अध्यक्ष व स्थानीय सांसद राजीव रंजन सिंह ललन की मौजूदगी में कुमार ने उपस्थित लोगों को बताया कि उनकी सरकार त्वरित विकास के लिए कई कदम उठाने का इरादा रखती है, जिसे विशेष दर्जे से मदद मिलेगी।

सबसे ज्यादा समय तक बिहार के मुख्यमंत्री का पद संभाल रहे मुख्यमंत्री ने कहा, विशेष दर्जे से न केवल हमारे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों को लाभ होगा, बल्कि ऊंची जातियों के गरीबों को भी फायदा होगा। केंद्र पर दबाव बनाने के लिए मैं एक अभियान शुरू करने का इरादा रखता हूं। मुझे आशा है कि आप सभी इस अभियान के समर्थन में हैं।

भीड़ से हां की गूंज सुनकर कुमार ने उन्हें खड़े होकर और हाथ उठाकर उनका संकल्प दोहराने को कहा : मैं वहां कई महिलाओं को बैठे हुए देख रहा हूं। उन सभी से अनुरोध है कि वे उठें और अभियान के समर्थन में अपने हाथ उठाएं। पिछले साल भाजपा का साथ छोड़कर विपक्षी गठबंधन इंडिया बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले कुमार ने उनकी सरकार द्वारा किए गए एक व्यापक जाति सर्वेक्षण में राज्य के एक तिहाई से अधिक लोगों के बेहद गरीबी में रहने की बात सामने आने के बाद से विशेष दर्जे की मांग फिर से दोहराई है।

मुसलमानों के लिए विशेष आईटी पार्क संबंधी केसीआर का चुनावी वादा तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं: नड्डा

भाषा। हुजूरनगर (तेलंगाना)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने शनिवार को कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव का एक विशेष धर्म के लिए एक विशेष सूचना प्रौद्योगिकी पार्क स्थापित करने संबंधी चुनावी वादा तुष्टिकरण के अलावा और कुछ नहीं है। नड्डा ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि केसीआर (मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई केंद्र सरकार की कई योजनाओं को बंद कर दिया है और कुप्रबंधन के साथ ही भ्रष्टाचार के कारण तेलंगाना में विकास रुक गया है।

अल्पसंख्यक मतदाताओं को लुभाने के लिए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष राव ने हाल में एक चुनावी रैली में कहा था कि यदि वे दोबारा सत्ता में आए तो सरकार

मुस्लिम युवाओं के लिए एक विशेष सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पार्क स्थापित करेगी।

भाजपा प्रमुख ने कहा, हैदराबाद में एक विशेष धर्म के लिए एक आईटी पार्क केसीआर का तुष्टिकरण है। हमें इसे ध्यान में रखने की जरूरत है। नड्डा ने केसीआर के शासन का जिक्र करते हुए कहा कि तेलंगाना में वर्तमान नेतृत्व ने राज्य को पीछे धकेल दिया है और केवल

● भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने के. चंद्रशेखर राव पर बोला हमला

एक परिवार प्रगति कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और बीआरएस दोनों भ्रष्ट पार्टियां हैं और एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति के कारण एक विशेष भाषा को राजभाषा बना दिया गया। नड्डा ने आरोप लगाया कि बीआरएस सरकार के एकीकृत भूमि प्रशासन पोर्टल धरणी का इस्तेमाल गरीब लोगों की जमीन हड़पने के लिए किया जा रहा है, जबकि कालेश्वरम परियोजना को केसीआर के लिए एटीएम के रूप में बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि 30 नवंबर के चुनाव के बाद भाजपा तेलंगाना में सत्ता में आती है तो वह पिछड़ी जाति के किसी नेता को मुख्यमंत्री बनाएगी।

जन्मदिन के लिए दुबई न ले जाने पर पति के मुंह पर मुक्का मारा, मौत

पुणे (भाषा)। महाराष्ट्र के पुणे में एक महिला ने अपने पति के मुंह पर कथित तौर पर मुक्का मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला अपने जन्मदिन पर दुबई नहीं ले जाने को लेकर अपने पति निखिल खन्ना से नाराज थी। उन्होंने कहा कि यह घटना शुक्रवार दोपहर वानवड़ी इलाके में हुई। पुलिस के मुताबिक, निखिल खन्ना रियल एस्टेट डेवलपर था।

वानवड़ी थाने के एक अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान पता चला कि मृतक की पत्नी रेणुका (36) का 18 सितंबर को जन्मदिन था। वह इसे मनाने के लिए दुबई जाना चाहती थी, लेकिन उसके पति ने इस मांग को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा, इसके अलावा, पांच नवंबर को उनकी शादी की सालगिरह भी थी और वह पति से अच्छे उपहार की उम्मीद कर रही थी। इसके अलावा महिला इसलिए भी परेशान थी क्योंकि वह अपने रिश्तेदार के जन्मदिन के लिए दिल्ली जाना चाहती थी, लेकिन पति से इस मांग को भी पूरा नहीं किया। इन्हीं बातों को लेकर शुक्रवार को दंपति में तीखी बहस हुई। अधिकारी ने बताया कि गुस्से में आकर महिला ने पति की नाक पर मुक्का मार दिया, जिससे काफी खून बहने लगा और वह बेहोश हो गया। उन्होंने बताया कि पड़ोसियों द्वारा सूचित किए जाने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और खन्ना को अस्पताल ले गई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसकी भी जांच की जा रही कि कहीं महिला ने किसी अन्य चीज से तो वार नहीं किया। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत की स्पष्ट वजह पता चल पाएगी। उन्होंने कहा, हमने महिला को हिरासत में ले लिया है और मामले में जांच की जा रही है।

भारतीय संविधान दिवस मनाया

बाराबंकी। श्रीराम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज ने संविधान दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सीपी सिंह थे। उन्होंने विस्तार से संविधान के मूलभूत तत्वों के बारे में बताया और सभी को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। नवल फाउन्डेशन की डॉ. अर्पिता टंडन ने छात्र-छात्राओं को मौलिक कर्तव्यों के लिए जागरूक किया। वहीं डॉ. महेंद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में नागरिकता के सिद्धांत से अवगत कराते हुए संविधान निर्माण के संघर्षों के बारे में जानकारी प्रदान की। डायरेक्टर डॉ. रोहित पी साबरन ने बहुत ही महत्वपूर्ण बिंदु संविधान का आधारभूत ढांचा तथा उसके महत्वपूर्ण अवयवों और सिद्धांत के सार्वभौमिक विकास पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहाकि भारत का संविधान दुनिया के सबसे अच्छे संविधानों में से एक है। कार्यक्रम का संचालन रजत सक्सेना ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को चांसलर पंकज अग्रवाल, प्रो. चांसलर पूजा अग्रवाल तथा वाइस चांसलर प्रो. देवेंद्र शर्मा ने बधाई दी।

गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

● दूसरा टी20 मैच आज : आस्ट्रेलिया पर एक और जीत को तैयार भारत

भाषा। तिरूवनंतपुरम

पहले मैच में औसत प्रदर्शन करने वाले भारत के युवा गेंदबाज आस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को दूसरे टी20 मैच में अपनी गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे। भारत ने विशाखापत्तनम में पहला मैच दो विकेट से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में।-0 से बढ़त बना ली थी। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को छोड़कर हालांकि बाकी भारतीय गेंदबाज आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सके। ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच और हालात बहुत अलग नहीं होंगे लिहाजा भारतीय गेंदबाजों को एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पहले मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा ने क्रमश: 10 . 25 और 12 .50 की औसत से रन दिए जबकि स्पिनर रवि बिश्नोई ने 13 .50 प्रति ओवर की औसत से रन दे डाले। टी20 प्रारूप में गेंदबाजों के लिए बहुत कुछ नहीं होता लेकिन इन तीनों की गेंदबाजी में विविधता का अभाव दिखा। भारत को श्रृंखला में बढ़त बनानी है तो इन तीनों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह असंभव भी नहीं है क्योंकि मुकेश ने विविधता के साथ ऐसा कर दिखाया है। दूसरे गेंदबाजों को भी उनके नक्शेकदम पर चलना होगा। लंबे समय बाद शीर्ष स्तर पर खेलने का कारण दिया जा सकता है लेकिन आजकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का कार्यक्रम ऐसा है कि खिलाड़ी को सदैव सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार रहना होता है। बिश्नोई को समझना होगा कि वह सिर्फ गुगली पर निर्भर नहीं रह सकते क्योंकि बल्लेबाज उन्हें भांप लेते हैं। उन्हें इसमें बदलाव करना होगा।

नाथन लियोन ने बाजबॉल का मखौल बनाया

लंदन। आस्ट्रेलियाई आफ स्पिनर नाथन लियोन ने इंग्लैंड टेस्ट टीम की आक्रमक खेल शैली बाजबॉल का मजाक बनाया है। टेस्ट क्रिकेट मे 496 विकेट ले चुके लियोन ने कहा कि उन्हे पिछले साल दोनो एशेज टेस्ट मे बाजबॉल कही नजर नही आया। लियोन दो टेस्ट खेलने के बाद चोट के कारण बाकी तीन मैच नही खेल सके थे। बाज के नाम से मशहूर इंग्लैंड के कोच ब्रेडन मैकुलम के नाम से बाजबॉल चलन मे आया है। लियोन ने चैनल 7 के एक कार्यक्रम मे कहा , बाजबॉल के खिलाफ हमे 2 . 0 से बढत मिली थी तो मै खुश हूं। यह बकवास है जिस तरह का क्रिकेट इंग्लैंड खेलना चाहता है। अब तो यह शब्दकोष मे भी है।

रिंकू से मैच फिनिश करने की कला सीख रहा हूं: तिलक

तिरुवनंतपुरम। तिलक वर्मा ने रिंकू सिंह से एक सत्र पहले आईपीएल में अपनी छाप छोड़ दी थी लेकिन हैदराबाद का यह युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के अपने साथी से टी20 के करीबी मैचों को फिनिश (मैच का सकारात्मक अंत) करने कि कला सीखना चाहता है। रिंकू ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने संक्षिप्त करियर में अपनी क्षमता का अच्छा परिचय दिया है। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलने वाले बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इस टी20 टूर्नामेंट में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नाथन एलिस की नोबॉल के कारण रिंकू सिंह का विजई छक्का नहीं गिना गया लेकिन उनकी डेथ ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी करने की सभी ने सराहना की। भारत ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को दो विकेट से हराया था। तिलक ने पांच मैच की श्रृंखला के दूसरे मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मैच को कैसे फिनिश करना है इसकी कला मैं रिंकू से सीख रहा हूं क्योंकि वह भारत की तरफ से लगातार ऐसा कर रहा है।

चाहर-हुड्डा के खेल से राजस्थान जीता

● हजारे ट्राफी: गुजरात को पांच विकेट से हराया

भाषा। चंडीगढ़

दीपक चाहर (41 रन पर छह विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद दीपक हुड्डा की 76 रन की पारी के दम पर राजस्थान ने विजय हजारे ट्रॉफी राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट के ग्रुप डी मैच में शनिवार को यहां गुजरात को पांच विकेट से शिकस्त दी। चाहर की कातिलाना गेंदबाजी के सामने गुजरात की टीम 29 ओवर में 128 रन पर आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते समय राजस्थान 18 रन पर चार विकेट गंवाकर मुश्किल में था लेकिन हुड्डा ने 79 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के जड़ति पारी से टीम की जीत सुनिश्चित की। राजस्थान ने 28 ओवर में पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल किया। ग्रुप के एक अन्य मैच में उत्तर प्रदेश ने हिमाचल प्रदेश को 13 ओवर बाकी रहते सात विकेट से शिकस्त दी। कार्तिक त्यागी (46 रन पर तीन विकेट) और भुवनेश्वर कुमार (36 रन पर एक विकेट) की गेंदबाजी के सामने हिमाचल की टीम 50 ओवर में 276 रन पर आउट हो गई। उत्तर प्रदेश ने स्वास्तिक (117), प्रियम गर्ग (74) और नीतीश राणा (नाबाद 42) की बेहतरीन बल्लेबाजी से महज 37 ओवर में तीन विकेट पर 277 रन बनाकर जीत दर्ज की। केरल की टीम को सचिन बेबी (104) और संजू सैमसन (55) की बेहतरीन पारियों बावजूद अलूर में ग्रुप ए के बारिश से प्रभावित मैच में मुंबई के खिलाफ वीजेडी प्रणाली से आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। केरल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.1 ओवर में 231 रन बनाए। मुंबई को वीजेडी प्रणाली से जीत के लिए 30 ओवर में 159 रन का लक्ष्य मिला जिसे टीम ने दो विकेट के नुकसान पर 24.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। टीम के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 47 गेंद में 57 जबकि कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 20 गेंद में नाबाद 34 रन की पारी खेली। दिल्ली को अहमदाबाद में ग्रुप सी के मैच में मिजोरम को आठ विकेट से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। लेग स्पिनर सुयश शर्मा के चार विकेट से टीम ने मिजोरम की पारी को 128 रन पर खत्म करने के बाद महज 17 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए हिम्मत सिंह ने 43 गेंद में 52 जबकि आयुष बडोनी ने 24 गेंद में 45 रन की तेज तर्रार पारी खेली। इसी ग्रुप के एक अन्य एकतरफा अन्य मैच में हरियाणा ने बिहार को 10 विकेट से रौंदा।

पीएसजी की मोनाको पर 5-2 से जीत में एमबापे का गोल

पेरिस। स्टार स्ट्राइकर काइलियान एमबापे ने लीग। (फ्रांस की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) के मौजूदा सत्र मे अपना 14वां गोल किया जिससे पेरिस सेट जर्मेन (पीएसजी) ने लीग तालिका मे तीसरे स्थान पर काबिज मोनाको को 5-2 से शिकस्त देकर तालिका मे शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। गोनालो रामोस ने मैच के 18वे मिनट मे पीएसजी को बढ़त दिलाई लेकिन गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा की गलती का फायदा उठाते हुए ताकुमी मिनामिनो ने मोनाको के लिए बराबरी का गोल किया।

हॉलैंड ने सबसे कम मैच में 50 गोल करके नया रिकॉर्ड बनाया

मैनचेस्टर। मैनचेस्टर सिटी के स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड ने शनिवार को इंग्लिश प्रीमियर लीग मे सबसे कम मैचो मे 50 गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया। नॉर्वे के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने लिवरपूल के खिलाफ सिटी की तरफ से पहला गोल किया जो उनका प्रीमियर लीग मे 50 वां गोल था। उन्होने यह गोल खेल के 27वे मिनट मे किया। हॉलैंड ने यह उपलब्धि 48 मैच मे हासिल की। उन्होने मैनचेस्टर यूनाइटेड और न्यूकासल के पूर्व स्ट्राइकर एंडी कोल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होने 65 मैच मे 50 गोल किए थे। हॉलैंड का इस सत्र मे सभी प्रतियोगिताओ मे यह 20 मैच मे 18वां गोल है। पिछले सत्र मे उन्होने सिटी की तरफ से 52 गोल किए थे जिससे उनकी टीम प्रीमियर लीग, चैपियंस लीग और एफए कप जीतने मे सफल रही थी।

जील का स्वप्निल सफर जारी फाइनल में भिड़ेंगी रश्मिका से

बेंगलुरु। गैर वरीय भारतीय खिलाड़ी जील देसाई ने अपना स्वप्निल सफर जारी रखते हुए शनिवार को यहां तीसरी वरीय और एशियाई खेलो की मिश्रित युगल स्वर्ण पदक विजेता स्तुजा भोसले को हराकर आईटीएफ महिला विश्व टेनिस टूर के फाइनल मे जगह बनाई। जील ने हमवतन स्तुजा पर 3-6 6-4 7-5 से जीत दर्ज की और अब फाइनल मे उनका सामना रश्मिका भामीदिपति से होगा। रश्मिका ने थाईलैंड की दूसरी वरीय खिलाड़ी लानलाना तारास्टी को 6-2 6-। से हराकर उलटफेर किया। वही युगल स्पर्धा का खिताब इटली की डिलेटा चेस्बिनी और जर्मनी की एंटोनिया शिमिट की जोड़ी के नाम रहा जिन्होने फाइनल मे थाईलैंड की पुनिन कोवापिटुकटेड और अन्ना यूरेके की चौथी वरीय जोड़ी को 4-6 7-5 10-4 से पराजित किया।

ओम प्रकाश चौहान ने साल का तीसरा खिताब जीता

डिगबोई। गोल्फर ओम प्रकाश चौहान ने शनिवार को यहां अंतिम दौर मे चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर सचिन बेसोया को एक शॉट से पछाड़कर इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स खिताब अपने नाम किया। यह उनका साल का तीसरा खिताब है। उन्होने 80 लाख रुपए पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट मे कुल 18 अंडर 270 का स्कोर बनाया। चौहान को इस खिताब जीतने के लिए 12 लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली। इससे उन्हे पीजीटीआई मे सत्र की कमाई मे नया रिकॉर्ड बनाने मे मदद मिली। ओपी के नाम से मशहूर चौहान के सत्र की कमाई 96,41,659 रुपए हो गई है। उन्होने टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग मे बढ़त हासिल की जिससे वह मनु गंडास के 2022 के पिछले सत्र की 88,50,688 रुपए की कमाई के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने मे सफल रहे।

मेहुली और साव की जोड़ी ने एयर राइफल मिश्रित टीम स्वर्ण पदक जीता

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष और अभिनव साव ने शनिवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप मे 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम खिताब अपने नाम किया जबकि हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर रही सरबजोत सिंह और पलक की जोड़ी ने मिश्रित टीम एयर पिस्टल का स्वर्ण पदक अपनी झोली मे डाला। कर्णी सिंह रेंज मे राइफल स्पर्धाएं खेली जा रही है

सात्विक और चिराग की जोड़ी फाइनल में

● चीन मास्टर्स बैडमिंटन

भाषा। शेनझेन

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां ही जी टिंग और रेन जियांग यू की चीनी जोड़ी को हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में प्रवेश किया। पिछले साल फ्रेंच ओपन में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व सुपर 750 खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी ने चीन की जोड़ी पर 50 मिनट तक चले सेमीफाइनल मैच में 21-15 22-20 से जीत दर्ज की। सात्विक और चिराग का फाइनल में मुकाबला चीन की ही एक अन्य जोड़ी से होगा। दूसरा सेमीफाइनल चीन की दो जोड़ियों चेन बो यांग और लियू ई तथा दूसरी वरीयता प्राप्त लियांग वेई केंग और वांग चांग के बीच होगा। सेमीफाइनल मैच में कुछ आकर्षक रेलियां देखने को मिली। दोनों जोड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया लेकिन वह भारतीय जोड़ी थी जिसका आक्रमण दमदार था। पिछले सप्ताह जापान मास्टर्स का खिताब जीतने वाली ही और रेन की विश्व में 50वें नंबर की जोड़ी ने दूसरे गेम में अच्छा खेल दिखाया लेकिन सात्विक और चिराग ने अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल करके उन्हें वापसी नहीं करने दी। यह दोनों जोड़ियां पहली बार एक दूसरे का सामना कर रही थी। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में 6-2 और फिर 10-4 से बढ़त बनाकर चीन की जोड़ी को दबाव में ला दिया। सात्विक और चिराग की जोड़ी इंटरवल तक भी 11-6 से आगे थी। चीन की जोड़ी ने इसके बाद वापसी करके स्कोर 10-12 कर दिया, लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी ने बेहतरीन खेल दिखाकर लगातार छह अंक बनाकर 18-10 की मजबूत बढ़त हासिल की। इसके बाद उसने सात गेम प्वाइंट हासिल किए और तीसरे मौके पर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी दोनों टीम ने शानदार खेल दिखाया लेकिन एक समय चीन की जोड़ी 4-3 से आगे थी। इसके बाद भी उसने अपनी बढ़त बनाए रखी और इंटरवल तक वह 11-8 से आगे थी। सात्विक और चिराग ने फिर से बेहतरीन खेल नजारा पेश किया और स्कोर 13-13 से बराबर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखा तथा पहले 18-16 और फिर 19-17 से दो अंक की बढ़त बनाई। रेन का शॉट नेट पर लगने से भारतीय जोड़ी ने दूसरे मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज की। सात्विक और चिराग के लिए यह वर्ष शानदार रहा है। उन्होंने इस साल एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप, इंडोनेशिया सुपर 1000, कोरिया सुपर 500, स्विस सुपर 300 और एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता। बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर को छह वर्गों में विभाजित किया गया है। इनमें विश्व टूर फाइनल्स, चार सुपर 1000, छह सुपर 750, सात सुपर 500 और 11 सुपर 300 टूर्नामेंट शामिल हैं। एक अन्य टूर्नामेंट बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 है और इसमें भी रैंकिंग अंक मिलते हैं। इनमें से प्रत्एक टूर्नामेंट में अलग रैंकिंग अंक और पुरस्कार राशि मिलती है। सबसे अधिक रैंकिंग अंक और पुरस्कार राशि सुपर 1000 टूर्नामेंट में मिलती है।

उदय सहारन करेंगे अंडर-19 एशिया कप में भारत का नेतृत्व

मुंबई। उदीयमान बल्लेबाज उदय सहारन संयुक्त अरब अमीरात में 8 दिसंबर से शुरू होने वाले एसीसी पुरुष अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में मौजूदा चैंपियन भारत की अगुवाई करेंगे। पंजाब के 19 वर्षीय क्रिकेटर सहारन पिछले कुछ समय से चयनकर्ताओं का ध्यान खींच रहे थे। पिछले साल एंटीगा में अंडर-19 विश्व कप के दौरान जब भारतीय टीम कोविड की चपेट में आ गई थी, तब उन्हें बैकअप खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल किया गया था। सौम्य कुमार पांडे को 15 सदस्ईय टीम का उप कप्तान नियुक्त किया गया है। अंडर-19 एशिया कप में भारतीय टीम आठ बार की चैंपियन है और इस तरह से वह इस प्रतियोगिता की सबसे सफल टीम है। भारत को पाकिस्तान, अफगानिस्तान और नेपाल के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। भारतीय टीम अपना पहला मैच 8 दिसंबर को आईसीसी अकादमी ओवल एक में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच बहु प्रतीक्षित मैच इसी स्थल पर 10 दिसंबर को खेला जाएगा।

भारत के मध्यक्रम को करो या मरो की सोच के साथ खेलना चाहिए था : अकरम

मुंबई। पाकिस्तान के महान क्रिकेटर वसीम अकरम ने अहमदाबाद मे पिछले रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल मे भारत को मिली हार के लिए उसके मध्यक्रम के जज्बे की कमी को जिम्मेदार ठहराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर मे 240 रन बनाए जिसमे कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (47) और विराट कोहली (54) ने शीर्ष क्रम मे अच्छा प्रदर्शन किया जबकि मध्यक्रम मे केएल राहुल ही सफल रहे जिन्होने 107 गेंद मे 66 रन बनाए। इस परिस्थिति का आकलन करते हुए अकरम का मानना है कि भारत के पुछल्ले खिलाड़ियों की लंबी सूची होने से केएल राहुल बेखौफ बल्लेबाजी नही कर सका। लेकिन मध्यक्रम को करो या मरो की सोच से खेलना चाहिए था। अकरम ने स्टार स्पोटर्स से कहा , मुझे लगता है कि मध्यक्रम को करो या मरो की सोच के साथ खेलना चाहिए था। मै समझ सकता हूं कि राहुल के दिमाग मे क्या चल रहा था। (रविंद्र) जडेजा के बाद कोई बल्लेबाज नही था और उसे जोखिम लिए बिना टिककर खेलना था। फाइनल मे भारत को हरफनमौला हार्दिक पंड्या की कमी खली जो मध्यक्रम को संतुलन देते है। हार्दिक टीम मे होता तो राहुल जोखिम ले सकता था।

जडेजा के बाद कोई नहीं होने से बेखौफ बल्लेबाजी नहीं कर सका राहुल

मुंबई। पाकिस्तान के महान क्रिकेटर वसीम अकरम का मानना है कि भारत के पुछल्ले खिलाड़ियो की लंबी सूची होने से केएल राहुल बेखौफ बल्लेबाजी नही कर सका और विश्व कप फाइनल मे भारत की हार का यह भी एक कारण रहा। अगर मुझे कोई एक कारण चुनना हो तो मुझे लगता है कि मध्यक्रम को करो या मरो की सोच के साथ खेलना चाहिए था। मै समझ सकता हूं कि राहुल के दिमाग मे क्या चल रहा था। जडेजा के बाद कोई बल्लेबाज नही था और उसे जोखिम लिए बिना टिककर खेलना था।

सूर्यकुमार पर हावी होना बेहद मुश्किल: बेहरेनडोर्फ

तिरुवनंतपुरम। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ की हमेशा कोशिश रहती है कि वह सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों से एक कदम आगे रहे लेकिन उन्होने स्वीकार किया कि ऐसा करना अक्सर मुश्किल होता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले टी20 मैच मे बेहरेनडोर्फ ऑस्ट्रेलिया के अकेले गेदबाज थे जिन्होने बल्लेबाजो को खुलकर नही खेलने दिया। उन्होने चार ओवर मे 25 रन देकर एक विकेट लिया। भारत ने 209 रन का लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला मे शुरुआती बढ़त बनाई थी। इस मैच मे सूर्यकुमार और किशन ने अर्धशतक लगाए थे। बेहरेनडोर्फ से पूछा गया कि वह मुंबई इंडियंस के अपने इन साथियो पर अंकुश लगाने के लिए क्या रणनीति अपनाएंगे, उन्होने मजाकिया अंदाज मे कहा, मै किसी दूसरे को गेद सौप दूंगा।

स्लम गोल्फ सीरीज़ पोस्टर जारी

मुंबई। एमज़ॉन मिनीटीवी के बेसब्री से इंतज़ार की जाने वाली स्पोर्ट्स ड्रामा सीरीज़ स्लम गोल्फ ने चेंबूर जहाँ स्लम गोल्फ़के सिलसिले की शुरूआत हुई थी और जिसके बारे में अंतरराष्ट्रीय सर्किट में भी बाज़ार गर्म था, उसके बीचो-बीच 35000 वर्गफुट के पोस्टर लगाकर दर्शकों के बीच एक बहुत बड़ी हलचल पैदा कर रही है। सच्ची कहानियों से प्रेरित स्लम गोल्फ में शरद केलकर मयूर मोरे और अर्जन औजला अहम क़िरदारों में हैं। पोस्टर पेश करने के इस अनूठे तरीके के साथए अपनी ज़िंदगी में बड़े-बड़े सपने देखने और उन सपनों को पूरा करने के जुनून पर बने इस दिलक़श ड्रामा के लॉन्च के मौके पर झुग्गीयों के एक बड़े से हिस्से का इस्तेमाल किया गया था। ऐसा किसी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म द्वारा पहली बार किया गया है। एमज़ॉन मिनीटीवी ने झुग्गी-झोपड़ी में अब तक की इस सबसे बड़ी ब्रांडिंग के साथ एक इतिहास रच दिया है। स्लम गोल्फदर्शकों के बीच बेसब्री पैदा कर रहा है और एक नई सोच के साथ दर्शकों के दिलों पर अपना असर छोड़ रहा है। यह सीरीज़ एक युवा जुनूनी लड़के पवन के सफ़र पर आधारित है जो एक प्रो गोल्फ़र बनना चाहता हैए जबकि वह पास की झुग्गियों का रहने वाला है और उसके पास अपने सपनों को पूरा करने का कोई साधन नहीं है, यह सीरीज़ ख़ास तौर पर एमज़ॉन मिनीटीवी पर निःशुल्क स्ट्रीम की जा रही है। टेम्पल बेल्स फिल्म्स द्वारा निर्मित और सुजय डहाके द्वारा निर्देशित, स्लम गोल्फख़ास तौर पर एमज़ॉन मिनीटीवी पर स्ट्रीम हो रहा है।

विश्व कप फाइनल की हार के बाद प्रधानमंत्री का हमें सांत्वना देने आना बड़ी बात थी: सूर्यकुमार

तिरुवनंतपुरम। भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने विश्व कप फाइनल मे मिली हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादाई शब्दो के लिए शनिवार को उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टीम अगले साल टी20 विश्व कप मे इसी जज्बे के साथ खेलना जारी रखेगी। भारत पिछले रविवार को विश्व कप फाइनल मे आस्ट्रेलिया से छह विकेट से हार गया जिससे वनडे विश्व कप मे उसका 12 साल बाद ट्राफी जीतने का सपना भी टूट गया था। इस हार के बाद प्रधानमंत्री मोदी खिलाड़ियो को सांत्वना देने के लिए टीम के ड्रेसिंग रूम पहुंच गए थे। सूर्यकुमार इस समय आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचो की टी20 श्रृंखला मे टीम की अगुआई कर रहे है। उन्होने कहा, विश्व कप फाइनल के तुरंत बाद हम ड्रेसिंग रूम मे बैठे थे और तभी हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ड्रेसिंग रूम मे आ गए, उन्होने हम सभी को प्रेरणादाई शब्द कहे। वह हर खिलाड़ी से मिले और हमसे आगे बढ़ने की बात की जैसा कि खेल मे होता है और हमे आगे बढ़ना ही होगा। हमे इस हार को भुलाने मे कुछ समय लगेगा लेकिन उनका पांच-छह मिनट तक सभी से प्रेरक शब्द कहना और हमसे मुलाकात करना बड़ी चीज है क्योंकि वह देश के प्रधानमंत्री है।

घरेलू मुख्य कोचों के लिए क्रेग फुल्टोन का कोचिंग सत्र

चेन्नई। भारतीय पुरूष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने 13वी सीनियर पुरूष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप मे भाग ले रही सदस्य ईकाइयो के मुख्य कोचो के लिए एक कोचिंग सत्र आयोजित किया। यह सत्र यहां मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम पर शुक्रवार को आयोजित किया गया। इससे कोचो को एक दूसरे का ज्ञान और अनुभव बांटने का मौका मिला। फुल्टोन ने यहां जारी एक विज्ञप्ति मे कहा , मै घरेलू कोचो से बात करके बहुत संतुष्ट हूं। हमने आपसी चर्चा से बहुत कुछ सीखा। कोचिंग का स्तर लगातार बेहतर करते रहने की जरूरत है। इससे खिलाड़ियो को भविष्य के लिए खुद को तैयार करने मे काफी मदद मिलेगी।

पहलवानों को ओलंपिक टिकट के लिए दो चरण वाली चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय कुश्ती दल को दो चरण वाली चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा जिसमे कोटा स्थान अर्जित करने वाले पहलवान को जून मे चैलेंजर से भिड़ना होगा और इस मुकाबले के विजेता को चार साल मे होने वाले खेल आयोजन मे देश के प्रतिनिधित्व का मौका मिलेगा। विश्व चैंपियनशिप मे कांस्य पदक विजेता अंतिम पंघाल (महिला 53 किग्रा वर्ग मे) ने ही अब तक देश के लिए कोटा स्थान अर्जित किया है लेकिन ओलंपिक मे उनकी भागीदारी का पता एक जून को ही चलेगा। अंतिम को एक जून को ट्रायल स्पर्धा की विजेता से भिड़ना होगा। अंतिम को ओलंपिक टिकट पाने के लिए अपनी प्रतिद्वंद्वी विनेश फोगाट से भिड़ना पड़ सकता है।

हरमनप्रीत के दो गोल से पंजाब सेमीफाइनल में कर्नाटक से भिड़ेगा

● राष्ट्रीय हॉकी

भाषा। चेन्नई

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से पंजाब ने शनिवार को यहां मणिपुर को 4-2 से हराकर हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिसमें उसका सामना कर्नाटक से होगा। दूसरा सेमीफाइनल सोमवार को हरियाणा और तमिलनाडु के बीच खेला जाएगा। उत्तराखंड के खिलाफ पिछले मैच में हैट्रिक लगाने वाले हरमनप्रीत ने 31वें और 51वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए। भारतीय फॉरवर्ड सुखजीत सिंह (20वें मिनट) और प्रदीप सिंह (छठे मिनट) ने भी टीम के लिए गोल दागे। मणिपुर के लिए कप्तान चिंगलेनसाना सिंह ने 36वें और ऋषि युमनाम ने 45वें मिनट में गोल किए। शनिवार को दूसरे क्वार्टरफाइनल मैच में कर्नाटक ने झारखंड को 4-। से शिकस्त दी जिसमें हरीश मुतागर ने 46वें और 49वें मिनट में, कप्तान शेशे गौड़ा ने 23वें मिनट और लिखित बेम ने 32वें मिनट में गोल किए। झारखंड के लिए सांत्वना गोल दिलबर बार्ला ने 39वें मिनट में किया। एक अन्य मैच में तमिलनाडु ने वापसी करते हुए उत्तर प्रदेश पर 3-2 से रोमांचक जीत हासिल की।

स्टार शटलरों के मुकाबले का गवाह बनेगी राजधानी

● मोदी बैडमिंटन 28 नवंबर से 3 दिसंबर तक

लखनऊ। नवाबों के शहर की पहचान बन चुके सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 की तैयारी पूरी हो चुकी है। गोमती नगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में होने वाले इस चैपियनशिप के मुकाबले 28 नवंबर से 3 दिसंबर 2023 तक खेले जाएंगे। इस चैपियनशिप में खिलाड़ियों के मध्य कुल 2,10,000 अमेरिकी डालर ;1,80,000 रुपएद्ध की ईनामी राशि का वितरण होगा। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास और अध्यक्ष डा.नवनीत सहगल के अनुसार एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 के तौर पर होने वाले इस चैपियनशिप में 28 नवंबर को क्वालीफ इंग मुकाबले खेले जाएंगे। इसी दिन शाम 4 बजे से मुख्य ड्रा के मुकाबलों की शुरुआत हो जाएगी। इस टूर्नामेंट में दर्शकों को निरूशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। सभी इवेंट में 8 क्वालीफाइंग मैच खेले जाएंगे। इस चैपियनशिप में 18 देशों के 250 खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिसमें भारत सहित चीन, जापान,मलेशिया, डेनमार्क, ताइवान, थाईलैंड, जर्मनी, इंग्लैंड, इंडोनेशिया, सिंगापुर, इजरायल, कजाखिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, श्रीलंका, पोलैंड, ईरान आदि देशों के खिलाड़ी शामिल है। इन खिलाड़ियों में कई शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी भी चुनौती पेश करेंगे। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव सुधर्मा सिंह ने बताया कि चैपियनशिप का उद्घाटन 28 नवंबर को सुबह 10 बजे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और खेल राज्य मंत्री. स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव विशिष्ट अतिथि होंगे।

जेएल शर्मा इलेवन ने जीती अंडर-14 हाकी

● रामऔतार मिश्रा स्मारक हाकी फाइनल में मो. शाहिद इलेवन को हराया

लखनऊ। स्व रामऔतार मिश्रा स्मारक अंडर-14 हाकी का फाइनल में जेएल शर्मा इलेवन ने मो. शाहिद इलेवन को हराकर खिताबी जीत हासिल की। खिताबी मैच में जेएल शर्मा इलेवन ने मो. शाहिद इलेवन को 1-0 से हरा दिया। आईपीएस सुनील कुमार सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार बांटे। इस अवसर पर पूर्व हॉकी खिलाड़ी सैयद अली, सुजीत कुमार, संजय तिवारी समेत कई लोग उपस्थित रहे। आयोजक सचिव राकेश टंडन आभार व्रूक्त किया जबकि संचालन खुर्शीद अहमद ने किया।

नेहरू हाउस ने 545 अंकों से बनाया दबदबा

● हार्नर कालेज के वार्षिक खेल-कूद दिवस

● सुहाना गुप्ता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

लखनऊ। नेहरू हाउस ने हार्नर कालेज के वार्षिक खेल-कूद दिवस समारोह में विभिन्न खेलों की स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन के सहारे ओवरऑल विजेता ट्रॉफ ी जीत ली। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित समारोह में नेहरू हाउस 545 अंकों के साथ सबसे आगे रहा। दूसरी ओर कड़ी प्रतिस्पर्धा में दो अंक से पिछड़े गांधी हाउस ने 543 अंकों के साथ उपविजेता ट्रॉफी हासिल की। इस अवसर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सुहाना गुप्ता ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। समारोह में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल विजय कुमार मिश्रा, सीओ 25 यूपी बटालियन, एनसीसी शाहजहाँपुर, एलुमिनाई हॉर्नर कॉलेज एवं अति विशिष्ट अतिथि फैज़ान उस्मानी निदेशक एलेन कूपर सुपरहाउस, एलुमिनाई हॉर्नर कॉलेज ने पुरस्कार वितरित किए। अतिथिगण का स्वागत कालेज की प्रधानाचार्या डा.माला मेहरा ने किया। इससे पूर्व ध्वजारोहण एवं मशाल प्रज्जवलन के साथ समारोह की शुरुआत हुई। इस दौरान मुख्य आर्कषण ताइक्कांडो प्रदर्शन एवं ग्रैंड फिनाले रहा जिसके माध्यम से चंद्रयान की सफलता का जश्न रहा। वहीं बच्चों ने फ्लैग मार्चए बॉल ड्रिल, पाइलट पीटी, ड्रिल, पिरामिड, ऐरोबिक्स, योगा, प्लांट लाइफ साइकिल ड्रिल, फ्लैग ड्रिल आदि प्रस्तुत किया। इसके अलावा बच्चों के लिए फ्लि द बकेट रेसएबलून वाडेल रेस, व्हील बैरो रेस, स्किपिंग रेस, 100 मीटर रेस, रिले रेस त